नई दिल्ली

नई दिल्ली, सोमवार 19 अगस्त 2019

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 23, अंक : 152
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00 *

**मौसम**
अधि. 28.1
न्यून. 21.7

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

13 विश्व चैंपियनशिप में सिंधू की स्वर्ण पर नजर



विचार पेज
08 विसंगतियों से बाहर आए पाक




## खबर संक्षेप

### हिमा और अनस ने जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष फर्राटा धावकों हिमा दास और मोहम्मद अनस ने चेक गणराज्य में ऐथलेटिकी मिटिनेक रीटर स्पर्धा में क्रमशः पुरुष और महिला 300 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। दो जुलाई से यूरोपीय स्पर्धाओं में यह हिमा का छठा स्वर्ण पदक है। इस स्पर्धा में हालांकि अधिकांश बड़े नामों ने हिस्सा नहीं लिया। हिमा ने शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने के बाद ट्वीट किया कि चेक गणराज्य में आज ऐथलेटिकी मिटिनेक रीटर 2019 में 300 मीटर स्पर्धा में शीर्ष पर रही।' दूसरी तरफ अनस ने पुरुष 300 मीटर दौड़ 32.41 सेकंड के समय के साथ जीती।

### भारत विरोधी नारे लगा रहे प्रदर्शनकारियों से भिड़ीं शाजिया



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता शाजिया इल्मी दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में पाकिस्तान के समर्थकों से भिड़ गईं। घटना के एक वीडियो में पाकिस्तान का झंडा लिए कुछ लोग भारत विरोधी नारे लगा रहे थे। कुछ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय होने पर कोई अपमानित करे तो शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराना अनिवार्य है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि शाजिया ने बहादुर भारतीय होने का फर्ज निभाया। हम भारत का अपमान न सहेंगे और न ही सुनेंगे। शाजिया ने कहा कि मैं और दो अन्य नेता यूनाइटेड पीस फेडरेशन कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने सियोल गए थे।

### जम्मू-कश्मीर: अफवाहों के फैलने और कुछ घटनाओं को देखते हुए लिया गया फैसला

# एक दिन पहले शुरू की गई इंटरनेट सेवाएं फिर बंद, लगाई गई पाबंदी

**श्रीनगर।** आर्टिकल 370 खत्म होने के बाद जम्मू में फैलाई जा रही अफवाहों को रोकने के लिए रविवार को एक बार फिर पांच जिलों- जम्मू, सांबा, कठुआ, उधमपुर और रियासी में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। एक दिन पहले ही इन इलाकों में कम गति की 2जी मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बहाल किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि यह फैसला अफवाहों से बचने और इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि संबंधित अधिकारियों ने सभी इंटरनेट सर्विसेस को दोपहर बाद तत्काल बंद करने के निर्देश दिए हैं। वहीं हिंसा की कुछ घटनाओं के बाद शहर के कुछ हिस्सों में पाबंदियां कड़ी कर दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि घाटी के कई हिस्सों में रविवार को 14 वें दिन भी पाबंदियां जारी रहीं।

करीब 12 स्थानों पर किया गया प्रदर्शन



### पाक ने संघर्षविराम का उल्लंघन किया, बच्ची घायल

पाकिस्तानी सेना ने रविवार को पुंछ जिले के मेंढर सब डिवीजन में संघर्षविराम का उल्लंघन किया। इस दौरान ग्रामीणों को निशाना बनाते हुए सीमा पर बसे गांवों पर गोले दागे। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था। इसी दौरान मनकोट तहसील के एक गांव निवासी 10 साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारतीय सेना इसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए जवाबी कार्रवाई कर रही है।

### आतंकियों को अलग-थलग करने पर पुलिस दे रही ध्यान: डीजीपी

जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि यहां की पुलिस आतंकवादियों पर निरंतर दबाव बना कर उन्हें अलग-थलग करने का प्रयास कर रही है ताकि वे आम लोगों को बहका न सकें।

### दुनिया रखे भारत के परमाणु हथियारों पर नजर: इमरान

पीएम इमरान खान भारत सरकार के खिलाफ बयानबाजी को जारी रखते हुए कह कि भारत एक कट्टर हिंदू विचारधारा और नेतृत्व के कब्जे में है जैसे कि जर्मनी नाजियों के कब्जे में था और दुनिया को इसके परमाणु हथियारों पर नजर रखनी चाहिए।

### कांग्रेस ने लद्दाख को उचित तवज्जो नहीं दी, इसीलिए चीन डेमचोक में घुसा: जमयांग

संसद में अनुच्छेद 370 पर अपने जोशीले भाषण से चर्चा में आए लद्दाख से भाजपा सांसद जमयांग सेरिंग नामग्याल का मानना है कि कांग्रेस के शासन में इस क्षेत्र को रक्षा नीतियों में उचित तवज्जो नहीं दी गई और इसीलिए चीन ने डेमचोक सेक्टर तक इसके इलाके पर कब्जा कर लिया है।

### रक्षा मंत्री ने दिया बड़ा बयान

## पाकिस्तान से केवल पीओके पर बातचीत होगी: राजनाथ

**कालका (हरियाणा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत तब तक संभव नहीं है जब तक वह आतंकवाद को सहयोग देना एवं उसको बढ़ावा देना बंद नहीं करता है। सिंह ने रविवार को कहा कि अगर पाकिस्तान से बातचीत होगी तो केवल पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर होगी। विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले सिंह एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर बातचीत (पाकिस्तान के साथ) होती है तो यह पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) पर होगी न कि किसी अन्य मुद्दे पर। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान के साथ किसी तरह की वार्ता होनी है तो उन्हें आतंकवाद को सहयोग करना और प्रोत्साहित करना बंद करना होगा। रक्षा मंत्री ने सवाल किया कि हम उनसे किस मुद्दे पर बात करें और क्यों करें?



■ भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले सिंह एक सभा को कर रहे थे संबोधित

### कांग्रेस रास्ते से भटक गई है, मेरे लिए देश पहले है: हुड्डा



हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपनी ही पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधा है। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस रास्ते से भटक गई है, मेरे लिए देश पहले है। उन्होंने कहा जब सरकार कुछ अच्छा करती है तो हम उसका समर्थन करते हैं। हमारे साथियों ने अनुच्छेद 370 पर सरकार का विरोध किया। यह वह कांग्रेस नहीं है जो पहले थी। जब बात देशभक्ति और आत्मसम्मान की हो तो मैं कोई समझौता नहीं करूंगा। हुड्डा ने रविवार को रोहतक में परिवर्तन महारैली की।

## सुप्रीम कोर्ट ने एनजीटी के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के उस निर्देश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत अधिकरण ने आगरा में कूड़ा प्रबंधन और यमुना नदी में कूड़ा डाले जाने को रोकने में नाकाम रहने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को 'काम पूरा करने की गारंटी' के तौर पर 25 करोड़ रूपये जमा करने को कहा था। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता की पीठ ने एनजीटी के 29 जनवरी के आदेश के खिलाफ उप्र सरकार की एक अपील स्वीकार करते हुए यह आदेश जारी किया। पीठ ने कहा कि एनजीटी के निर्देश पर रोक लगाई जाती है। शीर्ष न्यायालय ने ठोस कूड़ा प्रबंधन के लिए एनजीटी द्वारा गठित समिति द्वारा सुझाई गई कार्य योजना पर भी अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायालय का यह आदेश उप्र सरकार की एक अपील पर आया है। गौरतलब है कि एनजीटी ने कहा था कि आगरा छावनी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सड़कों पर खुले में कूड़ा जलाया जाता है, कूड़े का ढेर लगा रहता है और नालों के जाम होने से बाढ़



### पीएम मोदी के भाषण के मुरीद हुए शत्रुघ्न

## तथ्यपरक, उम्मीद जगाने व मूल समस्याओ उठाने वाला बताया



**नई दिल्ली।** बीजेपी से कांग्रेस में गए शत्रुघ्न सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 अगस्त के दिन दिए भाषण की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी का लाल किले से दिया गया भाषण तथ्यपरक, उम्मीद जगाने वाला और देश की मूल समस्याओं को उठाने वाला है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जल संकट, सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल रोकने, क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने और जनसंख्या विस्फोट पर प्रधानमंत्री ने जो कहा उस पर तुरंत काम करने की जरूरत है। बता दें कि इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने भी पीएम मोदी के लाल किले से दिए गए भाषण की तारीफ की थी।

### कैबिनेट मंत्री गडकरी ने अधिकारियों से कहा

## गड़बड़ियां सुलझाओ नहीं तो मैं लोगों से कहूंगा धुलाई करो

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में कहा कि आज मेरे यहां आरटीओ ऑफिस की मीटिंग हुई। ऐसी ही गड़बड़ियां करते हैं। मैंने कहा कि ये 8 दिन में सुलझाओ नहीं तो मैं लोगों से कहूंगा कि कायदा हाथ में लो और धुलाई करो। लोगों को तकलीफ नहीं होना चाहिए। गडकरी लघु उद्योग भारती कन्वेंशन को संबोधित करने के लिए मौजूद थे। उन्होंने कहा- हमारे प्रधानमंत्री देश की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन की बनाना चाहते हैं। अब यह कैसे बनेगी। इसकी जिम्मेदारी हम सभी की है। देश में जब मैं मंत्री बना तो मैंने अधिकारियों से चर्चा की कि देश में कितने लघु उद्योग हैं। मोटे तौर पर 6 करोड़ लघु उद्योग हैं। 2 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है।



# हादसे के 51 साल बाद मिला विमान का हिस्सा

वायुसेना का विमान 7 फरवरी 1968 को कुल्लू जिले में रोहतांग दर्रे के ऊपर हो गया था लापता

2003 के बाद दूसरी सफलता



एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

डोगरा स्काउट्स ने एक खोजी अभियान के दौरान हिमाचल प्रदेश के बर्फीले पहाड़ों में 51 साल पहले दुर्घटनाग्रस्त हुए भारतीय वायुसेना के एएन-12 परिवहन विमान के हिस्से बरामद किए हैं। इस विमान दुर्घटना में विमान में सवार सभी 102 लोग मारे गए थे। पश्चिमी कमान ने एएन-12 बीएल-534 विमान में सवार लापता 90 से अधिक सैनिकों के पार्थिव शरीर को बरामद करने के लिए 26 जुलाई को एक अभियान शुरू किया था।

### रोहतांग दर्रे के ऊपर से हुआ था लापता

विमान जब चंडीगढ़ वायुसेना अड्डे के लिए लौट रहा था, तभी रोहतांग दर्रे के ऊपर लापता हो गया था। उसके बाद से ही यह अफवाह थी कि विमान शायद भटक कर दुश्मन के इलाके में चला गया और उसे वहां जबरन उतार लिया गया और सभी यात्रियों को युद्धबंदी के रूप में कैद कर दिया गया।

### अब तक मात्र पांच शव बरामद

लापता विमान का रहस्य अंततः सुलझ गया, जब 2003 में एक खोजी अभियान के दौरान ढाका ग्लेशियर के पास विमान का मलबा पाया गया। लापता विमान पर सवार एक सैनिक का पहचान-पत्र पाया गया। उसके बाद से लापता सैनिकों के शव बरामद करने के लिए कई अभियान चलाए गए, लेकिन अभी तक मात्र पांच शव ही बरामद हो पाए हैं।



# विधवा जेठानी को देवरानी ने जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हजरत निजामुद्दीन थाना इलाके में एक विधवा महिला पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जिंदा जलाने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार की है। घटना में महिला 80 फीसदी झुलस गई है। महिला का नाम यासमीन अल्वी (32) है। यासमीन का सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हातल गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने यासमीन की चार साल की बेटी के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। जानकारी के मुताबिक, यासमीन अपनी बेटी अनम के साथ मकान नंबर- 123, दूसरी मंजिल, हजरत निजामुद्दीन में रहती हैं। उनके पिता आमीर अल्वी की मृत्यु हो चुकी है। उसकी दो बहनें हैं। अनम अल्वी ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि वह अपनी दोनों बहनों के साथ शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे वह ट्यूशन पढ़ने गई थी। शाम करीब 6:30 बजे तीनों वापस घर लौटी। इसी दौरान उन्होंने अपनी मां के चिल्लाने की आवाज सुनी। वह दौड़कर अपनी मां के पास पहुंची तो उन्होंने देखा कि उसकी चाची और परिवार के अन्य सदस्य मां को जलाने की कोशिश कर रहे हैं। वे डरकर अपने-अपने में घर चले गए। अनम ने अपनी मां के ऊपर पानी डालकर आग बुझाई और फोन कर घटना के बारे में अपने रिश्तेदारों को बताया। बाद में इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। यासमीन के परिजनों का आरोप है कि घटना के पीछे यासमीन के ससुराल वालों का हाथ है। वे सभी यासमीन की संपत्ति पर कब्जा जमाना चाहते है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### मृतक के दो भाई भी घायल, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

# घर के बाहर बिस्कुट का रेपर डालने को लेकर विवाद, युवक की चाकू घोंपकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गांधी नगर थाना इलाके में शनिवार को पड़ोसी के घर के बाहर बिस्कुट का रेपर डालने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक का नाम अब्दुल साजिद (29) है। हमले में मृतक साजिद के भाई आबिद और सलमान भी घायल हैं। पुलिस ने अब्दुल के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। वहीं, आबिद और सलमान का अस्पताल में उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि शनिवार दोपहर किसी ने आरोपी आसिफ अली उर्फ शब्बू (40) के घर के बाहर बिस्कुट का रेपर डाल दिया था। इसी बात को लेकर आसिफ व उसके भाई अफसर अली उर्फ काले साजिद के



परिवार से झगड़ा करने लगे। मामला शांत हो गया। शब्बू का कहना था कि कूड़ा साजिद के परिवार ने डाला है। इसी बात को लेकर शाम के समय आरोपियों ने घर में घुसकर साजिद की हत्या कर दी, बाकी भाईयों घायल कर

**एक की तलाश जारी**

दोपहर के समय कूड़े को लेकर झगड़ा हुआ था, शाम को दोबारा हुए झगड़े में शब्बू व काले ने साजिद की चाकू घोंपकर हत्या कर दी, शब्बू को गिरफ्तार कर लिया गया है, आरोपी काले की तलाश की जा रही है।

वेद प्रकाश सूर्या,
एडिशनल डीसीपी शाहदरा

दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी शब्बू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, साजिद गली नंबर-चार, नानक बस्ती, पुराने सीलमपुर में सपरिवार रहता था। परिवार में पिता अब्दुल जाहिद, मां नूर जहां, पत्नी रुकसार वारसी, ढाई साल की बेटी आयशा, तीन भाई अब्दुल आहिद, सलमान और आबिद हैं। साजिद गांधी नगर में ही एक गारमेंट फैक्ट्री में मैनेजर थे। इनके पड़ोस में शब्बू और काले का परिवार रहता है। शनिवार दोपहर किसी ने शब्बू के घर के बाहर बिस्कूट का रेपर डाल दिया था। इसी बात को लेकर शब्बू व उसकी मां नसीमा अब्दुल साजिद के भतीजे अजहर (7) को डांटने लगे। साजिद की मां ने जब इसका विरोध किया तो शब्बू के बच्चे नूर जहां के साथ गाली-गोलच करने लगे। इसी बीच साजिद का भाई आबिद वहां पहुंचा और उन्हें रोकने लगा। आबिद ने कहा कि कूड़ा उन्होंने नहीं डाला है। लड़ाई झगड़े के दौरान शब्बू कैंची लेकर आबिद पर हमला करने लगा तो लोगों ने बीच-बचाव कराकर उनको शांत कर दिया। इस दौरान आबिद ने कई बार पीसीआर कॉल भी की। इसके बाद नूर जहां अपने बेटे आबिद व सलमान के साथ दोपहर सीमापुरी चली गई। शाम करीब 7:10 बजे वो तीनों घर आये तो उन्होंने देखा कि गली में शब्बू व उसका भाई काले खड़े थे। इससे पहले वे कुछ समझ पाते उन्होंने आबिद व सलमान पर हमला कर दिया। दोनों भागकर घर में घुसे तो शब्बू व काले चाकू व कैंची लेकर उनके घर में घुस गए। उसने दोनों भाईयों पर हमला किया। इसी बीच साजिद वहां पहुंचा और वह शब्बू व काले को घर से बाहर निकालकर दरवाजा बंद करने लगा। इसी दौरान शब्बू ने साजिद के पेट व छाती में चाकू के कई वारकर दिए। बाद में दोनों फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस आबिद, सलमान व साजिद को लेकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने साजिद को मृत घोषित कर दिया गया।

## युवक का मर्डर

**नई दिल्ली।** राजौरी गार्डन थाना इलाके में बदमाशों ने एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक का नाम उज्जाले (23) है। पुलिस को मृतक के पास से उसका पर्स, मोबाइल फोन व अन्य सामान मिला है। जिससे पुलिस आपसी रंजिश के चलते हत्या मान कर चल रही है। पुलिस मामला दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, उज्जाले, रघुवीर नगर इलाके में सपरिवार रहता था। वह पंजाबी बाग के एक रेस्टोरेंट में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ईएसआई अस्पताल के सामने मेट्रो स्टेशन के पास एक युवक पर कुछ लड़कों ने चाकू मार दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पुलिस को पता चला कि उसके पेट व सीने के आसपास चाकू के घाव थे। तलाशी लेने पर पुलिस को उसकी जेब में उसका पर्स मिला, जिसमें 751 रुपये थे, दूसरी जेब में मोबाइल फोन और व पास की एक बैग था जिसमें बिजली मरम्मत करने के औजार थे। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# रविदास मंदिर तोड़ने के विरोध में आप ने निकाला मार्च तो कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली

तुगलकाबाद स्थित संत रविदास का मंदिर तोड़े जाने का विरोध में रविवार को संत रविदास के अनुयायियों और आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाल निकाला। आप की एससी-एसटी विंग के पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने आप मुख्यालय से भाजपा के मुख्यालय तक मार्च निकाला। इन कार्यकतार्ओं के साथ संत रविदास के अनुयायी भी मौजूद रहे। ये लोग भाजपा कार्यालय का घेराव करने ही वाले थे कि उससे पहले बैरिगेटिंग करके भारी पुलिस बल ने इन्हें रोक लिया और मुख्यालय तक नहीं पहुंचने दिया। इस पर संत रविदास के अनुयायी वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे अरविंद केजरीवाल सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने मांग उठाते हुए कहा कि




■ **भाजपा ने ढहाया दलितों की आस्था का केंद्र : गौतम**

संत रविदास के मंदिर को फिर से उसी जगह स्थापित कराया जाए। इस मंदिर से करीब 40 करोड़ लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। भाजपा ने जानबूझकर 40 करोड़ दलितों की आस्था का केंद्र ढहाया है, इसके लिए दलित कभी भाजपा को माफ नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त को हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खत लिखकर मांग की थी कि मंदिर को फिर से उसी जगह स्थापित किया जाए लेकिन उस खत का कोई जवाब नहीं आया। यह बीजेपी की दलित विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। एससी- एसटी विंग के अध्यक्ष एवं निगम पार्षद कुलदीप कुमार ने कहा कि यदि राम मंदिर के निर्माण के लिए जगह नहीं बदली जा रही है तो संत रविदास मंदिर के लिए क्यों जगह बदली जाए। मंदिर को उसी जगह स्थापित किया जाए।

## 'दलितों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे'

दक्षिणी दिल्ली के तुगलकाबाद में तोड़े गए संत रविदास मंदिर के विरोध में रविवार को प्रदेश कांग्रेस की तरफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.एल.पुनिया व पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा ने किया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र यादव, राजेश लिलौठिया, प्रवक्ता हरनाम सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ योगानन्द शास्त्री, तरून कुमार, पूर्व विधायक शीशपाल, सुरेंद्र कुमार, मदन खोरवाल, राजेश चौहान सहित अनेक कांग्रेसी नेता मौजूद थे। इस मौके पर कांग्रेस की तरफ से घोषणा की गई कि 21 अगस्त को होने वाली मंदिर संबंधित रैली को प्रदेश पूरा समर्थन देगा। अपने संबोधन में डॉ. पुनिया ने कहा कि तुगलकाबाद में स्थित 600 साल पुराने गुरु रविदास मंदिर को डीडीए ने तोड़े दिया इसकी जितनी घोर निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भाजपा सांसद और भाजपा नेताओं का बहुल क्षेत्र है। डॉ. पुनिया ने बताया कि 1959 में तत्कालीन उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री शैलजा ने कहा कि अति प्राचीन मंदिर को ध्वस्त करना गैर संगत व दलित समुदाय



विरोधी है। जब तक यहां गुरु रविदास मंदिर की पुर्नस्थापना और मंदिर की जमीन वापस नहीं होती तब तक कांग्रेस व दलित वर्ग संतुष्ट नहीं होगें। अपने संबोधन में यादव ने कहा कि कांग्रेस दलितों के साथ अन्याय कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। मंदिर बनाने की राजनीति करने वाली पार्टी ही मंदिर तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि मंदिर तोड़ने के विरोध में 21 अगस्त को प्रस्तावित रैली को प्रदेश कांग्रेस पूरा समर्थन देती है।

## एक दर्जन से अधिक मामलों में वांछित बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे बदमाश को गिरफ्तार किया है, जोकि दिल्ली से स्पोर्ट्स कार चुराकर उन्हें रुद्रपुर व गुवाहाटी में ठिकाने लगाता था। गिरफ्तार आरोपी का नाम कुलदीप उर्फ लक्की (38) है। पुलिस ने इसके पास से चोरी की आठ कारें व एक बाइक बरामद की है। पुलिस अधिकारी की माने तो आरोपी वाहन चोरी के एक दर्जन से अधिक मामलों में वांछित था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। एडिशनल सीपी राजीव रंजन ने बताया कि शनिवार शाम हेड कांस्टेबल हिमांशु को सूचना मिली कि चोरी के कई मामलों में शामिल कुलदीप चोरी की क्रेटा कार से रोहिणी सेक्टर-18 के पास आने वाला है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर जाल बिछा लिया और आरोपी को साईं नाथ अपार्टमेंट से धर दबोचा। बाद में पुलिस ने इसकी निशानदेही पर आठ कारें व एक बाइक बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कई सालों से दिल्ली के पॉश एरिया से कार चोरी करने के बाद उन्हें अच्छे दामों पर रुद्रपुर और गुवाहाटी में बेच दिया करता था।

## पीसीआर ने पीछा कर दो बदमाशों को दबोचा

**नई दिल्ली।** आनंद विहार में शुक्रवार शाम मोबाइल झपटकर भाग रहे दो बदमाशों को पीसीआर पुलिस कर्मियों ने पीछाकर धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों का नाम राहुल और रवि है। पुलिस अधिकारी की माने तो आरोपियों पर रवि पर लूटपाट और आर्म्स एक्ट के छह मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से झपटमारी के दो मोबाइल व चोरी की छह बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम 5:30 बजे पीसीआर पर तैनात एएसआइ महेश और कांस्टेबल पुष्पेंद्र आनंद विहार इलाके के एजीसीआर एंक्लेव में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि बाइक सवार दो बदमाश एक कैब चालक का फोन झपटकर भाग रहे हैं। पुलिस कर्मियों ने उनका पीछा कर दबोच लिया। आरोपियों के पास से झपटमारी के मोबाइल फोन बरामद हुआ।

## नजफगढ़ में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ की दुर्गा विहार कॉलोनी में चतुर्थ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वतंत्र जन जागृति संस्था व डीडीयू अस्पताल ब्लड बैंक टीम ने मिलकर किया। इसमें ईस्ट इंडिया ईमेज एंड पैथालाजी सैंटर की टीम ने मुफ्त में लोगों के रक्त की जांच की। शिविर में करीब 174 यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया। शिविर का उद्घाटन नजफगढ़ की पार्षद मीना तरुण कुमार ने किया। उनके साथ पार्षद संतोष सुखबीर सिंह, महेष यादव, ओमप्रकाश नम्बरदार व भागीरथ सिंह भी उपस्थित थे। इस अवसर मीना तरुण यादव ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। रक्तदान से लोगों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है तो वहीं, जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिलने से जीवनदान भी मिलता है। शिविर में संस्था की कार्यकारिणी के सदस्य राजेश कुमार, रविन्द्र यादव, मुकेश कुमार आदि रक्तदाताओं का सहयोग रहा।

# डीटीसी बस ने बाइक सवार को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विवेक विहार थाना इलाके में तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार एक शख्स को कूचला दिया। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का नाम तपस (43) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बस चालक अजय शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, तपस गाजियाबाद में सपरिवार रहता था। परिवार में पत्नी सपना, बेटा और दो बेटियां हैं। तपस रेडिमेड कपड़ों के सैंपल दिखाने का काम करता था। शनिवार शाम वह घर से किसी काम से कही जा रहे थे। जैसे ही वह विवेक विहार इलाके में पहुंचे, तभी तेज रफ्तार डीटीसी बस ने उसे टक्कर मार दी। बस कंडक्टर उन्हें



लेकर अस्पताल गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कार पलटी, दो महिलाओं समेत तीन घायल

महरौली-बदरपुर रोड पर पुल प्रह्लादपुर के पास रविवार सुबह एक तेज रफ्तार वरना कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार ने एक के बाद तीन पलटी खाई। हादसे में कार में सावर दो महिलाएं और एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे का अलगा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार एमबी रोड पर बदरपुर की तरफ जा रही थी।

# कैब बुक कर चालक को बनाया बंधक, कार लूटी

### कार को ऑनलाइन बेचने के बाद फंसे आरोपी, दो गिरफ्तार और एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मुंडका थाना पुलिस ने हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों का नाम गौरव स्वामी और विकास है। आरोपियों का एक साथी विशाल अभी फरार है। पुलिस ने इनके पास से लूटी कार और एक पिस्तौल बरामद की है। पुलिस अधिकारी की मानें तो आरोपियों ने एक कैब बुक की थी। इसके बाद वह सवारी बनकर उसके सवार हुए थे। रास्ते में वह कैब लूटकर मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर फरार आरोपी की तलाश कर रही है। एडिशनल डीसीपी (आउटर) राजेंद्र सिंह सागर ने बताया कि गत 12 मार्च को मुंडका थाने में एक कैब चालक ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में उसने बताया कि वह जीटीबी नगर में सवारियों का इंतजार कर रहा था। इसी बीच एक शख्स वहां आया और उसने नजफगढ़ जाने के लिए कैब बूक की। शख्स ने चालक को ओटीपी नंबर भी दिखाया। इसके तीन युवक कार में सवार हो गए। जैसे ही वे पीरागढ़ चौक के पास पहुंचे तो उसे युवकों ने मुंडका की ओर चलने को कहा। इसी बीच एक युवक ने पिस्तौल निकाल कर चालक को बंधक लिया और उससे मोबाइल फोन, कार और नकदी लूटकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। आरोपी की पकड़ के मुडंका एसएचओ सुरेंद्र संधू की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया। टीम में इंस्पेक्टर शीलवंत, एसआई रमेश, हेड कांस्टेबल विजय, प्रदीप, कांस्टेबल अमित, सुधीर व चमन मौजूद रहें। टीम लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने कार को ऑनलाइन बेच दिया है, जिसके बाद पुलिस की टीम फर्जी ग्राहक बन कर गौरव के उस शोरुम में पहुंची, जहां वह पुराने वाहनों की खरीद-फरोख्त का काम करता है। पुलिस ने गौरव को गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने विकास को गिरफ्तार कर लिया।

# भ्रष्टाचार पर उत्तरी निगम को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ **रोहिणी जोन एडीई मामले में क्यों शांत है महापौर और प्रशासन : कृष्णा परमाल**

उत्तरी दिल्ली नगर निगम के रोहिणी जोन के शिक्षा विभाग में हो रही अनियमितताओं व भ्रष्टाचार को लेकर निगम भाजपा नेता व प्रशासन कुंभकरणीय नींद में सो रहें हैं, जिसके चलते निगम में भ्रष्टाचार फैलाने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही है और ईमानदारी से कार्य करने वाले शिक्षक को ही प्रताड़ित किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) की वार्ड नंबर-54, मंगोलपुरी से निगम पार्षद व उत्तरी निगम की शिक्षा समिति में सदस्य कृष्णा परमाल ने दिल्ली प्रदेश भाजपा पर भी निशाना साध उक्त आरोप लगाते हुए कहा कि जब अनियमितताएं व भ्रष्टाचार की शिकायत की जाती है तो महापौर कार्रवाई करने के नाम पर चुप्पी क्यों साध लेते हैं। क्या भाजपा सिर्फ खानापूर्ति के लिए महापौर बनाती है। शिक्षा समिति सदस्य परमाल ने केशवपुरम जोन में कार्यरत पीड़ित शिक्षक अमन छिकारा का हवाला देते हुए निगम नेताओं व प्रशासन पर आरोप लगाया है कि पिछले कई महीनों से रोहिणी जोन की सहायक शिक्षा निदेशक (एडीई) उषा प्रशासनिक कार्यों में लगातार रूप से अनियमितताएं बरत रही है। जिसकी शिकायत निगम मुख्यालय, सिविक सेंटर से लेकर प्रधानमंत्री तक की जा चुकी है। लेकिन इस तरफ न तो निगम महापौर, स्थायी समिति अध्यक्ष, नेता सदन, शिक्षा समिति के नेता ध्यान दे रहे हैं और न ही निगम का शिक्षा विभाग और आलाधिकारी। सदस्य कृष्णा परमाल का कहना है कि उत्तरी निगम के शिक्षा विभाग की अनियमितताओं की शिकायत शिक्षा समिति की बैठकों में करती आ रही हैं लेकिन अब हद यह हो गई है कि जो शिक्षक ईमानदारी से अपना कार्य करते हुए निगम में हो रहे भ्रष्टाचार का खुलासा करते हैं, उन्हीं को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिकायती शिक्षक को अब विभिन्न प्रकार से परेशान किया जा रहा है। आरोप यह भी है कि जिस एडीई की शिकायत शिक्षक ने की थी, उसी एडीई को शिक्षक की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। ऐसे में अब सोचा जा सकता है कि जांच निष्पक्ष होगी या किसके पक्ष में होगी।

**जांच के बाद की जाएगी कार्रवाईः महापौर**

उत्तरी निगम महापौर अवतार सिंह ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद उसकी जांच की जाती है और कार्रवाई की जाती है।

### कीर्ति नगर से लापता हुई थी बच्ची

# गूगल मैप ने चार माह बाद बेटी को पिता से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पुलिस ने दिल्ली में चार महीने पहले लापता हुई 12 वर्षीय बच्ची को गूगल मैप की मदद से उसके पिता से मिला दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बच्ची 21 मार्च को होली के दिन कीर्ति नगर के निकट ई-रिक्शा में सवार हुई थी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जब बच्ची मेट्रो स्टेशन पर नहीं उतरी तो ई-रिक्शा चालक ने उससे पूछा कि वह कहां जाना चाहती है, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। वह उसे रात 8 बजकर 33 मिनट पर कीर्ति नगर पुलिस थाने ले गया। अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांत के दौरान बच्ची अपना घर याद नहीं कर सकी और उसने केवल यह कहा कि वह खुर्जा गांव से है और उसके पिता का नाम जीतन है। पुलिस ने दिल्ली के खजूरी खास और खुरेजी इलाकों में तलाश की चूंकि इन इलाकों का नाम



'खुर्जा' शब्द से मिलता-जुलता है, लेकिन उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दायर कराये जाने की कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद वे मानसिक रूप से कमजोर बच्ची को नजदीकी जेजे कॉलोनी ले गए, लेकिन कोई भी उसे पहचान नहीं पाया। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) मोनिका भारद्वाज ने कहा पुलिस की एक टीम बच्ची को चार बार उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा गांव ले गई, लेकिन उन्हें उसके परिवार के बारे में कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस की टीम जब 31 जुलाई को एक बार फिर खुर्जा ले गई तो वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उससे उसके गांव के आसपास के इलाकों के नाम पूछे। बच्ची ने बताया कि उसकी मां का गांव सोनबरसा है और उसके गांव के निकट साकापर नामक जगह है। इसके बाद पुलिस को गूगल मैप के जरिये पता चला कि उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में साकापर, सोनबरसा और खुर्जा नाम के गांव हैं। पुलिस ने उसके परिवार का भी पता लगा लिया। एक अगस्त को खुर्जा निवासी उसका पिता जीतन गोरखपुर से दिल्ली आया। जीतन ने बताया कि वह मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (इहबास) में अपनी बेटी का इलाज कराने के लिये दिल्ली आया था। उसकी बेटी कीर्ति नगर के निकट जेजे कॉलोनी स्थित उसकी बहन के घर से लापता हो गई थी, लेकिन उसने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई।

## नाइट क्लब पर छापा अवैध शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली एक्साइज डिपार्टमेंट की टीम ने देर रात द्वारका स्थित रेडिसन ब्लू होटल में 'आरएसवीपी' नाइट क्लब पर छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध ब्रांडेड शराब बरामद की है। पुलिस ने यहा से 16 हजार रुपये की 'मोट' से लेकर ढाई हजार रुपये की 'वोटका' व अन्य ब्रांड की बोतलें मिली है। पुलिस ने इस मामले में क्लब के मैनेजर व मालिक मनीष अवस्थी और अमित चौहान को हिरासत में लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। एक्साइज डिपार्टमेंट के एसीपी आलोक कुमार ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली कि रेडिसन ब्लू होटल में 'आरएसवीपी' नाइट क्लब रेस्टोरेंट में बिना लाइसेंस अवैध रूप से शराब परोसी जा रही है। सूचना मिलते ही एसीपी आलोक कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। टीम में मौजूद हेड कांस्टेबल समेत तीन पुलिसकर्मी डमी कस्टमर बनाकर क्लब के अदंर गए। हालात का जायजा लेने के बाद वह बाहर आए और टीम को ईशारा कर दिया। इसके बाद टीम ने अंदर रेड कर मंहगे ब्रांड की 696 बोतलें बरामद की। पुलिस ने संचालक से शराब परोसने का लाइसेंस मांगा गया तो वह लाइसेंस नहीं दिखा सका। जिसके बाद पुलिस ने क्लब संचालक व मालिक को पकड़ लिया।

### लिव इन रिलेशन का मामला

# दिल्ली हाईकोर्ट ने बच्ची के संरक्षण के लिए व्यक्ति को गुवाहाटी कोर्ट जाने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक पूर्व सैन्यकर्मी को असम में 'लिव इन रिलेशन' से जन्मीं बच्ची का संरक्षण देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि यह याचिका उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती है। हाईकोर्ट ने कहा कि चूंकि बच्ची का जन्म असम में हुआ और वह फिलहाल अपने नाना नानी के संरक्षण में हैं, इसलिए याचिकाकर्ता राहत पाने के लिए गुवाहाटी हाईकोर्ट का रुख कर सकता है। पूर्व सैन्यकर्मी के लिव इन रिलेशन से दो बच्चे हैं। उसके पार्टनर की गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं के चलते 2015 में मौत हो गई थी। पार्टनर उस वक्त गर्भवती थी। इस रिश्ते से जन्मा बेटा पूर्व सैन्यकर्मी और उसकी पत्नी के साथ दिल्ली में है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति बृजेश सेठी की पीठ ने कहा कि चूंकि नाबालिग लड़की जिसके संरक्षण की मांग की जा रही है वह गुवाहाटी में रहती है,जो इस अदालत के अधिकारक्षेत्र से बाहर है इसलिए वह बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका (हेबियस कॉर्पस) पर विचार नहीं कर सकती।



गौरतलब है कि याचिकाकर्ता जनवरी में अपने वकील के साथ बेटी से मिलने गया था और उसके संरक्षण की मांग की थी लेकिन बच्ची के रिश्तेदारों ने संरक्षण देने से इनकार कर दिया था। याचिका में कहा गया है कि पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पूर्व सैन्यकर्मी ने अपनी नाबालिग बच्ची के संरक्षण के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की थी। अदालत ने याचिकाकर्ता को राहत पाने के लिए गुवाहटी हाईकोर्ट का रुख करने को कहा।

**खबर संक्षेप**

### अपने नजदीकी पार्क में योगा प्रशिक्षक बन गया सरकारी स्कूल का छात्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों में जुलाई माह में शुरू किए गए एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम का परिणाम अभी से दिखने लगा है। यह एंटरप्रन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम का ही प्रभाव है कि सरकारी स्कूल में योगा करने वाला एक छात्र अपने नजदीकी पार्क में उद्यमी बन गया है। इस बात की तस्दीक खुद दिल्ली के उप मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने की है। सिसोदिया ने रविवार को ट्वीट कर करिकुलम के बारे में बात करते हुए उक्त छात्र की प्रशंसा की है। सिसोदिया का कहना है कि सफल बनने के लिए सब कुछ माइंडसेट यानी मानसिकता पर निर्भर करता है। वहीं उद्यमिता के बारे में ज्ञान होना भी आवश्यक है। इसी के मद्देनजर स्कूलों में एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम की शुरूआत की गई है। ट्विटर पर एक वीडियो भी साझा की गई है, जिसमें उद्यमी बना योगा का छात्र अपना अनुभव साझा कर रहा है। वहीं अन्य छात्र-छात्राएं भी एंटरप्रेन्योरशिप करिकुलम के प्रभाव के बारे में बता रहे हैं। सरकारी स्कूलों में नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों के लिए एंटरप्रेन्योरशिप करिकुलम शुरू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य स्कूल से निकलने के बाद स्कूली बच्चों को नौकरी करने नहीं, बल्कि देने के लिए तैयार करना है।

### कांग्रेस मुश्किल वक्त से गुजर रही है : वासनिक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने रविवार को कहा कि पार्टी मुश्किल वक्त से गुजर रही है लेकिन भरोसा जताया कि कार्यकर्ता साथ मिलकर स्थिति से निपटेंगे और नयी चुनौतियों का सामना करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री, दक्षिण दिल्ली कांग्रेस कार्यकर्ताओं की यहां हुई एक बैठक में बोल रहे थे। यह बैठक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 75वीं जयंती के जश्न की तैयारी की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। वासनिक ने कहा कि कांग्रेस मुश्किल वक्त से गुजर रही है लेकिन मुझे भरोसा है कि पार्टी कार्यकर्ता साथ मिलकर इस चुनौती का सामना करेंगे और विजेता बन कर उभरेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि पार्टी आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्षों देवेन्द्र यादव, हारून युसुफ के अलावा पूर्व विधायक विजय लोचव, बलराम तंवर, राजेश चौहान व विष्णु अग्रवाल, कई निगम पार्षद, पूर्व पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष सहित कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे।

## आग के चलते शोध के कई आंकड़े, नमूने एवं पांडुलिपियां हुईं नष्ट

# एम्स में सभी चिकित्सा सेवाएं बहाल वार्ड में वापस भेजे गए मरीज

### मुख्यमंत्री केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने लिया हालात का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) परिसर में आग लगने की घटना के एक दिन बाद रविवार को अस्पताल ने पूरी तरह काम करना शुरू कर दिया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर जिन मरीजों को बाहर निकाला गया था उन्हें फिर से उनके संबंधित वार्ड में वापस भेज दिया गया। अस्पताल की ओर से जारी बयान के अनुसार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्ष वर्धन ने रविवार सुबह एम्स में हालात का जायजा लिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी अस्पताल के प्रभावित हिस्से में जाकर हालात का जायजा लिया और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली के स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। जेटली इस प्रतिष्ठित अस्पताल में कार्डियो-न्यूरो सेंटर के आईसीयू में भर्ती हैं। जेटली जहां भर्ती हैं वह जगह एम्स परिसर के अलग भवन में स्थित है। जेटली को नौ अगस्त को भर्ती किया गया था और उन्हें जीवनरक्षक प्रणाली पर रखा गया है। कई प्रमुख नेता बीते कई दिनों से अस्पताल आकर उनके स्वास्थ्य का हाल जान रहे हैं। शनिवार शाम करीब पांच बजे अस्पताल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में आग लग गयी और इमारत से निकलते धुएं का गुबार देख दहशत का माहौल पैदा हो गया, जिसके कारण आपात सेवाएं प्रभावित हुईं। अधिकारियों के अनुसार एहतियात के तौर पर 32 मरीजों को वहां से निकाला गया। सूत्र ने बताया कि आग में सर्जरी, यूरोलॉजी, त्वचा विज्ञान विभाग, माइक्रोबायोलॉजी और हड्डी रोग विभाग के दफ्तर जलकर खाक हो गये और शोध के कई आंकड़े, नमूने एवं पांडुलिपियां नष्ट हो गयीं।

#### आंतरिक जांच शुरू

बयान के अनुसार एम्स प्रशासन ने आग लगने के कारणों का पता लगाने और बचाव उपायों को और मजबूत करने के लिये के लिये आंतरिक जांच शुरू की है। बयान के अनुसार, ''आग से अस्पताल क्षेत्र प्रभावित नहीं हुआ है और कोई हताहत नहीं हुआ है। एहतियात के तौर पर एम्स प्रशासन ने अस्पताल के एबी विंग के मरीजों को इसके अन्य हिस्सों में भेज दिया था। अब इन मरीजों को वापस एबी विंग के उनके संबंधित वार्ड भेज दिया गया है।

### एमबीबीएस 2019 के दाखिले के लिए बदला गया काउंसलिंग का समय

दिल्ली दमकल सेवा के अधिकारियों के अनुसार इस भवन का निर्माण 1983 से पहले उस वक्त हुआ था जब निर्माण के नियम लागू हो गये थे। उन्होंने बताया कि भवन में आग से बचाव के उपकरण मौजूद थे। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इस बीच एम्स के एमबीबीएस-2019 के दाखिले के लिये काउंसलिंग के शुरुआती राउंड का समय बदलकर इसे 20 से 21 अगस्त के बजाय 26 और 27 अगस्त कर दिया गया है। एम्स की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, ''एमबीबीएस, 2019 के लिये काउंसलिंग के ओपन राउंड में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों और उनके अभिभावकों की बड़ी संख्या और मौजूदा स्थिति को देखते हुए उचित इंतजाम और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये संबंधित प्राधिकारी ने इसके समय को पुनर्निर्धारित करने का फैसला किया है। यानी अब यह 20 और 21 अगस्त के बजाय 26 और 27 अगस्त को किया जायेगा।

### रविवार को सभी डॉक्टर अस्पताल थे मौजूद

■ दिल्ली पुलिस कर रही दमकल विभाग की और फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार

बयान के अनुसार एम्स के निदेशक सभी विभाग प्रमुखों और प्रशासनिक कर्मियों के साथ बैठक कर रहे हैं और जल्द से जल्द प्रयोगशाला सेवा बहाल करने के लिये स्थिति का जायजा ले रहे हैं ताकि मरीजों की देखभाल पर असर नहीं पड़े। बयान के अनुसार, ''एम्स में आग से बचाव के लिये नियमित रोकथाम प्रणाली है। दमकल कर्मी नियमित रूप से 24 घंटे वहां तैनात रहते हैं और आग के दौरान बाहर निकलने तथा गलियारों में बचाव प्रणालियों की जांच करते रहते हैं। समय-समय पर कर्मचारियों को आग से बचाव की जानकारी भी दी जाती है। सूत्र ने बताया कि शनिवार को छुट्टी का दिन होने के बावजूद सभी डॉक्टरों ने शाम छह बजे से लगातार काम किया और यह सुनिश्चित किया कि मरीजों को परेशानी नहीं हो। यहां तक कि रविवार को भी हर डॉक्टर वहां मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि वे दमकल विभाग और फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं जिससे आग के कारण का पता चल पायेगा। गौरतलब है कि एम्स के टीचिंग ब्लॉक में शनिवार शाम भीषण आग लग गई थी जिससे जांच नमूने और मेडिकल रिपोर्ट बर्बाद हो गए थे। इस संबंध में आईपीसी की धारा 285 के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ आग या दहनशील पदार्थ के संबंध में लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।

### कपड़ा फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का माल जलकर खाक

**नई दिल्ली।** कैलाश नगर स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। सूचना मिलते मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 20 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन लाखों का माल जलकर खाक हो गया। शुरुआती जांच के बाद पुलिस को कहना है कि शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। दमकल विभाग के मुताबिक, कैलाश नगर गली नंबर-15 में निशांत मित्तल का चार मंजिला मकान है। मकान का ग्राउंड व पहली मंजिल खाली है, जबकि दूसरी मंजिल पंकज जैन को किराए पर रखी है, उसमें जींस की फैक्ट्री है। तीसरी मंजिल पर वह खुद परिवार सहित रहते हैं। रविवार सुबह 6:30 बजे प्रथम तल पर अचानक आग लग गई। देखते-देखते आग दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। कपड़ों की वजह से आग की लपटे तेज हो गई। निशांत मित्तल अपने परिवार के साथ तुरंत बाहर आ गए। लोगों ने तुरंत मामले की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही 20 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल विभाग ने छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं कृष्णा नगर स्थित रूपा डेरी के पास एक टेंट हाउस दफ्तर में रविवार सुबह आग लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। यहां भी आग में कोई हताहत नहीं हुआ। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि आग एसी में शार्ट सर्किट होने की वजह से हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। दमकल विभाग के मुताबिक, रविवार सुबह 5:55 बजे लोगों ने टेंट हाउस के दफ्तर से आग की लपटे और धुंआ निकले देखा। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से दफ्तर के अंदर रखे फर्नीचर के सामन और एसी जलकर राख हो गए।

## जेएनयू का नाम बदलकर पीएम मोदी के नाम पर रखा जाए : हंस राज हंस

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एवं गायक हंस राज हंस ने प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) का नाम बदल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर रखने का सुझाव दिया है। हंस की शनिवार को की गई इस टिप्पणी पर जेएनयू छात्र संघ समेत कुछ अन्य लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उत्तरपश्चिम दिल्ली से सांसद हंस ने 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम में यह सुझाव दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन आरएसएस संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने देश के शहीद सैनिकों के सम्मान में किया था। कार्यक्रम में हंस ने कहा कि जेएनयू का नाम बदल कर एमएनयू कर दिया जाना चाहिए। मोदीजी के नाम पर कुछ तो हो।

#### छात्र संघ के अध्यक्ष ने दी तीखी प्रतिक्रिया

उनकी टिप्पणी पर जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष एन साईं बालाजी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अब जब विश्वविद्यालय जुमला निर्माण केंद्रों में तब्दील हो रहे हैं तो क्यों न सभी विश्वविद्यालयों के नाम मोदी के नाम पर कर दिए जाएं। इसके अलावा जेएनयू छात्र संघ के पूर्व महासचिव रामा नगा ने कुलपति एम जगदीश कुमार पर निशाना साधने के लिए इस टिप्पणी का इस्तेमाल किया।

#### डर है कि मौजूदा सरकार देश का नाम भी बदल सकती : मनुसिंघवी

इस पर एक सवाल का जवाब देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनुसिंघवी ने कहा कि उन्हें डर है कि मौजूदा सरकार देश का नाम भी बदल सकती है। उन्होंने कहा कि हमें डर है कि हमारे देश का नाम बदल जाएगा (मौजूदा सरकार में)। उनके जैसे शख्स को मुख्यधारा का नेता नहीं कहा जा सकता जिसके नाम का आपने अभी जिक्र किया।

### जेएनयू के भाषाविज्ञान केंद्र में प्राध्यापकों की नियुक्ति पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद को निर्देश दिया है कि वह भाषा विज्ञान केंद्र में प्राध्यापकों की नियुक्ति न करे। कोर्ट ने उस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया जिसमें कहा गया है कि यह नियुक्तियां नियमों के विपरीत की जा रही है। न्यायमूर्ति सुरेश कैत ने भाषा विज्ञान केंद्र में प्राध्यापकों की भर्ती के खिलाफ विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर की याचिका पर जेएनयू और अन्य को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति कैत ने कहा कि अगले आदेश तक कार्यकारी परिषद चयन समिति द्वारा भाषा विज्ञान केंद्र में फैकल्टी सदस्यों की नियुक्ति के लिये की गई अनुशंसाओं पर कार्रवाई न करे। मैं यहां यह स्पष्ट कर दूं कि अगर कोई साक्षात्कार होता है तो वह रिट याचिका के नतीजे पर निर्भर करेगा। अदालत का यह आदेश शिक्षिका आयशा किदवई की याचिका पर आया है।

## दिल्ली में बाढ़ की चेतावनी जारी

### निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को हटने का निर्देश

■ अब 204.83 मीटर की बजाय 205.33 मीटर होगा खतरे का निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की है और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को वहां से हटने के लिए कहा है क्योंकि यमुना नदी में जलस्तर चेतावनी स्तर तक पहुंच गया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रविवार की शाम युमना नदी में जलस्तर 203.37 मीटर तक पहुंच गया है और इसके जलस्तर के सोमवार को बढ़ने का अनुमान है क्योंकि हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से शाम छह बजे आठ लाख 28 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा ने रविवार को थोड़े-थोड़े अंतराल पर कुछ लाख क्यूसेक पानी छोड़ा। उन्होंने बताया कि शाम पांच बजे आठ लाख 14 हजार क्यूसेक पानी बैराज से छोड़ा गया था । अधिकारी ने बताया कि यमुना नदी में जलस्तर चेतावनी स्तर तक पहुंच सकता है जो सोमवार को 204.5 मीटर होगा। उन्होंने बताया कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से कहा गया है कि वह अपने अपने स्थानों को खाली कर दें।

#### बाढ़ से निपटने को प्रशासन तैयार

अधिकारी ने कहा कि हम यमुना के जल स्तर पर करीबी रखे हुए हैं। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व भी हथिनी कुंड बैराज से एक लाख 43 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। बैराज से पानी छोड़े जाने और यमुनानगर में लगातार बारिश से यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। यमुनानगर में यमुना का पानी खतरे के निशान को पार कर गया है। पिछले साल जुलाई में दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया था। यमुना नदी का जलस्तर 205.5 मीटर तक पहुंच गया था, जिससे पुराने पुल पर यातायात रोकना पड़ गया था।

### दिल्ली जल बोर्ड ने लगाया यमुना नदी में रेत खनन का आरोप, एनजीटी का किया रुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने यमुना नदी में रेत खनन का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) का रुख किया है, जिसपर एनजीटी ने एक समिति का गठन कर रिपोर्ट मांगी है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की जांच के लिये एक समिति का गठन कर एक महीने के भीतर रिपोर्ट देने के लिये कहा है। पीठ ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट, दिल्ली, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डीपीसीसी) और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को मामले की जांच करने दी जाए और कानून के तहत उचित कार्रवाई कर इस आदेश की प्रति प्राप्त करने की तारीख से एक माह के भीतर अधिकरण को तथ्यात्मक और कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अधिकरण दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में आरोप लगाया गया है कि ताजेवाला बैराज से 17 किलोमीटर नीचे, सोम्ब और यमुना नदियों के संगम के बहाव क्षेत्र में मुख्य नदी के किनारे एक अवरोधक बनाया जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि इससे उक्त नदियों के प्रवाह में रुकावट आएगी और इसके निर्माण का मकसद अवैध रेत खनन है।

### यमुना में नहाने गया युवक लापता

**नई दिल्ली।** स्वंतत्रता दिवस पर दोस्तों के साथ नहाने गए तीन दोस्तों में से एक दोस्त यमुना की तेज लहरों के साथ बह गया। युवक का नाम अतुल कुमार (22) है। युवक के दोस्तों ने घटना के तुरंत बाद पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग, लोकल पुलिस व गोताखोर मौके पर पहुंच गए। गोताखोरों ने दमकल विभाग के साथ युवक को तलाशते रहे लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। रविवार शाम तक दिल्ली बोट क्लब इंचार्ज हरीश कुमार की देखरेख में गोताखोरों ने अतुल को यमुना नदी में तलाशा मगर उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। पुलिस के मुताबिक, अतुल शाहदरा इलाके में सपरिवार रहता है। भाई दीपक ने बताया कि अतुल साउथ एक्स में जॉब करता है और वहीं रहता है। वह 15 अगस्त के मौके पर घर आया था। दोपहर के वक्त वह दोस्तों के साथ सिग्नेचर ब्रिज आए थे। जिसके बाद वे सिग्नेचर ब्रिज के नीचे ही यमुना नदी में नहाने चले गए। जहां अतुल पानी की लहरों में बह गया।

### 'घर-घर चलो' अभियान से घर-घर पहुंच रहीं मोदी की नीतियां : भाजपा

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

भाजपा के संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत घर-घर चलो अभियान से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां घर-घर तक पहुंच रही हैं और अनुच्छेद-370 खत्म किये जाने के ऐतिहासिक निर्णय के बाद बड़ी संख्या में लोग भाजपा की सदस्यता ले रहें हैं। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व दिल्ली के प्रभारी श्याम जाजू ने उक्त बातें घर-घर चलो सदस्यता अभियान के अन्तर्गत मयूर विहार जिले के कल्याणपुरी मंडल के दौरान कहीं। जाजू ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे जोश व उत्साह के साथ लोगों से जनसम्पर्क के माध्यम से मिलें और उन्हें भाजपा की देश हित में नीतियों की जानकारी दें। भाजपा ने रविवार को उक्त अभियान पूरी दिल्ली के सभी 14 जिलों व 280 मंडलों में घर घर चलों सदस्यता अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन किया। सदस्यता अभियान की समापन तिथि 20 अगस्त है। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि सदस्यता अभियान विधान सभा चुनाव का सेमीफाइनल है और केजरीवाल अपनी हार के नजदीक हैं, जिसके चलते लोगों को लुभाने के लिए लुभावनी योजनाएं ला रहें हैं। इससे जनता जान गई है कि केजरीवाल सरकार के प्रति जनता में रोष बढ़ रहा है।

**प्रदर्शनी**



नई दिल्ली : एआईएफएसीएस गैलरी में लगी कला प्रदर्शनी में कलाकार कमल किशोर की पेंटिंग देखते हुए लोग।

### कश्मीर आंदोलन में सक्रिय रहे रूपलाल का किया अभिनन्दन

**नई दिल्ली।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ कश्मीर आन्दोलन में धारा 370 के खिलाफ भाग लेने वाले 97 वर्षीय रूपलाल से रविवार को दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उनके जनकपुरी स्थित घर पर जाकर भेंट की। विजेन्द्र गुप्ता ने रूप लाल को धारा 370 हटने पर जीत की बधाई दी और उनका अभिनन्दन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री आशीष सूद भी उपस्थित रहे। गुप्ता ने बताया कि रूप लाल स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ कई बार जेल गए और निरंतर अखंड भारत के लिए आंदोलनों में भाग लेते रहे। रूपलाल 50 के दशक से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ में बहुत सक्रिय रहे हैं। वे लम्बे समय तक स्वयंसेवक संघ में वरिष्ठ प्रचारक भी रहे हैं। आज भी 97 वर्ष की उम्र में भी रूपलाल को उस समय की सभी बातें याद हैं।

### ज्ञानोत्सव-2019 का समापन सत्र

## संप्रभु राष्ट्र बनना है तो स्वभाषा का उपयोग करना होगा: मोहन भागवत

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली




देश को अगर संप्रभु राष्ट्र बनना है तो स्वभाषा का व्यवहार करना होगा। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में आयोजित दो दिवसीय ज्ञानोत्सव-2019 'भारत में प्रतियोगी परीक्षाएं: राष्ट्रीय विमर्श' विषय में चर्चा के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने उक्त संबोधन देते हुए कहा कि प्रशासकीय सेवा हमारे देश में क्यों आई। भारत के लोगों की उन्नति के लिए नहीं बनी, अपने शासन को मजबूत करने के लिए अंग्रेजों ने इसे बनाया, यह व्यवस्था उनके लिए ठीक रही होगी, आज अपना जमाना है और इसमें बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बना हुआ मटका मरोड़ने पर टूट जाता है इसीलिए परिवर्तन करना है तो धीरे-धीरे करना होगा। वांछित परिवर्तन संवाद से ही संभव हैं। यह एक संवाद से नहीं, बल्कि निरंतर संवाद से होगा। संवाद से सहमति की ओर बढ़ा जा सकता है। इन सब विषयों का समाधान सहमति से ही संभव है। परिवर्तन दो प्रकार से होता है पहला समाज परिवर्तन, दूसरा व्यवस्था परिवर्तन से होता है। समाज परिवर्तन और व्यवस्था साथ-साथ चलती है। इस आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं के राष्ट्रीय संयोजक देवेन्द्र सिंह ने कहा कि लोक सेवा आयोगों ने ऐसे प्रत्याशियों का चयन करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिनका संज्ञान लोक (लोगों) की सेवा की ओर हो। इग्नू के समकुलपति प्रो रवींद्र रामचंद्र कान्हेरे ने सत्र का संचालन किया। इसके बाद भर्ती प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के साथ-साथ संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और रेलवे तथा बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड की कार्य-प्रणाली में सुधारों के लिए तीन समांतर सत्र आयोजित किए गए।

### शनिवार रात से रविवार सुबह तक होती रही हल्की बारिश



■ रविवार को वायु गुणवत्ता रही वर्ष की सबसे अच्छी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार रात से शुरू हुई बारिश रविवार सुबह तक जारी रही। इस बीच कहीं हल्की कहीं तेज बारिश दर्ज हुई। कई दिनों से चल रही बारिश ने प्रदूषण को धो दिया है। इस समय दिल्ली पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त हवा में खुलकर सांस ले रही है। मानसून की वजह से चारों तरफ हरियाली देखने को मिल रही है। दम घोटू वातावरण इस समय बदल चुका है। एक दम साफ सुथरी हवा में सांस लेने का आनंद दिल्ली वाले उठा रहे है। बारिश व हरियाणा से पानी छोड़ने की वजह से इन दिनों यमुना नदी भी साफ सुथरी बह रही है। शनिवार दिन में और फिर रात भर बारिश के चलते राजधानी दिल्ली में वीकेंड रविवार का दिन बेहद सुहावना रहा। साफ सुथरा नीला आसमान कई विहंगम नजारे पेश करता रहा। लोगों ने भी जी भरकर वीकेंड के इस सुहावने मौसम का लुत्फ उठाया। इंडिया गेट, स्वर्ण जयंती पार्क, जापानी पार्क आदि जैसी जगहों पर लोगों की भीड़ लगी रही। लगातार बारिश व तेज हवा के चलते वायु प्रदूषित कणों का स्तर 17 माइक्रो ग्राम क्यूबिक मीटर (एमजीसीएम) दर्ज हुआ। सामान्यता इसका स्तर 60 एमजीसीएम होता है। जबकि पीएम 10 जैसे प्रदूषित कणों का स्तर 31 एमजीसीएम दर्ज हुआ। जो बहुत कम है। बारिश के चलते ही अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हुआ। रविवार सुबह बारिश की बौछार के साथ न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में आर्द्रता का स्तर 98 प्रतिशत रहा। सफदरजंग वेधशाला में 45.7 मिमी और पालम वेधशाला में 11.4 मिमी बारिश दर्ज की गई । वहीं सुबह साढ़े आठ बजे तक लोधी रोड वेधशाला में 49.9 मिमी, रिज वेधशाला में 65.8 मिमी और आयानगर में 20.8 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## खबर संक्षेप



### रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**फरीदाबाद।** जयहिन्द सेवा दल द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्य तिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर करीबन 50 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। जय हिन्द सेवा दल के प्रधान शिवम पाण्डे, चेयरमैन महेश बैंसला, सचिव उमर फारूख ने आए हुए सभी अतिथियों व रक्तदाताओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया। रक्तदान शिविर की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता स्व. विकास चौधरी के छोटे भाई एवं गौरव चौधरी ने की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव बलजीत कौशिक ने रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक साल में तीन बार रक्तदान करना चाहिए।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां शुरु

**गुरुग्राम।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आगामी 24 अगस्त को शहर के विभिन्न मंदिरों में धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिरों में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां शुरु कर दी गई हैं।

### विकास एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**फरीदाबाद।** एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा व राष्ट्रीय सचिव, एनएसयूआई हरियाणा के प्रभारी सन्नी मेहता ने विकास फागना को फरीदाबाद जिले का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। दिव्यांशु ने कहा कि फरीदाबाद में छात्र-छात्राओं की आवाज उठाने वाले विकास की मेहनत व लगन से कार्य करने पर एनएसयूआई ने उन्हें फरीदाबाद जिले का उपाध्यक्ष बनाया है। विकास फागना कई सालों से एनएसयूआई के साथ जुड़े हुए हैं।

### शिविर में की 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच



**गाजियाबाद।** प्रताप विहार स्थित फ्लॉरेस्ट अस्पताल के सौजन्य से भावराव देवरस आवासीय योजना में रविवार को लगाए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई जिसमें 30 लोग शुगर से ग्रस्त पाए गए। शिविर सुबह 10 से शाम चार बजे तक चला। शिविर में अस्पताल के एमडी डॉक्टर एमके सिंह व डॉक्टर गौरव गुप्ता ने स्वास्थ्य की जांच की और लोगों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। खासतौर पर शुगर जैसी बीमारी के कैसे बचा जा सकता है इसके बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर अस्पताल के मैनेजर संजय श्रीवास्तव समेत तमाम स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### युवक की हत्या कर शव फेंका

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-58 क्षेत्र में झाड़ियों से युवक का शव मिला है। पुलिस का मानना है कि युवक की कहीं अन्य जगह हत्या करके शव को यहां फेंका गया है। वहीं पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि युवक की हत्या धारदार हथियार से सिर में वार करके की गई है। सेक्टर-65 थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और मृतक पहचान के प्रयास में लगी है। बीती 12 अगस्त को लोगों ने सेक्टर-58 क्षेत्र की सर्विस रोड के साथ झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव देखा। जिस पर पुलिस को सूचना दी गई। सेक्टर-65 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई में जुट गई। मृतक के सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस मान रही थी कि टक्कर से मौत हुई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि सिर में किसी धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है।

## पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

# मांस के टुकड़े के लिए सगे चाचा ने ली बच्ची की जान

**गाजियाबाद।** एक बच्ची की हत्या कर शव को नाले में फेंकने का मामला खोड़ा पुलिस ने मात्र 12 घंटे के अंदर ही खोल दिया। पुलिस ने बच्ची के सगे चाचा को गिरफ्तार किया है जिसकी हत्या केवल इस लिए कर दी गई चूंकि बच्ची ने कुर्बानी का मीट चाचा के घर के बजाय अपने घर ले जाकर दे दिया था। जिससे क्षुब्ध चाचा ने बच्ची की हत्या कर दी।

एसपी सिटी श्लोक कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रविवार की दोपहर को बताया कि ईद के दिन खोड़ा कॉलोनी से एक सात वर्षीय बच्ची ला पता हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट उसके परिजनों ने खोड़ा थाने में दर्ज कराई थी। 17 अगस्त को इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के एक नाले में एक बच्ची की लाश बरामद हुई थी जिसकी शिनाख्त खोड़ा से लापता हुई सात वर्षीय बच्ची के रूप में हुई।

*बच्ची की लाश मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इसको लेकर सीओ इंदिरापुरम के नेतृत्व में एक टीम गठित की और पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद बच्ची की हत्या की शक की सुई उसके सगे चाचा सलीम पर गई। सलीम को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की तो पूरा मामला खुल गया।*



### नाले में फेंकने के दौरान लोगों ने टोका तो बताया-कुर्बानी के मीट का वेस्ट

आरोपी ने बच्ची को एक थप्पड़ मार दिया जिससे बच्ची का सिर दीवार में जा लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत होने के बाद वह घबरा गया और उसने बच्ची की लाश को छुपा दिया। रात में बच्ची के शव को बोरी में भरकर नाले में फेंक आया। एसपी सिटी ने बताया कि इस दौरान उसे कुछ लोगों ने टोका तो उसने बताया कि कुर्बानी के मीट का वेस्ट है जिसे उसने नाले में फेंक दिया है। पुलिस ने सलीम को गिरफ्तार कर लिया है।

### बच्ची ने घर मीट नहीं पहुंचाया तो आरोपी ने खोया आपा

एसपी सिटी ने बताया कि पूछताछ में सलीम में अपना अपराध कबूल कर दिया। उसने पुलिस का बताया कि इद्दुल अजहा के दिन भरत नगर कॉलोनी में उन्होंने सामूहिक रूप के कुर्बानी की थी। वहीं पर बच्चे भी खेल रहे थे जिनमें उसकी भतीजी भी खेल रही थी। उसने कुछ मीट अपनी भतीजी के हाथ अपने घर पर भिजवाया लेकिन बच्ची यह मीट अपने घर ले गई। कुछ समय बाद जब सलीम ने अपने घर पर मीट को लेकर पूछा तो पता चला कि बच्ची वहां पर मीट लेकर उसके घर नहीं लाई बल्कि अपने घर ले गई जिससे वह अपना आपा खो बैठा और अपनी भतीजी को ढूंढने निकल गया। इसी दौरान बच्ची उसे घर के पास ही खेलती हुई मिल गई।

# परिवार को बेहोश कर गहने चुराने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## दूध में बेहोशी की दवा मिलाकर दिया था लूट की वारदात को अंजाम

**फरीदाबाद।** गांव तिगांव में 15 अगस्त की रात जेलदार पट्टी निवासी शीशराम नागर के परिवार को बेहोश कर गहने चोरी की वारदात क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर पुलिस ने सुलझा ली है। नगर निगम की तरफ से घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए ईकोग्रीन कंपनी की कूड़ा गाड़ी पर नियुक्त कर्मी योगेश ने इस वारदात को अंजाम दिया। सब इंस्पेक्टर ब्रह्मसिंह ने आरोपी को गिरफ्तार कर सारे गहने बरामद कर लिए हैं।

### चोरी का माल बरामद

आरोपी योगेश के कब्जे से चोरी किए गए जेवरात क्रमशः 2 सोने की चैन, 6 जोड़ी कानो के झुमके, 2 जोड़ी कानो के झालर व एक मोबाइल फोन व वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई।

### आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी को आज कोर्ट में पेश करके दो दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। आरोपी का पूर्व कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।



### ब्लाइंड था मामला, पुलिस को मिले महत्वपूर्ण इनपुट

सब इंस्पेक्टर ब्रह्मसिंह ने बताया कि यह मामला पूरी तरह ब्लाइंड था। आस-पास कोई सीसीटीवी फुटेज भी नहीं थी कि कोई अनुमान लग सके। शुरू में अनुमान था कि बदमाशों के किसी गिरोह ने नशीले स्प्रे का प्रयोग किया है। उन्होंने पहले कुत्ते को स्प्रे मारा इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों पर भी वही इस्तेमाल किया। मगर डॉक्टरों ने जांच के दौरान कोई नशीली वस्तु खाने से बेहोश होने की बात कही थी। इसके बाद पुलिस को लगा कि चोरी में किसी जानकार का हाथ है और पुलिस ने थ्योरी बदली। साइबर अपराध शाखा की मदद से पुलिस को महत्वपूर्ण इनपुट मिले और शनिवार रात उसे दबोच लिया गया।

### कूड़ा उठाने के बहाने घर में घुसा आरोपी

आरोपी शाम को कूड़ा उठाने के बहाने शीशराम के घर में गया था और चूल्हे पर उबलते दूध में नशीली दवा मिला दी थी। यह दूध शीशराम के पूरे परिवार और उनके कुत्ते ने भी पीया था। उसे पीते ही सभी बेहोश हो गए। इसके बाद आरोपी रात में आया और सभी के गहने उतारकर ले गया। आरोपी योगेश पड़ोसी गांव नवादा का रहने वाला है।

### शीशराम की बेटियां आई थी राखी बांधने

रक्षाबंधन के अवसर पर शीशराम की बेटियां भैया को राखी बांधने आई हुई थीं। आरोपी जब कूड़ा उठाने आया तो उसने उन्हें काफी गहने पहने हुए देखा। तभी उसके मन में लालच आ गया और चोरी की योजना बना ली थी। इस घटना के बाद गांव के लोगों में काफी रोष था। उन्होंने तिगांव मुख्य मार्ग भी जाम कर दिया था। जिसके बाद पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने डीसीपी अपराध राजेश कुमार को निर्देश दिए थे कि मामले को जल्द से जल्द सुलझाया जाए। जिस पर यह मामला क्राईम ब्रांच बदरपुर बार्डर के सुपुर्द किया गया था।

## दबंगों ने मेयर के परिजनों को पीटा

**फरीदाबाद।** रविवार को दबंगों ने एनआईटी-दो में मेयर सुमनबाला के पिता और दो भाइयों के साथ मारपीट की। उनके कपड़े फाड़ दिए। इससे गुस्साएं स्थानीय दुकानदारों ने बाजार बंद कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मेयर सुमन बाला के भाई रवि की एनआईटी-दो में मोटर साइकिल सर्विस की दुकान है। रविवार को दुकान पर मिस्त्री एक मोटर साइकिल को ठीक कर रहा था। तभी वहां पास की एक बस्ती से तीन से चार लड़के पहुंचे और मिस्त्री से गाली गलौंच करने लगे। कुछ देर में दुकान पर मेयर सुमन बाला का छोटा भाई रवि भी पहुंच गया। इतने में लड़कों ने रवि के साथ मारपीट शुरू कर दी। लड़ाई झगड़ा होते देख मौके पर मेयर के पिता भी पहुंच गए। आरोप है कि दबंगों ने उनके साथ भी हाथापाई शुरू कर दी। महापौर सुमन बाला ने कहा कि कुछ लोगों की दबंगई काफी बढ़ गई है। आरोपी पहले भी कई लोगों के साथ मारपीट कर चुके हैं।

■ पुलिस ने मामला किया दर्ज

हाइवे के जीरो प्वाइंट के पास रेलिंग तोड़ते हुए 30 फुट नीचे गिरी कार

# यमुना एक्सप्रेस वे पर रफ्तार का कहर, 3 लोगों की मौत

एजेंसी ▸▸| नोएडा

यमुना एक्सप्रेस वे सड़क हादसा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार सुबह यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट के समीप तेज रफ्तार एक कार रेलिंग तोड़ते हुए तीस फीट नीचे आ गिरी। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि कार सवार आगरा घूमने गए थे, वहां से रविवार सुबह लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। घायलों को ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## हादसे में छह लोग घायल, हालत गंभीर



### मृतकों की शिनाख्त नहीं

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी युवक-युवतियों को यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया। जांच के बाद चिकित्सकों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य का उपचार चल रहा है। अभी तक युवक, युवती के मूल पतों की जानकारी नहीं मिल पाई है।

**आगरा से लौट रहे थे:** नोएडा के कॉल सेंटर में नौकरी करने वाले छह युवक व तीन युवतियां फोर्ड इंडीवर कार से आगरा घूमने गए थे। वहां से वह रविवार को वापस लौट रहे थे। जीरो प्वाइंट के समीप तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और रेलिंग तोड़ते हुए तीस फीट नीचे आ गिरी। हादसा करीब साढ़े नौ बजे हुआ। उस दौरान बारिश भी हो रही थी।

जमा पानी से पैदा होने लगे मच्छर

# जगह-जगह पानी भरने से परेशानी



एजेंसी/हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरुग्राम

गुरुग्राम समेत पूरे एनसीआर में पिछले तीन दिनों से रिमझिम बारिश हो रही है। इससे एक तरफ जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है वहीं दूसरी ओर शहर के विभिन्न स्थानों पर पानी जमा हो गया है, जिस कारण परेशानी हो रही है। पिछले कुछ दिनों से लोग गर्मी से परेशान थे। जब से बारिश हो रही है तब से इस मामले में काफी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार कुछ दिनों तक इसी प्रकार का मौसम रहने वाला है।

लगातार हो रही रिमझिम बारिश से लोगों को घर से बाहर आने-आने में दिक्कत हो रही है। सेक्टर-39 के लोगों का कहना है कि पिछले तीन दिन से जब भी ड्यूटी जाने का समय होता है तो बारिश शुरू हो जाती है। इससे काफी दिक्कत हो रही है। बारिश के कारण बिजली आपूर्ति भी बाधित हो रही है। शहर के कई क्षेत्रों में शनिवार की रात बिजली का आना-जाना लगा रहा। सेक्टर-7 एक्सटेंशन क्षेत्र में बिजली की लाइन में फॉल्ट के कारण रात भर अंधेरा रहा। लोगों के इंवर्टर ने भी जवाब दे दिया। सेक्टर-15, गांव झाड़सा, सेक्टर-39, सेक्टर-39, आरडी सिटी, हीरा नगर व डीएलएफ फेज तीन की सड़क पर जगह-जगह पानी जमा है। वहीं कादीपुर, बसई रोड, दौलताबाद और आईडीसी क्षेत्र की रोड पर बारिश का पानी जमा हुआ है। लोगों का कहना है कि इस प्रकार से जमा पानी में मच्छर पैदा हो रहे हैं।

## जिला प्रशासन की सख्ती पर राशन विक्रेताओं ने लगा दी इस्तीफों की झड़ी

**गाजियाबाद।** प्रशासन के सख्त रुख से कुछ राशन विक्रेता परेशान हो उठे हैं और उन्होंने इस्तीफे देने शुरू कर दिए है, लेकिन इस पर जिलाधिकारी का कहना है कि पहले इन दुकानदारों की जांच की जाएगी इसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने रविवार को बताया कि राशन व मिट्टी के तेल की को ब्लैक करने की शिकायत मिलने पर उन्होंने पिछले दिनों राशन विक्रेताओं व आपूर्ति निरीक्षकों की बैठक ली थी और मिट्टी के तेल व राशन का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद 67टीमों ने राशन विक्रेताओं की जांच की। जिसमें 17 राशन विक्रेता संदेह के घेरे में आ गए थे।

■ डीएम बोले-होगी सभी की जांच

### सीडीओ के औचक निरीक्षण के दौरान हुई खामियां उजागर

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी रमेश रंजन ने अधिकारियों की टीम गठित कर तीन ब्लॉकों की ग्राम सभाओं का औचक निरीक्षण कराया गया जिसमें कई गांवों में अनेक खामियां पाई गई। खामियों की स्थिति यह थी कि कई गांवों में अभी तक डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू नहीं हो सकी। जिसके बाद उन्होंने जहां जिला पंचायत राज अधिकारी से जबाव तलब किया है। रमेश रंजन ने एक बयान में बताया कि लोनी, भाजपुर व रजापुर ब्लॉकों के गांवों का इन टीमों ने औचक निरीक्षण किया। इन गांवों में शाहपुर निजमोरटा, मसूरी नाहल, डासना में स्कूलों की हालत बेहद खराब पाई गई। सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं पायी गई। भोजपुर, सैदपुर व हुसैनपुर डीलना में तालाब में गंदगी पाई गई। बिसोखर, अतरौली व अबलपुर में गंदगी की ढेर पाए गए।

# अब नोएडा में भी दौड़ेगी लाइट मेट्रो

**नोएडा।** इस समय जो मेट्रो चल रही है उनको एलिवेटेड में बनाने में एक किलोमीटर पर 250 से 350 करोड़ रुपये का खर्च आता है, जबकि भूमिगत लाइन बिछाने में यह खर्चा 400 से 700 करोड़ प्रति किलोमीटर तक पहुंच जाता है। लाइट मेट्रो पर एक किलोमीटर पर करीब 100 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा।

अभी यह पेरिस, हांगकांग आदि देशों में है, लेकिन भारत में इसकी शुरुआत दिल्ली के द्वारका व चेन्नई से की जा रही है। इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर)तैयार करने में जुटा है।

यह बात केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने रविवार को कही। वह नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के नोएडा-ग्रेटर नोएडा की एक्वा लाइन मेट्रो स्टेशन सेक्टर-51 से दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के सेक्टर-52 स्टेशन के बीच सवारियों की दिए जाने वाले यात्री पथ उद्घाटन समारोह पर आए थे। इस दौरान उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण से कहा कि वह एक्वा लाइन मेट्रो को बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो से जोड़ने के लिए लाइट मेट्रो की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर भिजवाएं। इससे एक्वा लाइन एक्सटेशन की परियोजना का खर्च एक तिहाई हो जाएगा।

### विदेश में दिख रही मेक इन इंडिया की झलक

सचिव ने बताया कि अब मेक इन इंडिया की झलक विदेशों में भी देखने को मिल रही है। एस्टम इंडिया के विदेशों में मेट्रो कोच पर मेक-इन-इंडिया लिखा नजर आने लगा है। अब भारत की कंपनी भी मेट्रो के कोच बनाने का जिम्मा ले रही है। चीन, कोरिया, जापानी की कंपनी को पछाड़ भारत की भारत अर्थ मूवर्स को 505 कोच बनाने के लिए 4 हजार करोड़ का आर्डर मिला है।

### 2024 तक 27 शहरों में चलने लगेगी मेट्रो

अभी देश में 657 किलोमीटर में मेट्रो चल रही है। वर्ष 2024 तक देश के 27 शहरों में 1530 किलोमीटर में मेट्रो चलने लगेगी। इन योजनाओं पर काम शुरू हो गया है। आने वाले समय में 50 शहरों तक मेट्रो ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 23 शहरों में सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। पिछले पांच सालों में देश में 410 किलोमीटर में मेट्रो चलनी शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि यूपी में अभी 83 किलोमीटर में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ आदि शहरों में मेट्रो चल रही है। अगले पांच सालों में आगरा, मेरठ, कानपुर आदि शहरों में 131 किलोमीटर और एनसीआर क्षेत्र में 82 किलोमीटर रेपिड रेल चलने लगेगी। सचिव ने बताया कि पूरे देश में एक मेट्रो, एक कार्ड की भी जल्द शुरुआत होगी। इस योजना पर तेजी से काम चल रहा है। किसी भी कार्ड से ऑटामेटिक फेयर कलेक्शन गेट खुल सकेंगे।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम ने चलाया विशेष अभियान

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने प्रदेश में प्रतिबंधित प्लास्टिक व थर्माकोल की क्रॉकरी के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। पहले दिन नगर निगम ने पांचों जोनों में जहां 33 किलोग्राम प्रतिबंधित सामग्री जब्त की वहीं करीब एक लाख रुपये का जुर्माना भी वसूला।

## बिजली दे दो सरकार...



फरीदाबाद। रविवार को बिजली समस्या से त्रस्त उड़िया कॉलोनी के लोगों ने रोड जाम किया।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया सम्मेलन आयोजित

# आरटीआई के माध्यम से समाधान पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरीदाबाद

समाज में व्याप्त समस्याओं व आरटीआई के माध्यम से उनके समाधान पर रविवार को सेक्टर-10 स्थित राजस्थान सेवा सदन में सामाजिक कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र भाटी द्वारा किया गया। आए हुए अतिथियों का आयोजक हरेन्द्र भाटी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी शर्मा ने कहा कि समाज के विस्तार के साथ ही समस्याओं की संख्या में भी आए दिन इजाफा हो रहा है। खास बात यह है कि समय पर समस्याओं के



निराकरण न होने के चलते समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। समस्याओं के बढ़ने के पीछे मुख्य कारण लोगों में कानूनी जागरूकता का अभाव व अपने अधिकारों की जानकारी न होना भी है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आरटीआई के माध्यम से वह प्रत्येक विभाग से कोई भी जानकारी हासिल कर सकते है और अपनी समस्या का स्वयं ही निराकरण कर सकते है। कार्यक्रम के आयोजक हरेन्द्र भाटी ने आरटीआई को वर्तमान समय में जानकारी हासिल करने का सबसे सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि आरटीआई के दायरे में बड़े से बड़े अधिकारी भी आते है और एक आम आदमी किसी भी तरह की जानकारी उनसे हासिल कर सकता है। जानकारी हासिल करने के बाद प्रत्येक व्यक्ति को उसके अधिकारों के संदर्भ में जानकारी मिलती ही है साथ ही साथ समस्याओं का निराकरण करने में मदद मिलती है।

# अनशन पर बैठे ग्रामीणों की हालत बिगड़ी

**गुरुग्राम।** गांव मानेसर में महिला कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीणों की हालत बिगड़ने लगी है। हालत बिगड़ने के बाद भी ग्रामीणों ने चौथे दिन आमरण अनशन जारी रखा। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता, आमरण अनशन जारी रहेगा। वहीं गांव मानेसर के पूर्व सरपंच ओमप्रकाश ने जिला उपायुक्त से तहसील कार्यालय में धरना शुरू करने की मंजूरी मांगी है। जिला उपायुक्त के नाम लिखे पत्र में कहा कि मानेसर ग्राम पंचायत अधिकारियों को गलत जगह दिखा रही है। सही जगह मिलने के बाद ही गांव में कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू हो पाएगा। सही जगह दिलाने के लिए मानेसर तहसील में धरना देने की अनुमति जिला उपायुक्त से मांगी गई है। गांव मानेसर में बस स्टैंड के नजदीक आमरण अनशन पर बैठे उमेद यादव और राजबीर मानेसरिया की तबियत रविवार को ज्यादा खराब हो गई। अनशन पर बैठे ग्रामीणों को दूसरे गांवों से भी समर्थन मिलने लगा है।

■ समर्थन में जुटने लगे अन्य गांव के लोग

# 80 लाख की धोखाधड़ी के पीड़ित को पूंडरी विधायक के समर्थकों ने बनाया बंधक

- विधायक दिनेश की पत्नी के खिलाफ हैदराबाद में दर्ज मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस के साथ पूंडरी आया था स्टील व्यापारी
- माइनिंग के कारोबार के लिए विधायक परिवार ने लिया था एक करोड़ का ऋण
- चैक बाउंस होने पर हैदराबाद में व्यापारी ने दर्ज करवाया था मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

करीब 80 लाख रुपये के लेन-देन में पूंडरी से आजाद विधायक दिनेश कौशिक की पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी के दर्ज मामले में कार्रवाई के लिए हैदराबाद पुलिस के साथ रविवार को पहुंचे शिकायतकर्ता पक्ष को विधायक के गुर्गों द्वारा आवास पर बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। हैदराबाद पुलिस की कार्रवाई से तैश में आए विधायक के लोगों ने प्रभावित पक्ष को जान से मारने की धमकी भी दे डाली। घटना की कवरेज कर रहे पत्रकारों व अन्य सहयोगियों को भी आरोपियों ने बंधक बना लिया व अभद्र व्यवहार किया। हैदराबाद और स्थानीय पुलिस के हस्तक्षेप से पीड़ित पक्ष ने अपने आप को मुक्त करवाया। इसके उपरांत शिकंद्राबाद स्टील व्यापारी घनश्याम ने एक होटल में पूरे घटनाक्रम का खुलासा प्रेसवार्ता में किया। उन्होंने बताया कि विधायक दिनेश कौशिक के साथ एक परिचित व्यक्ति के माध्यम से उनकी मुलाकात हुई। विधायक ने कहा कि वे स्टोन क्रैसर का व्यवसाय कर रहे हैं। उनकी पत्नी संध्या कौशिक को मैसर्ज एसटीन एक्वेशन एंड माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड यमुनानगर का निदेशक बताया। इन्होंने मित्रता लोन के तौर पर एक करोड़ रुपये की राशि ली। यह राशि घनश्याम की पत्नी सरोज बाला और पुत्रवधू रेनू कंदोई ने 50-50 लाख करके दी थी। एग्रीमेंट के अनुसार विधायक ने 10 लाख रुपये प्रति माह रकम वापिस करनी थी। दस सितंबर 2018 से यह क्रम शुरू होना था। इस ऋण का ब्याज 2.50 लाख रुपये प्रति माह निर्धारित हुआ था। विधायक परिवार ने गारंटी के तौर पर कुरुक्षेत्र स्थित आंध्रा बैंक के कई चेक दिए थे। इतना ही नहीं विधायक दिनेश ने भी राशि वापिस करने की गारंटी ली थी। लेकिन शर्त के अनुसार राशि की वापिस नहीं की। जो चेक दिए थे वे भी बाउंस हो गए।




कैथल। पूंडरी में पुलिस व पीड़ित व्यापारी के साथ नोकझोंक करते विधायक के समर्थक और विधायक के आवास पर पहुंची हैदराबाद पुलिस ।

### हैदराबाद पुलिस ने दर्ज किया था केस

इस पर घनश्याम ने हैदराबाद के पुलिस स्टेशन बोवनपाली में शिकायत दी। घनश्याम की पत्नी को केवल 17. 50 लाख की राशि का भुगतान किया। जबकि ब्याज सहित 47.50 लाख रुपये बकाया है। इसी तरह पुत्रवधू रेनू की राशि में से अब तक 32.50 लाख रुपये का भुगतान किया। ब्याज सहित 32.50 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया गया। इस पर मजबूरन 2 जुलाई 2019 को विधायक परिवार द्वारा धोखाधड़ी करने पर उन्हें हैदराबाद पुलिस की शरण लेनी पड़ी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दिया। इसी मामले की पुलिस कार्रवाई में सहयोग देने के लिए घनश्याम रविवार को पूंडरी में विधायक आवास पर हैदराबाद पुलिस के साथ आए।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

विधायक ने उनके साथ मोबाइल पर बातचीत करते हुए खुद को मुख्यमंत्री की बैठक में बताया। उन्होंने विधायक को कहा कि जब तक बैठक खत्म होगी वे उनके आवास पर इंतजार करेंगे। इससे गुस्साए विधायक ने फोन काट दिया। कुछ देर बाद विधायक के लोगों ने घनश्याम को कमरे में बंधक बना लिया। मारपीट की गई और जान से मारने की धमकियां मिली। साथ ही मौके पर मौजूद पत्रकारों के मोबाइल छीनकर मारपीट की गई। उनके साथ आए अन्य लोगों ने हैदराबाद और स्थानीय पुलिस को सूचित कर उनको छुड़वाया। पत्रकारों ने इसकी शिकायत पुलिस में दी है।

### डीसी ने लिया संज्ञान

जिला उपायुक्त डॉ.प्रियंका सोनी ने बताया कि पत्रकार संगठन ने पूंडरी विधायक के आवास पर कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ मारपीट, मोबाइल छीनने और जान से मारने की धमकी की शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। जिला प्रशासन पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है।

### नहीं की कॉल रिसीव

विधायक दिनेश कौशिक से प्रभावित पत्रकारों ने कई बार मोबाइल पर संपर्क किया लेकिन विधायक ने काल रिसीव नहीं की। जबकि वे उनके लोगों से निरंतर फोन पर संपर्क में रहे।

### कार्रवाई के लिए आए थे

हैदराबाद पुलिस टीम के जांच अधिकारी श्रीनिवासा राव कुना ने बताया कि संबंधित मामले में दर्ज एफआईआर के अनुसार वे शिकायतकर्ता पक्ष के साथ पूंडरी में विधायक आवास पर कार्रवाई के लिए पहुंचे थे। हैदराबाद के बोवनपाली थाना पंचवटी कालोनी में प्रभावित पक्ष की शिकायत पर लेन-देन के मामले में धोखाधड़ी सहित अन्य धारा के तहत मामला दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### भर्ती परीक्षा की उत्तरकुंजी आज वेबसाइट पर

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 17 व 18 अगस्त को एसिस्टेंट ब्लॉक रिसोर्स कोर्डिनेटर एवं ब्लॉक रिसोर्स पर्सन भर्ती परीक्षा आयोजित करवाई गई। इस परीक्षा के सभी विषयों की उत्तरकुंजी बोर्ड की वेबसाइट पर 19 अगस्त से सार्वजनिक की जाएगी। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह एवं सचिव राजीव प्रसाद ने बताया कि यदि किसी परीक्षार्थी को प्रश्न-पत्र बुकलेट में दिए किसी भी प्रश्न या उत्तरकुंजी में दिए गए किसी भी प्रश्न के उत्तर के बारे में आपत्ति है तो पूर्ण तथ्यों सहित 19 से 21 अगस्त तक अपनी आपत्ति ई-मेल आईडी पर निःशुल्क भेज सकते हैं। इसके बाद में किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### क्रेडिट कार्ड हैक करके लगाया 1 लाख का चूना

**अंबाला।** शातिर साइबर ठग ने एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड को हैक कर 1 लाख रुपये से अधिक का चूना लगा दिया। पुलिस ने पीड़ित संदीप शर्मा निवासी जग्गी कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज किया है। संदीप ने बताया कि उसके पास आरबीएल बैंक का क्रेडिट कार्ड है। नेट से इस कंपनी का कस्टमर केयर नंबर मिला, जहां काल करने पर उससे क्रेडिट कार्ड का सीवीवी नंबर मांगा, जिसे उसने देने से इंकार कर दिया। बाद में उसने गूगल प्ले स्टोर से आरबीएल बैंक का एप डाउनलोड किया। इसी बीच बैंक के फर्जी कस्टमर केयर अधिकारी की काल कट गई। बाद में संदीप को बैंक से पता चला कि उसका क्रेडिट कार्ड हैक हो गया है और किसी ने उस कार्ड से रुपये ट्रांसफर व खरीददारी कर उसे 1 लाख 4 हजार का चूना लगा दिया है।

# पंजाब व हरियाणा में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, सेना को तैयार रहने को कहा गया

## हथनीकुंड बैराज से यमुना नदी में छोड़ा आठ लाख 50 हजार क्यूसेक पानी

### यमुना के साथ लगते इलाकों में घुसा पानी, हजारों एकड़ फसल जलमग्न

### जलस्तर और बढ़ने की आशंका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़/यमुनानगर

हरियाणा और पंजाब में लगातार हो रही बारिश की वजह से रविवार को कुछ इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। इसके मद्देनजर दोनों राज्य के प्रशासन को हाई अलर्ट पर रखा है। यमुना नगर में यमुना नदी पर बने हथिनी कुंड बैराज में जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचने से पहले उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कई नदी-नाले भी यमुना के जलस्तर में वृद्धि कर रहे हैं।

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने रविवार को बाढ़ की चेतावनी जारी करते हुए करनाल, पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद और पलवल जिलों के उपायुक्तों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि यमुना में रविवार शाम छह बजे जल बहाव का स्तर 8,28,072 क्यूसेक था, जिसे भीषण बाढ़ वाली श्रेणी में रखा जाता है।

उन्होंने बताया कि यमुना के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश की वजह से जलस्तर और बढ़ने की आशंका है। अधिकारियों ने कहा, '' नदी में अधिक पानी छोड़े जाने के मद्देनजर संबंधित जिलों को बाढ़ की चेतावनी दी गई है। हरियाण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सेना प्राधिकार को लिखे पत्र में सैन्य कर्मियों को बाढ़ से उत्पन्न किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है, ताकि त्वरित आधार उनकी तैनाती की जा सके।



यमुनानगर। रविवार को खिजराबाद क्षेत्र में उफान पर बहती हुई यमुना नदी व हथनीकुंड बैराज से बहता पानी। फोटो : हरिभूमि

### पंजाब के 81 गांव खाली करवाने के आदेश

पंजाब के रूपनगर, फतेहगढ़ साहिब और पठानकोट जैसे इलाकों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। रूपनगर में पटरियों पर पानी भरने की वजह से कुछ रेलगाड़ियों को रद्द किया गया है। प्रशासन ने इलाके के स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। रूपनगर से दो लाख क्यूसेक पानी छोड़ने के मद्देनजर जालंधर के उपायुक्त विरेंदर सिंह शर्मा ने फिल्लौर, नकोदर और शाहकोट के एसडीएम को 81 गांवों को खाली कराने का आदेश दिया है। जालंधर जिला प्रशासन ने भाखड़ा बांध से पानी छोड़े जाने के मद्देनजर सतलुज नदी के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा है। फिरोजपुर में भी बाढ़ के कारण 20 गांवों को खाली कराने का आदेश दिया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने मौसम विभाग की ओर से और बारिश की संभावना जताए जाने के बाद सभी जिला उपायुक्तों को हालात पर करीब से नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

### पंजाब : दीवार ढहने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**खन्ना।** पंजाब के खन्ना कस्बे के एक गांव में बने मकान की छत भारी बारिश की वजह से ढहने से उसमें रह रहे परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को गांव ओल में हुई इस घटना में सुरजीत सिंह (35), उनकी पत्नी बलजिंदर कौर (32) और उनके नौ साल के बेटे गुरप्रीत सिंह की मौत हो गई। उनकी दस साल की बेटी इस दुर्घटना में बाल बाल बच गई।

### ट्रैक पर जलभराव : जन शताब्दी सहित तीन ट्रेन रद

**सोनीपत।** अंबाला डिविजन के सरहिंद-नांगलडैम सेक्शन पर जल भराव के कारण उत्तर रेलवे ने तीन ट्रेनों को रद कर दिया है। इनमें नई दिल्ली से सोनीपत होकर अंबाला की तरफ जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस भी शामिल हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेलवे लाइन पर पानी भरने के कारण ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द करने का निर्णय लिया। जनशताब्दी ट्रेन के रद्द होने के कारण यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। जिन्होंने ट्रेन में बुकिंग करवाई थी, वे अपनी बुकिंग कैंसिल करवाते रहे। विदित हो कि अंबाला डिविजन में हो रही बारिश के चलते सरहिंद-नांगलडैम सेक्शन पर पानी भर गया है।



### ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से गुरदासपुर में 11 लोगों को बचाया गया

**गुरदासपुर (पंजाब)।** ब्यास नदी का जल स्तर बढ़ने से गुरदासपुर जिले के ग्रामीण इलाकों में पानी घुस गया और इसमें फंसी चार महिलाओं सहित 11 लोगों को बचा लिया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उपायुक्त विपुल उज्ज्वल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गुज्जर समुदाय के कुछ लोग और उनके मवेशी लगातार हो रही बारिश से ब्यास नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से चचियां शोरियां गांव के पास फंस गए हैं। अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन और सेना के संयुक्त अभियान में उन्हें बचा लिया गया। उपायुक्त ने लोगों से अपील की है कि वे रावी तथा ब्यास नदी के पास और नदी के निचले इलाकों में जाने से बचे क्योंकि मौसम विभाग ने दिन में भारी बारिश का अनुमान जताया है।

### सोमनदी के पुल को खतरा

सोमनदी के उफान पर आने से रणजीतपुर के नजदीक नदी पर स्थित पुल को खतरा हो गया है। नदी में लगातार बढ़ रहे बरसात के पानी से पुल के किनारे धंसने लगे हैं और मिट्टी का कटाव शुरु हो गया है। जिसके कारण पुल के किनारे से गुजरने वाले भारी वाहन उसमें धंसने की संभावना बन गई है। वहीं सोमनदी के उफान पर आने से बिलासपुर मार्ग पर, छोटा बस स्टैंड, अनाज मंडी के गेट नंबर एक व दो, वीटा मिल्क प्लांट के सामने भी कई-कई फुट पानी भरने से लोग परेशान हो गए।

### यातायात बाधित

सोमनदी के उफान पर आने से मलिकपुर-लेदी मार्ग पर एक से डेढ़ फुट पानी भर गया। जिसकी वजह से घंटो यातायात बाधित रहा। राहगिर मार्ग पर भरे कई-कई फुट पानी के बीच से गुजरते हुए अपने गंतव्यों पर पहुंचे।

## अंबाला : बंदी ने फांसी लगाने का किया प्रयास

**अंबाला।** अंबाला सेंट्रल जेल के एक बंदी ने रविवार दोपहर जेल में फंदा लगाकर खुदकशी करने की कोशिश की, लेकिन उसे जेल कर्मचारियों ने देख लिया और तुरंत सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के बाद जेलबंदी योगेश को बचा लिया। जेल कर्मचारियों को योगेश के पास एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने जेल के एक आलाधिकारी सहित 3 कर्मचारियों व विजिलेंस टीम पर कथित तौर पर उसे परेशान करने व उत्पीड़न करने के आरोप लगाए हैं। थाना बलदेव नगर पुलिस जांच कर रही है। योगेश साहा क्षेत्र में ज्वेलर की दुकान में हुई डकैती के मामले में 2015 से जेल में बंद है।

## झज्जर: बिजली बिल क्लेक्शन कर्मियों से लूटे डेढ़ लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- बिरोहड़-खाचरौली मार्ग पर बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, पुलिस कर रही जांच

साल्हावास क्षेत्र में बिरोहड़-खाचरौली मार्ग पर रविवार दोपहर बाद मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने कार सवार बिजली बिल क्लेक्शन कर्मचारियों से हथियारों के बल पर डेढ़ लाख रुपये की राशि लूटने की वारदात को अंजाम दिया। बाद में पीड़ित कर्मियों ने सूचना पुलिस को दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए नाकाबंदी करवाई। लेकिन आरोपित बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया। जानकारी के अनुसार प्रवीन पुत्र राजकुमार निवासी गांव बिरोहड़ और संदीप पुत्र ज्ञानचंद निवासी गांव भूरावास बिजली निगम के बिल वितरण व कैश क्लेक्शन का कार्य किसी कंपनी के तहत करते है। दोनों रविवार को खाचरौली, बिरोहड़ व अन्य गांव में बिजली बिल क्लेक्शन के लिए अपनी कार पर निकले थे। उन्होंने डेढ़ लाख रुपये बिजली बिल के एकत्रित कर लिए थे। जब वह दूसरे गांव में बिजली बिल क्लेक्शन करने केलिए जा रहे थे।

## नारनौल : तालाब में डूबने से व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** शहर के शोभासागर तालाब में डूबने से एक व्यक्ति मौत हो गई। रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि शोभासागर तालाब में एक व्यक्ति मृत पड़ा है। पुलिस ने शव बाहर निकालकर लोगों से पहचान करवाई तो पता चला कि मृत व्यक्ति भजनलाल है वह मोहल्ला मालीटिब्बा का रहने वाला है। पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। परिजनों ने बताया कि भजनलाल बाइक रिपेयरिंग का कार्य करता था। वह शनिवार की देर शाम बिना बताए घर से चला गया था। पुलिस ने मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अमृतसर: 67 वीं विश्व स्तरीय सिख शिक्षा कांफ्रेस के लिए बनाई रणनीति

**अमृतसर।** चीफ खालसा दीवान की ओर से धर्म प्रचार के लिए शुरू किए अभियान में तेजी लानी शुरू कर दी है। इसी के तहत दीवान की ओर से श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में एक विश्व स्तरीय सिख शिक्षा कांफ्रेस आयोजित करने का फैसला लिया है। तीन दिनों तक चलने वाली यह कांफ्रेस सुलतानपुर लोधी में 27 से 29 सितंबर तक आयोजित की जा रही है। इस कांफ्रेस में दीवान के साथ सबंधित अलग अलग शिक्षण व अन्य संस्थानों से अधिकारी, अध्यापक व विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। दीवान के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. इंद्रबीर सिह निज्जर ने एक बैठक दीवान के साथ संबंधित संस्थानों के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ बैठक की। इस मौके 67वीं इस सिख शिक्षा कांफ्रेस को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान विद्यार्थियों को सिख धर्म के साथ जोड़ने के साथ साथ उनके अंदर गुरबाणी व ककारों के महत्व के संबंध में प्रचार करने संबंधी विचार किए। वहीं गावों व कस्बों में भी धर्म प्रचार के सेमिनार आयोजित करने पर नीति तय की गई। विद्यार्थियों के अंदर खेलों की भावना को प्रोत्साहित करने की योजना पर भी चर्चा हुई। इस दौरान कांफ्रेस के लिए कमेटियां गठित करने, कनवीनर व को कंनवीनर आदि बनाने पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में दीवान के पदाधिकारियों सविंदर सिंह कत्थूनंगल, डॉ जसविंदर सिंह ढिल्लों, रजिंदर सिंह मरवाह, सुखजिदर सिंह प्रिस व डॉ धर्मवीर आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### चुनाव से पहले काम न निपटाने वालों पर गिरेगी गाज

# पेंशन बनाने में देरी करने वालों पर शिकंजा

- सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग की जिलों पर पैनी नजर

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के प्रार्थना पत्रों को समय पर निपटाने और लोगों को लाभ पहुंचाने मैं देरी करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को लेकर प्रदेश की मनोहर सरकार शिकंजा कसने की तैयारी में है। चुनाव सिर पर होने के कारण पेंशन का इंतजार करने वाले लगातार राजनेताओं को उन्हें परेशान किए जाने संबंधी शिकायत कर रहे हैं, ऐसे में उन अधिकारियों के लिए देरी करना गले की फांस बनेगा।।

भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों में सामाजिक पेंशन लेने के लिए बुजुर्गों के अलावा विधवा, दिव्यांग, अन्य कई तरह की पेंशन पाने के लिए लोग भटक रहे हैं। किसी भी पेंशन के लिए आवेदन करने के दो माह के अंदर जिला समाज कल्याण आफिस को मामले का निस्तारण करना होगा, स्पष्ट आदेश के बाद भी कई जिलों में लोग तीन से चार माह तक भी चक्कर लगाने में लगे हुए हैं। इस तरह की शिकायतें कई जिलों की आ रही हैं, इसीलिए आने वाले वक्त में इस काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों व अफसरों पर गाज गिराई जा सकती है।

### सोनीपत में फिसड्डी, 30 फीसदी मामले लंबित

जिन जिलों में रफ्तार मंद है, उन जिलों पर नजर डालें तो इसमें सबसे ऊपर सोनीपत जिला आता है, जहां 30 फीसदी मामले लंबित हैं। इस जिले में लंबित प्रार्थना पत्रों की संख्या 6,837 है। इसके अलावा कैथल में 26 फीसदी, फतेहाबाद में 24 फीसदी जबकि करनाल में 23, पानीपत में 20 फीसदी मामले लंबित हैं। इसी तरह से जींद में 16 फीसदी, सिरसा में 15 फीसदी, भिवानी में 9, हिसार में 8 इसी तरह से नूंह में छह फीसदी गुरुग्राम में पांच फीसदी प्रार्थना पत्र लंबित हैं।

### पेंशन बनाने में रोहतक अव्वल महेंद्रगढ़ और दादरी सेकंड

जिन जिलों में लंबित मामले 3 फीसदी से भी कम हैं, उनकी बात करें, तो झज्जर में 3 फीसदी, रेवाड़ी तीन, पलवल में तीन, चरखी दादरी 2 फीसदी, महेंद्रगढ़ दो फीसदी जबकि रोहतक में एक फीसदी प्रार्थना पत्र लंबित हैं।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं



सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग के राज्य मंत्री कृष्ण बेदी का इस संबंध में कहना है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन जिलों में मामले लंबित हैं, वे प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें।

**बेहतरीन काम करने वाले जिले:** जिन जिलों में लंबित मामले सबसे कम हैं, उनमें पंचकूला, कुरुक्षेत्र, अंबाला शामिल हैं। इन तीनों जिलों में समयबद्ध तरीके से काम होने के कारण अपडेट चल रहा है। लेकिन कईं जिलों में 60 दिनों के अंदर अंदर निपटारे के आदेश को धता बताया जा रहा है।

## मांगें पूरी नहीं हुई तो संघर्ष करेंगे मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर

**भटिंडा।** बेरोजगार मल्टीपर्पज हैल्थ वर्कर यूनियन की एक मीटिग खुशविदर पाल की अध्यक्षता में हुई जिसमें लंबे समय से लटकती आ रही मांगों पर विचार विमर्श किया गया। मीटिग में नेताओं ने लोकसभा चुनाव से पहले सेहत मंत्री ब्रह्म मोहिदरा की ओर से किया गया वादा याद करवाते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले सेहत मंत्री और सांसद परनीत कौर ने हमसे वादा किया था कि लोकसभा चुनाव में आप हमारा साथ दें और हम वोटों के बाद आपकी 1263 पोस्टों की चल रही भर्ती में बढ़ोतरी करके जल्दी ज्वाइन करवाएंगे। इसके बाद हमारी यूनियन की ओर से कांग्रेस का सहयोग किया था। परंतु उन्होंने अपना किया हुआ वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में सरकार अगर अपना वादा पूरा नहीं करती तो मजबूर होकर पंजाब के वर्करों को साथ लेकर बड़ा संघर्ष किया जाएगा। इस मौके परमजीत सिंह, गुरजीत सिंह, हरजिदर सिंह, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, राजविदर सिंह, राजू सिंह आदि हाजिर थे।

एन एस आई सी
NSIC
ISO 9001:2015
निविदा सूचना
सं.एसआईसी/एडमिन/3/35/19-20 दिनांक: 19 अगस्त, 2019
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएसआईसी की ओर से दिल्ली/एनसीआर आधारित अनुभवी एवं पात्र एजेंसियों/ फर्मों/ कम्पनियों से ''संबद्ध सेवाओं'' के लिए कर्मचारियों को प्रदान करने के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
अधिक जानकारी के लिए कृपया www.nsic.co.in देखें अथवा निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:
प्रबंधक (प्रशासन)
राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड
एनएसआईसी भवन, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110020
दूरभाष नं. +911126322830
एनएसआईसी कार्यालय : +911126926275 (522/525)
निविदाएं प्राप्त होने की अंतिम तारीख 29.08.2019 को 15.00 बजे तक है।
इस संबंध में कोई शुद्धिपत्र या परिशिष्ट होगा, तो वह केवल एनएसआईसी वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा।

खबर संक्षेप

## आरा में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष समेत दो लोगों को मारी गोली

**पटना।** बिहार में अपराधी लगातार घटना को अंजाम दे रहे हैं। आरा में रविवार की सुबह बाइक सवार बदमाशों ने छात्र कांग्रेस के जिलाध्यक्ष समेत दो लोगों को गोली मार दी। इस दौरान छात्र कांग्रेस अध्यक्ष मनीष सिंह उर्फ डुलडुल को तीन व उसके दोस्त प्रमोद सिंह उर्फ अप्पू को दो गोलियां मारी गयी हैं। दोनों घायलों की स्थिति गंभीर बनी है। इनका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित अस्पताल में चल रहा है। घटना शहर के डीएम आवास रोड में हुई। गोली मारे जाने की वजह पूर्व की रंजिश बतायी जा रही है। घटना से पूरे शहर में सनसनी मच गयी।

## भरे जाएं आरक्षण कोटे के खाली पदः मायावती

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने केंद्र सरकार से नौकरियों में आरक्षण कोटे के खाली पदों को विशेष अभियान चलाकर भरने की मांग की है। पूर्व सीएम मायावती ने ट्वीट में कहा कि देश में खासकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अगड़ी जातियों के करोड़ों गरीबों की आर्थिक हालत काफी खराब बनी हुई है। इस बारे में केंद्र, राज्य सरकारों से मांग है कि वे पीड़ित, उपेक्षित वर्गों पर विशेष ध्यान दें व गरीबी उन्मूलन आदि योजनाओं का सही लाभ उन्हें उपलब्ध कराये। केंद्र तथा सभी राज्य सरकारों से भी मांग है कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटे के खाली लाखों पदों को विशेष अभियान चलाकर पूरा करें।

### बरेली: आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जुटीं पुलिस की चार टीमें

# पत्नी की निर्मम हत्या, पति फरार

एजेंसी ⏭ बरेली (उप्र)

बरेली शहर के पॉश इलाके गांधीपुरम में घर के अंदर महिला की हत्या कर दी गई। वारदात में महिला का गला, दोनों कलाइयां काट दी गईं, दोनों आंखें भी फोड़ दी गईं। हत्या का आरोप उसके शिक्षक पति पर लगा है जो वारदात के बाद शव को कमरे में बंदकर फरार है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिनंदन सिंह ने रविवार को बताया कि गांधीपुरम इलाके में किराये के मकान में रहने वाली आरती रस्तोगी का खून से लथपथ शव शनिवार रात करीब 11 बजे उसके कमरे में पाया गया। शनिवार सुबह आरती के मायके के लोगों ने उसे फोन किया, मगर किसी ने नहीं उठाया। उसके पति धीरज का फोन भी बंद था। पूरे दिन कई बार कोशिश के बाद भी जब दोनों में से किसी से बात नहीं हो सकी तो आरती के मायके के लोगों ने शाम करीब सात बजे मकान मालिक नीरज की पत्नी मोनी अग्रवाल को फोन किया। मोनी ने वहां पहुंचकर खिड़की से झांका तो पाया कि आरती खून से लथपथ बिस्तर पर पड़ी थी। इस पर रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। दरवाजा तोड़कर कमरे में दाखिल होने पर वीभत्स नजारा दिखा। सिंह ने बताया कि आरती के साथ हद दर्जे की क्रूरता की गई थी। उसका गला, दोनों कलाइयां काट दी गई थीं व उसकी आंखें भी फोड़ दी गई थीं। घटना के बाद से आरती का पति धीरज लापता है। आरती के परिजन ने उस पर हत्या का आरोप लगाया है। मकान मालिक नीरज का कहना है कि आरती अक्सर आरोप लगाती थी कि दहेज की मांग को लेकर धीरज आए दिन उससे झगड़ा करता है। मामला पुलिस के पास भी गया था। चार दिन पहले अशरफ खां छावनी पुलिस चौकी में आरती ने शिकायत की तो पुलिस ने दोनों को बुलाकर समझाया था। बहरहाल, धीरज की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें बनाई गई हैं।



- वारदात में महिला का गला, दोनों कलाइयां काटी गईं व दोनों आंखें भी फोड़ी
- चार दिन पहले अशरफ खां छावनी पुलिस चौकी में आरती ने की थी शिकायत

# फोटो पत्रकार समेत दो की हत्या



### सीएम योगी ने मामले में सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया

इस बीच, राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता देने का ऐलान किया है। उन्होंने स्थानीय पुलिस को इस मामले में सख्त कार्रवाई करने के आदेश भी दिये हैं।



**लखनऊ।** यूपी के सहारनपुर जिले में रविवार को राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार के फोटो पत्रकार, उसके भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सहारनपुर के एसएसपी दिनेश कुमार ने बताया कि एक दैनिक अखबार के फोटो पत्रकार आशीष (23) व उसके भाई आशुतोष (19) की उनके पड़ोसी महिपाल सैनी ने गोली मारकर हत्या कर दी। महिपाल, आशीष के बीच गोबर फेंकने को लेकर विवाद था। रविवार सुबह इसे लेकर बात बढ़ने पर महिपाल व उसके बेटे ने आशीष के घर में घुसकर उसे तथा उसके भाई आशुतोष को गोली मार दी। दोनों को पास के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये तीन टीमें गठित की गई हैं।

- महिपाल, आशीष के बीच गोबर फेंकने को लेकर था विवाद

### उत्तम प्रदेश की जगह यूपी बना 'हत्या प्रदेश': अखिलेश



लखनऊ। प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को यूपी सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि यूपी पहले उत्तम प्रदेश था पर अब 'हत्या प्रदेश' बनकर रह गया है। प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। लखनऊ में फोटोग्राफर की प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद अखिलेश ने कहा कि राजधानी लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ की नाक के नीचे में सनसनीखेज हिट एंड रन मर्डर केस हो रहा है। दो युवकों को गाड़ी से कुचल दिया गया। लखनऊ से सटे सुल्तानपुर में तो हालात बेहद बिगड़े हैं। आज सहारनपुर में युवा पत्रकार और उसके भाई की हत्या कर दी गई। घटना पर पूर्व सीएम अखिलेश ने ट्वीट कर सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश जो उत्तम प्रदेश कहलाया जाना चाहिए था, आज हत्या प्रदेश कहलाया जा रहा है। पुलिस छोटे बदमाशों के पैर में गोली मारकर दहशत फैलाने में लगी है जबकि शातिर बदमाशों को संरक्षण दिया जा रहा है। योगी सरकार आखिर कौन सी नीति पर काम कर रही है, जिससे प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है।

### पत्रकारों मे रोष व्याप्त

पत्रकार, उसके भाई की हत्या को लेकर सहारनपुर के पत्रकारों मे रोष व्याप्त है। पत्रकारों ने बैठक आयोजित कर आशीष, भाई आशुतोष को श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों ने पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम से पीड़ित परिवार को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के दो सदस्यों को सरकारी नौकरी देने की मांग की। पत्रकार एम रियाज हाशमी ने बताया कि प्रदेश सरकार सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करे, मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर आरोपियो को फांसी की सजा दिलाएं।

# रामगढ़ में ट्रिपल मर्डर, गुस्साए लोगों ने सड़क पर फूंके टायर

### आरपीएफ के जवान ने पांच लोगों को मारी थी गोली



एजेंसी ⏭ रामगढ़

- गंभीर रूप से घायल दो लोग रांची के अस्पताल में भर्ती
- जाम से बरकाकाना स्टेशन जाने वाले लोगों को हुई दिक्कत
- आरोपी पवन को दो दिन पहले ही विभाग ने दिया था पिस्टल

झारखंड की राजधानी से सटे रामगढ़ जिला में ट्रिपल मर्डर केस से लोगों में आक्रोश है। गुस्साये लोगों ने रविवार को पतरातू-रामगढ़ मार्ग को जाम कर दिया और सड़क पर टायर जलाकर गुस्से का इजहार किया। इससे बरकाकाना स्टेशन जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि बरकाकाना रेलवे कॉलोनी में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान पवन कुमार सिंह ने शनिवार की रात करीब सवा आठ बजे रेलवे पोर्टर अशोक राम के घर में घुसकर उसके परिवार के पांच लोगों को गोली मार दी थी। अशोक राम, उनकी पत्नी लीला देवी व गर्भवती बेटी मीना देवी की मौत हो गई, जबकि एक और बेटी सुमन देवी व बेटा संजय राम गंभीर रूप से घायल अवस्था में रांची के अस्पताल में भर्ती हैं। अशोक राम की छोटी बेटी रजनी बाल-बाल बच गई। घटना को अंजाम देने के बाद पवन सिंह पिस्टल लहराते हुए भाग गया। घायल भाई-बहन को रांची रोड स्थित द होप अस्पताल ले जाया गया, वहां से रांची रेफर कर दिया गया। रांची ले जाने के क्रम में गर्भवती मीना देवी की भी मौत हो गई। घायल बेटी सुमन देवी, बेटा संजय राम को मेदांता में भर्ती कराया गया है। पवन को दो दिन पहले ही विभाग ने पिस्टल दिया था।

### दूध न देने पर हुआ था विवाद

हमले में बाल-बाल बची रजनी उर्फ प्रियंका ने पुलिस को बताया, उसके घर के सामने पवन कुमार सिंह रहता है। उसी के यहां दूध लेने आता था। शनिवार रात में पवन दूध लेने आया, इसी दौरान पिता अशोक राम से किसी बात पर उसकी बकझक हो गई। अशोक ने दूध देने से इनकार कर दिया। इसके बाद पवन ने पिस्टल निकाली व परिवार के पांच लोगों को गोली मार दी।

## शहीद थापा को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कश्मीर में शहीद हुए लांसनायक संदीप थापा को रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राजावाला स्थित थापा के घर पहुंचे मुख्यमंत्री रावत ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया तथा उन्हें सलामी दी। वह उनके परिजनों से भी मिले तथा उन्हें सांत्वना दी तथा कहा कि राज्य सरकार संकट की इस घड़ी में उनके साथ है। इससे पहले, थापा का पार्थिव शरीर लाया गया और बाद में पूरे सैनिक सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की गई। पाकिस्तान सेना द्वारा शनिवार को की गई भारी गोलाबारी में जम्मू-कश्मीर में राजौरी में तैनात 35 वर्षीय थापा शहीद हो गये थे।

## राशिफल 19 अगस्त 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : शादीयोग्य लोगों को शादी का प्रस्ताव मिलने की संभावना है। पेशेवर मोर्चे पर उठाए गए कदम का अच्छा परिणाम जल्द ही सामने आने के संकेत हैं। शुभ अंकः 15, रंग : पेरॉट ग्रीन।

**वृषः** समाजिक मोर्चे पर चुपचाप कोई कदम उठाने से परहेज कर सकते हैं। आर्थिक मोर्चे पर सुकून बना रहेगा। छोटा सा अवकाश आपको तरोताजा और उर्जावान बना सकता है। शुभ अंकः 3, रंगः कॉफी।

**मिथुनः** शैक्षणिक मोर्चे पर आपके द्वारा तय किए गए काम बांकी रह जाने की संभावना है। कोई पेशेवर मोर्चे पर आपकी उपलब्धि को लेकर नाकारात्मक बातें फैला रहा है। शुभ अंक : 17, रंगः बैंगनी।

**कर्कः** समाजिक समारोह में किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात होने की संभावना है। जिसे प्यार पाने की चाहत है उनकी ख्वाहिश जल्द ही पूरी होने के संकेत हैं। शुभ अंकः 4, रंगः गहरा सलेटी।

**सिंहः** किसी निजी मामले को सहूलियत के हिसाब से सुलझा सकते हैं। आर्थिक मोर्चे पर स्थिति सुखद रहने की संभावना है। उर्जावान बने रहने के लिए स्वास्थ के प्रति सजग रहेंगे। शुभ अंकः 22, रंगः नीला।

**कन्याः** पेशेवर मोर्चे पर कोई आपके अधिकार पर सवाल उठा सकता है। शैक्षणिक मोर्चे पर अच्छे परिणाम से बस चंद कदम की दूरी पर हो सकते हैं। प्रबल इच्छा सफल हो सकती है। शुभ अंकः 11, रंगः सफेद।

**तुलाः** घर से दूर रहने वाले लोग परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए घर आ सकते हैं। शैक्षणिक मोर्चे पर एकाग्रता हासिल करने में कामयाब होने की संभावना है। शुभ अंकः 7, रंग : मरुन।

**वृश्चिकः** किसी भी गलतफहमी से बचने के लिए किसी के बारे में अपनी राय को अपने पास ही रखना बेहतर होगा। व्यापारिक मोर्चे पर सपने पूरे करने का मौका मिल सकता है। शुभ अंकः 8, रंग : परपल।

**धनुः** पहले बुक किया गया मकान अब मिल जाने की संभावना है। कोई उपहार आपको मुश्किल परिस्थिति से बचा सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहने की संभावना है। शुभ अंक : 1, रंगः सफेद।

**मकरः** शैक्षणिक मोर्चे पर आपकी गलती मंहगी पड़ सकती है, सावधान रहें। काम का अधिक बोझ लेने के कारण आप किसी के साथ न्याय करने में सक्षम नहीं हो सकते। शुभ अंक : 9, रंगः परपल।

**कुंभ** : अपनी क्षमता, कौशल का विकास करने के लिहाज से आज का दिन बहुत ही अच्छा साबित हो सकता है। आप प्रदर्शन में स्थिरता लाकर आलोचकों का मुंह बंद कर सकते हैं। शुभ अंक : 5, रंगः हल्का हरा।

**मीनः** पेशेवर मोर्चे पर दिए गए काम को पूरा करने में बिलंब की संभावना है पर आप उसकी भरपाई करने में सक्षम हैं। अच्छे नेटवर्किंग की वजह से शैक्षणिक मोर्चे पर अच्छा ब्रेक मिल सकता है। शुभ अंक : 2, रंग : सफेद।

**:टिप्स:**

1. घर और शोरगुल पैदा करने वाले पडोसी के घर के बीच में विंड चाइम लगाएं। विंड चाइम नाकारात्मक तरंगों को आपके घर से दूर रखेगा।
2. यदि आप लगातार छल का शिकार हो रहे हैं या सहकर्मी द्वारा आपके खिलाफ कोई षडयंत्र कर रहा हो तो, चोंच वाला मुर्गा और कंघी अपने पास रखें।
2. छोटा सा चौमुखी क्रिस्टल बॉल बेडरुम की छत से लगाएं, इसे नौ इंच लम्बे लाल रिबन से बांध दें। यह आपके प्यार भरे जीवन को रंग से भर देगा।



टिप्सः मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## बिहार शिक्षा विभाग की वेबसाइट हैक कर लिखा- 'लव यू पाकिस्तान', मचा हड़कंप

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक कर ली गई है। रविवार को इसे खोलने पर जब इसपर 'लव यू पाकिस्तान' लिखा मिला तो हड़कंप मच गया। वेबसाइट से शिक्षा विभाग से संबंधित जानकारियां गायब हैं और उस पर पाकिस्तान से जुड़े कई आपत्तिजनक बातें लिखी हुईं हैं।

जानकारी के अनुसार, शिक्षा विभाग की वेबसाइट रविवार दोपहर बाद हैक कर ली गई है। वेबसाइट पर पाकिस्तान व अल्सपंख्यक समुदाय को लेकर कई तरह की अनाप-शनाप बातें लिखी हुईं हैं। इसमें शिक्षा विभाग के पावर को भी चुनौती दी गई है। कई जगह 'वी लव पाकिस्तान' लिखा हुआ है। समाचार दिए जाने तक वेबसाइट को ठीक नहीं किया जा सका है। इस संबंध में कोई भी अधिकारी अभी कुछ भी बताने से इनकार कर रहा है। घटना को लेकर बिहार के सरकारी महकमे में सनसनी मच गई है।



- वेबसाइट से शिक्षा विभाग से जुड़ी जानकारियां हैं गायब

## पूर्व क्रिकेटर प्रवीण कुमार के ससुर तीसरी मंजिल से गिरे, मौत

**मेरठ।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर प्रवीण कुमार के ससुर अनिल कुमार की मकान की तीसरी मंजिल से नीचे गिरकर मौत हो गई। थाना टीपी नगर पुलिस प्रभारी प्रमोद कुमार गौतम के अनुसार, परिवार के सदस्यों ने बताया कि रविवार सुबह करीब सवा दस बजे अनिल कुमार पुदीने की पत्तियां तोड़ने के लिए मकान की तीसरी मंजिल पर गए थे। बारिश का पानी जमा होने से उनका पैर फिसल गया, वह तीसरी मंजिल से बगल के खाली पड़े मकान में जा गिरे। अनिल कुमार (55) सेना से सेवानिवृत्त हवलदार थे। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल अनिल को बागपत रोड पर केएमसी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## नौका दौड़...



**मिर्जापुर (यूपी)।** रविवार को 'कजरी उत्सव' के अवसर पर गंगा नदी में पारंपरिक नौका दौड़ के दौरान ग्रामीणों ने दौड़ाई अपनी-अपनी नौकाएं। फोटो- एजेंसी

# पीछे पड़ी पुलिस, विधायक अनंत हुए फरार

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार के मोकामा से निर्दलीय बाहुबली विधायक अनंत सिंह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए हैं। देर रात से जब पटना पुलिस अनंत सिंह को गिरफ्तार करने पहुंची तो वह अपने घर में नहीं थे।

अनंत सिंह के अन्य ठिकानों पर भी पुलिस ने छापेमारी की पर वह कहीं नहीं मिले। सूत्रों की मानें तो अनंत सिंह के नजदीकी लोग भी उनकी किसी भी जानकारी होने से इनकार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए अनंत सिंह फरार हो गए हैं। स्थानीय पुलिस ने बताया कि अनंत सिंह को लेकर हमने उनकी पत्नी से बात की पर उन्होंने कोई भी जानकारी नहीं दी। हमलोग कानून के मुताबिक अगली कार्रवाई करेंगे। अनंत के घर से एके-47 राइफल व दो ग्रेनेड बरामद होने के बाद पटना के बाढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

पुलिस ने उन पर आतंकवाद निरोधी कानून यूएपीए के तहत केस दर्ज किया है।



- पत्नी ने पुलिस को अनंत के बारे में नहीं दी कोई भी जानकारी

### पुलिस ने नकारे आरोप

अनंत सिंह ने छापेमारी के दौरान पुलिस द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि छापेमारी की उन्हें सूचना नहीं दी गई, इसके बारे में उन्हें गांव के अन्य लोगों से जानकारी मिली। पुलिस ने अनंत के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, उनके घर में छापेमारी दंडाधिकारी की उपस्थिति में कानून के अनुसार किए जाने के साथ पूरी कवायद की वीडियोग्राफी करवाई गई है।

### आतंकी घोषित करने की है तैयारी

गैरकानूनी गतिविधियां प्रतिबंधित कानून यानी यूएपीए के तहत अनंत पर आतंकी घोषित होने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं विधायक ने इसे षड्यंत्र करार दिया। आपको बता दें कि पुलिस ने अनंत के पैतृक गांव में उनके आवास पर छापेमारी की थी।

## भाजपा में औपचारिक रूप से शामिल हुए संजय सिंह समेत कई नेता

एजेंसी ⏭ लखनऊ

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय सिंह व राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले सपा के संजय सेठ तथा सुरेन्द्र सिंह नागर ने रविवार को औपचारिक रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में संजय सिंह, उनकी पत्नी पूर्व मंत्री अमिता सिंह, सपा छोड़ने वाले राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुरेन्द्र सिंह नागर, संजय सेठ ने औपचारिक तौर से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर भी मौजूद थे। स्वतंत्र देव सिंह ने इस अवसर पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से भाजपा और मजबूत होगी। भाजपा अन्य दलों से अलग है व उसकी सोच भी बिल्कुल अलहदा है। पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह की सोच देश व गरीबों के लिये है। इसी सोच के तहत अनुच्छेद 370 व 35ए का जो कलंक था, वह समाप्त हुआ है। इससे बड़ा संदेश गया है। उन्होंने संजय सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी लोकप्रियता सिर्फ यूपी में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में है। वहीं, उनकी पत्नी अमिता के बारे में कहा कि वह पहले भाजपा सरकार में मंत्री थीं। बाद में छोड़कर थोड़ा 'इधर-उधर' हो गयीं, लेकिन ये उनकी पुनः वापसी है। हमको विश्वास है कि वे इस बार स्थायी तौर पर पार्टी के साथ

# पाण्डेय ने खतरे में बताई अभिव्यक्ति की आजादी

एजेंसी ⏭ लखनऊ

रेमन मैगसेसे पुरस्कार से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पाण्डेय ने प्रशासन पर राष्ट्रीय मुद्दों से संबंधित बात ना रखने देने का आरोप लगाते हुए इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खत्म करने की कोशिश करार दिया। पाण्डेय ने बताया कि पिछले करीब एक सप्ताह के दौरान पुलिस ने उन्हें कुछ राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी बात रखने से तीन बार रोका। उन्हें 11, 16 व 17 अगस्त को उनके घर में नजरबंद कर दिया गया। देश में अभिव्यक्ति की आजादी खतरे में है। हम शनिवार को अयोध्या में धार्मिक सौहार्द से जुड़े दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे पर हमें रास्ते में ही रोक लिया गया। जिस तरह से कार्यक्रमों को रोका जा रहा है, उससे लगता है, देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता समाप्त कर दी गई है। गत 16 अगस्त को हमें कैंडल मार्च निकालना था पर हमें हजरतगंज की तरफ नहीं जाने दिया गया।



### गलत हैं आरोपः डीएम

लखनऊ के डीएम कौशल राज शर्मा ने आरोपों को गलत करार देते हुए कहा कि पाण्डेय को इको गार्डन में धरना देने से किसने रोका है? चूंकि हाईकोर्ट ने पाबंदी लगाई है, लिहाजा उन्हें हजरतगंज में प्रदर्शन नहीं करने दिया गया। आखिर वह ऐसी जगह ही क्यों चुनते हैं, जहां प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी जा सकती।

### प्रयागराज नगर निगम ने घड़ी को चालू करने के प्रयास किए तेज

# ऐतिहासिक घंटाघर फिर बताएगा समय

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

पिछली शताब्दी के शुरू में शहर के व्यस्त चौराहे पर बनाया गया विशाल घंटाघर 30 बरस बाद फिर समय बताएगा। प्रयागराज नगर निगम ने ऐतिहासिक घंटाघर की घड़ी, घंटे को चालू हालत में लाने की कोशिश तेज कर दी है। इसके कलपुर्जे मिलने में दिक्कतें आ रही हैं पर उम्मीद है कि इस बरस अक्तूबर तक चालू हालत में होगा। प्रयागराज स्थित चौक घंटाघर भारत के सबसे पुराने बाजारों में से एक है, मुगलों की परंपरागत स्थापत्य, निर्माण कला का नमूना है। इसे लखनऊ के घंटाघर के बाद यूपी का दूसरा सबसे पुराना घंटाघर कहा जाता है। इसके खंभों पर रोमन नक्काशी की सुंदर कलाकृतियां उकेरी गई हैं, जो सौ बरस बीत जाने पर धुंधली भले हो गई हों पर उनकी खूबसूरती में कहीं कोई कमी नहीं आई। अब अगर घंटाघर बनाने के औचित्य की बात करें तो 1881 में लखनऊ में बना घंटाघर देश का सबसे ऊंचा घंटाघर है। यह ऐसा समय था जब अंग्रेज अफसरों के अलावा घड़ी किसी के पास नहीं होती थी। कृषि प्रधान देश में सूरज के उगने, छिपने से वक्त का अंदाजा लगाया जाता था पर अंग्रेज हुकूमत के सरकारी दफ्तरों, फैक्ट्रियों में काम करने वाले लोग समय पर काम पर पहुंचे इसके लिए शहर के बीचोंबीच व्यस्त चौराहे पर विशाल घंटाघर बनवाने का चलन शुरू हुआ। यह इमारत संबद्ध शहर की पहचान, इतिहास का हिस्सा हुआ करती थी। लखनऊ का घंटाघर अवधी, ब्रिटिश स्थापत्यकला का नमूना है।



- सौ बरस बीते, खंभों पर उकेरी गई रोमन नक्काशी की खूबसूरती में नहीं आई है कमी

### चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरा करेगी मुंबई की कंपनी

नगर निगम के अधिशासी अभियंता अजय सक्सेना ने बताया कि घड़ी पिछले 30 साल से खराब है जिसे ठीक कराने की कोशिश निगम ने की पर इसके कई कल-पुर्जे लापता होने से इसे ठीक कराना चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया। अब काम का जिम्मा मुंबई की कंपनी को सौंपा गया है। घंटाघर को नया स्वरूप देने के साथ ही इसकी चारों दिशाओं में नई घड़ियां लगाई जाएंगी, जिनमें रोमन लिपि में नंबर अंकित होंगे। प्रत्येक घड़ी की लागत तकरीबन एक लाख रुपये होगी। इसके अलावा घंटा आदि दुरुस्त करने पर करीब एक लाख रूपए का खर्च आएगा।

# म्यांमार की महिला को बच्ची के साथ रायपुर में छोड़कर भागे जेठ-जेठानी

*महिला बंगाली भाषा जानती है, मुस्लिम समाज के सहयोग से महिला की बीमार बच्ची के खाने व कपड़े की व्यवस्था की, बच्ची के इलाज के लिए श्री सत्य सांई अस्पताल प्रबंधन से चर्चा की है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में एक विदेशी महिला को उसकी पांच साल की बीमार बेटी के साथ जेठ-जेठानी भटकते हुए छोड़कर चले गए। महिला को बच्ची के साथ देखकर कुछ लोगों ने उन्हें सिटी कोतवाली पहुंचाया। महिला हिंदी भाषा नहीं समझती थी, लेकिन बंगाली भाषा थोड़ा बहुत जानती थी।बातचीत करने पर पता चला कि उसका पासपोर्ट-वीजा तक लेकर जेठ-जेठानी चले गए। पुलिस अफसरों ने मुस्लिम समाज के सहयोग से महिला को उसकी बीमार बच्ची के खाने व कपड़े की व्यवस्था के साथ बच्ची इलाज के लिए श्री सत्य सांई अस्पताल प्रबंधन से बातचीत की। कलेक्टर के जरिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**खास बातें**

- महिला को बच्ची के साथ देखकर कुछ लोगों ने उन्हें सिटी कोतवाली पहुंचाया



### बच्ची के दिल का इलाज कराने आए थे रायपुर

कोतवाली सीएसपी देवचरण पटेल ने बताया कि मूलतः वर्मा देश के म्यांमार के कस्बा क्योन डॉग निवासी श्रीमती रशीदा पति स्व.अली हुसैन कुरैशी ने अपनी पांच साल की बच्ची कुमारी उमेरा की तबीयत खराब होने पर अपने देश में इलाज कराया था। उस समय पता चला कि बच्ची के दिल में सुराख है। अच्छे से उपचार कराने के लिए उसे दिल्ली रेफर किया गया। वह बच्ची को लेकर जेठ-जेठानी के साथ पासपोर्ट-वीजा बनवाकर दिल्ली आई। 16 अगस्त को दिल्ली से ट्रेन में बैठकर चारों रायपुर पहुंचे थे।

## महिला स्टाफ ने आसरा दिया मां-बेटी को

### एसडीएम के समक्ष दर्ज हुए महिला के बयान

*मां-बेटी को कोतवाली के संवेदना कक्ष में महिला स्टाफ के साथ आसरा दिया गया। इसकी जानकारी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष ताहिर खान व सदस्यों को मिली तो उन्होंने भी थाने आकर हरसंभव सहयोग किया। एसडीएम के समक्ष महिला का कथन दर्ज कराने के बाद मुस्लिम समाज की पहल से बच्ची के बेहतर इलाज के लिए नया रायपुर स्थित श्री सत्य सांई अस्पताल से संपर्क कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।*

### पूरा सामान लेकर भाग गए

*रात एक बजे मौदहापारा मस्जिद के पास महिला व बच्ची को बैठाकर जेठ-जिठानी खाना लाने का बहाना बनाकर पूरा सामान लेकर भाग गए। दूसरे दिन महिला को बच्ची के साथ शहर में भटकते देखकर लोगों ने एसएसपी आरिफ शेख को इसकी जानकारी दी तो उन्होंने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विदेशी महिला को हर संभव सहयोग कर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।*

### अफसर के भोपाल जाने के बाद लोगों को ठगी का पता चला

# एसबीआई अफसर ने ग्राहकों से चेक लेकर 1.5 करोड़ निकाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिला मुख्यालय की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में ग्राहकों के साथ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। एसबीआई के फील्ड अफसर विश्वजीत सिसोदिया ने ग्राहकों को विश्वास में लेकर पीडीसी चेक के माध्यम से ग्राहकों के खाते से उनके लोन की पूरी राशि के अलावा उनकी जमा पूंजी भी आहरण कर या बाहरी अन्य खातों में ट्रांसफर कर पैसे निकाल लिए। ग्राहकों द्वारा एसबीआई से की गई लिखित शिकायत की पड़ताल में यह बात सामने आई है कि यह मामला डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी का है। धोखाधड़ी का शिकार होने वाले ज्यादा ग्राहकों ने पर्सनल लोन लिया था। कुछ ने मकान बनाने तो कुछ ने दीगर काम के लिए लोन लिया। शिकायतों में पुलिस के जवान शामिल भी हैं। ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने के दौरान जून माह में फील्ड अफसर विश्वजीत सिसोदिया का बतौर डिप्टी मैनेजर प्रमोशन होने के बाद भोपाल के ब्रांच में तबादला भी हो गया। सुकमा के एसबीआई के वर्तमान मैनेजर सिन्ना राव ने बताया कि उन्हें लगभग 12 ग्राहकों ने लिखित शिकायत कर धोखाधड़ी की जानकारी दी है।

**खास बातें**

- मामला डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी का
- 12 ग्राहकों ने लिखित शिकायत कर धोखाधड़ी की जानकारी दी है मौजूदा ब्रांच मैनेजर को




### आरक्षक के 3 लाख रुपए निकाले

टेटराई निवासी सहायक आरक्षक मड़काम जोगा ने मकान के लिए 3 लाख 86 हजार के पर्सनल लोन के लिए आवेदन किया था। लोन स्वीकृत होने के बाद उसके बचत खाते में बैंक की ओर 86 हजार रुपए जमा हुए। छह मई को फील्ड अफसर ने 3 लाख रुपए निकाल लिए।

### खाते से दो लाख रुपए निकाले, नहीं लौटाए

सम्राट नगर निवासी शिक्षक गंगा बहादुर सिंह ने पर्सनल लोन के लिए आवेदन किया था। ऋण स्वीकृति के बाद फरवरी में डेढ़ और मई में दो लाख रुपए गंगा बहादुर सिंह के बचत खाता क्रमांक 30299719995 में बैंक की ओर से जमा किए गए। फील्ड अफसर ने मई में दो लाख निकाल लिए।

### लोन से ज्यादा राशि निकाल ली

दोरनापाल में पदस्थ प्रधान आरक्षक सोड़ी भीमा ने पर्सनल लोन के लिए आवेदन दिया था। 6 लाख 80 हजार का लोन स्वीकृत हुआ। सिसोदिया ने भीमा से उसके हस्ताक्षर वाले 6 ब्लैंक पीडीसी चेक लिए। 19 मार्च को चेक क्रमांक 202076 से फील्ड अफसर ने 7 लाख खाते से निकाल लिए।

## कोल इंडिया के नाम पर ऑनलाइन लाखों की ठगी

**कोरबा।** बेरोजगार युवकों को जाल में फांसने के लिए ठगों ने साउथ सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड (एससीसीएल) की फर्जी वेबसाइट तैयार कर लिया और 88 हजार 585 पद की वेकेंसी निकाल दी। आवेदन के लिए अलग-अलग पद के हिसाब से 180 से 350 रुपये तक जमा करने कहा गया। करीब एक महीने से यह फर्जी वेबसाइट चल रहा। न जाने अब तक कितने लोग ठगी का शिकार हो चुके होंगे। अब जाकर एसईसीएल ने फर्जी वेबसाइट होने की पुष्टि की है। ठग समय के साथ ठगी के लिए नए-नए तरीके इजाद करते रहते हैं। इस बार कोल इंडिया में भर्ती के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने की युक्ति निकाली। इसके लिए बकायदा कंपनी के एससीसीएल के नाम पर वेबसाइट तैयार कर वेकेंसी जारी कर दिया। ज्यादा से ज्यादा लोग इसके लिए आवेदन करें यह सोचकर 88 हजार से भी अधिक रिक्त पद पर भर्ती दिखाया गया। देशभर में इसकी खबर वेबसाइट के माध्यम से फैल गई। अब जाकर यह स्पष्ट हुआ है कि यह वेबसाइट फर्जी है और बेरोजगारों को ठगने के लिए यह जाल बिछाया गया था। 25 जुलाई से यह वेबसाइट चल रहा। नौकरी की आस में बेरोजगार थोक के भाव में अब तक आवेदन कर चुके होंगे। ऑनलाइन निर्धारित 180 से 350 रुपये शुल्क से ठगों को लाखों रुपये मिलने की संभावना है। एसईसीएल ने भी पत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि एसईसीएल का किसी साउथ सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड नाम के कंपनी से ताल्लुक नहीं है। फर्जी ढंग से वेबसाइट तैयार कर आवेदन मांगे गए।

# दंतेवाड़ा के अस्पताल में लगी आग बिस्तर-फर्नीचर व उपकरण जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

गीदम में नवनिर्मित मातृ शिशु केयर हॉस्पिटल में आग लग गई। हालांकि इसमें किसी तरह की कोई जनहानी नहीं हुई। हादसे में बिस्तर, फर्नीचर और समान जलकर खाक होने की बात कही जा रही है। नगर पंचायत की फायर बिग्रेड पहुंचने से पहले ही जन सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल अस्पताल के अंदर धुंआ भरा हुआ है। पुलिस और दमकल कर्मचारी सूचना मिलने के तुरंत बाद मौके पर पहुंच गए थे।



अभी साफ नहीं हो पाया है कि आग कैसे लगी, आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ होगा।

# इंदौर आई हॉस्पिटल के बाहर प्रदर्शन जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर आई हॉस्पिटल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद 11 लोगों की आंखों की रोशनी चली जाने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के गेट पर बैठकर प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल का लाइसेंस हमेशा के लिए रद्द कर दिया जाए। क्योंकि यहां पहले भी ऐसी ही घटना हो चुकी है, जिसके बाद भी इसे वापस लाइसेंस कैसे मिल गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि




ऑपरेशन के बाद लोगों के शरीर का अंग भंग हो गया है। तुरंत डॉक्टरों और जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना चाहिए। डॉक्टरों और उसके प्रबंधन के खिलाफ नारे भी लगाए।

*सोहागपुर थाना क्षेत्र कोनी गांव की घटना*
*पिता घर लौटा तो अपने बेटा और बेटी को खून से लथपथ पाया*

# शहडोल में मां ने कुल्हाड़ी से दो बच्चों की हत्या कर आंगन में फेंके शव



*विक्षिप्त है महिला वारदात के बाद खुद को घर में बंद कर लिया था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

सोहागपुर थाना क्षेत्र कोनी में एक विक्षिप्त मां ने अपने दो बच्चों की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी, फिर उनके शव आंगन में फेंक दिए। इसके बाद महिला ने खुद को घर के अंदर बंद कर लिया। जब पति वापस घर लौटा तो आंगन में खून से लथपथ पड़े अपने बच्चों को देखकर घबरा गया। इसके बाद उसने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और अन्य ग्रामीणों को दी। जानकारी के मुताबिक गुड्डन बैगा मानसिक रूप से बीमार है, रविवार सुबह छह बजे उसने कुल्हाड़ी उठाकर अपने बेटे राहुल बैगा(7) और बेटी काजल बैगा(10) पर तेजी से वार किए। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद गुड्डन ने उनके शवों को आंगन में ही फेंक दिया और घर के अंदर बंद हो गई। पति जब नदी से लौटा तो बच्चों की लाश देखकर चिल्लाया और फिर पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और बार-बार महिला को बाहर निकलने के लिए कहा, लेकिन जब वो नहीं निकली तो छप्पर काटकर पुलिस अंदर पहुंची और उसे पकड़ लिया।

## पुरानी रंजिश में बच्चे को किडनैप कर मारा, फिर परिवार के साथ ढूंढता रहा

- **रीवा जिले के चोरहटा गांव से किडनैप बच्चे विकास प्रजापति पिता अमित प्रजापति( 13 ) की किडनैपरों ने हत्या कर दी**

**रीवा।** जिले के चोरहटा गांव से किडनैप बच्चे विकास प्रजापति पिता अमित प्रजापति(13) की किडनैपरों ने हत्या कर दी। बच्चे का अपहरण करने के दूसरे दिन अमित प्रजापति के पास 10 लाख की फिरौती देने के लिए फोन आया था। इसके बाद आरोपियों की तलाश शुरू हुई और एक को गिरफ्तार कर लिया गया, उसकी निशानदेही पर बंशीपुर गांव के एक कुएं से बच्चे का शव बरामद किया गया। एक किडनैपर अब भी फरार है, पुलिस इसकी तलाश कर रही है। सतना के चित्रकूट में दो बच्चों के अपहरण और हत्या का मामले को इस घटना ने



वापस याद दिला दिया है। जानकारी के मुताबिक मासूम का अपहरण गांव में ही रहने वाले उसके चचेर भाई ने अपने साले के साथ मिलकर किया था। उन्होंने पहचान छुपाने के लिए फिरौती मांगने से पहले ही बच्चे हत्या कर दी थी। इसमें उन्होंने चित्रकूट में हुए जुड़वा भाइयों के अपहरण के बाद हत्या की वारदात का तरीका अपनाया। एक बार फिर अपहरण और हत्या की वारदात से क्षेत्र आक्रोश का माहौल है। बताया जा रहा है कि आरोपी की बच्चे के परिवार से पुरानी रंजिश भी थी। वो परिजनों के साथ मिलकर बच्चे की तलाश करता रहा।

# उफनती शिवनाथ नदी में युवक बहा मदद के लिए शोर मचाते रहे दोस्त

### लोग बड़ी संख्या में बारिश से बदले नजारे को देखने पहुंच रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई में झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। कई स्थान ऐसे हैं जहां पानी अधिक गिरा है और वहां बाढ़ के हालात हैं। तो कहीं पर नदी-नाले उफान पर हैं। बड़ी संख्या में लोग बारिश से बदले नजारे देखने पहुंच रहे हैं तो कुछ लोग प्राकृतिक नजारे का आनन्द लेने में लगे हैं। ऐसे ही एक मामले में महमरा एनीकेट क्षेत्र में एक व्यक्ति पानी के तेज बहाव में बह गया।

इस व्यक्ति की पहचान देवेन्द्र वर्मा के तौर पर हुई है। यह अपने दोस्तों के साथ शिवनाथ नदी का जलस्तर देखने पहुंचा था। देवेन्द्र और अन्य युवा एनीकेट पहुंचे तो नदी में पानी अधिक था और एनीकेट में नदी उफान पर थी। यहां पानी करीब 4-5 इंच अधिक था।

जब देवेन्द्र पानी में उतरा तो, वहां मौजूद काई में उसका पैर फिसल गया। संतुलन बिगड़ गया और वह गहराई में जाने लगा। उसके साथ मौजूद दोस्त शोर मचाने लगे लेकिन वे देवेन्द्र को बचा न सके। हालांकि देर शाम तक युवक को गोताखोर नदी में तलाशते रहे।



### अम्बिकापुर, जशपुर में बारिश से किसान खुश

**अम्बिकापुर/ रायपुर।** सावन भर बारिश ना होने के कारण किसान मुसीबत में थे किंतु भादो मास लगते हैं आज सुबह से झड़ी लगी है । आसमान पर बादल छाए हुए हैं। रिमझिम बारिश से किसानों को उत्साहित कर दिया है । सरगुजा में रोपाई का काम अंतिम चरण पर चल रहा है। अधिकांश किसानों ने धान की रोपाई कर ली है, जो पिछड़ गए थे वे रोपाई में पूरी ताकत झोंक चुके हैं। जिन किसानों ने धान की रोपाई कर दी थी यूरिया की टॉप ड्रेसिंग भी कर रहे हैं । अभी तक धान की बुवाई हो चुकी है ।कृषि विभाग का दावा है कि नदी नालों के किनारे जिनकी भूमि है वे शत प्रतिशत धान की खेती कर चुके हैं। दलहन तिलहन फसलों की स्थिति भी बेहतर है।

## एयरपोर्ट पर ट्रॉली के दुरुपयोग पर होगा एक हजार का जुर्माना

### देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल इंदौर पर गंदगी फैलाने या नियम तोड़ने वाले होंगे दंडित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर अब गंदगी फैलाना या नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बड़ा जुर्माना किया जाएगा। गंदगी फैलाने पर तीन हजार रुपए और ट्रॉली का दुरुपयोग करने पर 1 हजार रुपए तक का जुर्माना किया जाएगा।

सोमवार से नई दरें लागू हो जाएंगी। विमानतल डायरेक्टर अर्यमा सान्याल के अनुसार एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के निर्देशों पर जुर्माना राशि बढ़ाई जा रही है। हम चाहते हैं कि लोग विमानतल पर आकर नियमों का पालन करें। हालांकि काफी हद तक लोग व्यवस्थाओं का पालन करते हैं। अव्यवस्थाओं फैलाने पर जुर्माना किया जाएगा।

**ये रहेंगी नई जुर्माना दरें**

| अपराध | अर्थदंड |
|---|---|
| गलत पार्किंग | 500 |
| धूम्रपान | 1500 |
| हंगामा करना | 2000 |
| अधिकारियों के काम में बाधा | 5000 |
| गंदगी फैलाना | 3000 |
| परिसर में थूकना | 1000 |
| ट्रॉली का दुरुपयोग | 1000 |

## टायर फटा तो डिस्क के सहारे ट्रक चुराकर भाग रहा चोर धराया

**कुसमुंडा।** घर के सामने खड़े पंचर ट्रक को ही चोर ले भागा। पंचर अवस्था में ही वह ट्रक को दौड़ाता रहा और टायर फटकर अलग हो गया। इसके बाद भी वह रुका नहीं, डिस्क में ही ट्रक को चलाता रहा। अंततः पुलिस ने घेराबंदी कर उसे बरमपुर के पास धरदबोचा।

बांकीमोंगरा थानांतर्गत पंखादफाई में रहने वाले मनहरण चंद्रा अपने ट्रक क्रमांक सीजी 10 टी 1017 को घर के सामने खड़ा किया था। ट्रक के सामने का टायर पंचर होने के कारण उसमें लकड़ी का गुटका लगा रखा था। रात को सूनेपन का फायदा उठाकर एक युवक ट्रक को ले भागा। टायर पंचर था, लिहाजा थोड़ी दूर चलने के बाद फट गया और ट्रक डिस्क के सहारे चलने लगा। डिस्क की आवाज और तेज रफ्तार में दौड़ते ट्रक को कुछ लोगों ने देखा तो सूचना सर्वमंगला चौकी में दी गई। चौकी प्रभारी ने घेराबंदी कर ट्रक को रोककर ओडिशा के कामाख्या नगर के अजीत नायक पिता अछूता नंद नायक (22) को गिरफ्तार किया।

### उजागर हुई निजी अस्पताल की गंभीर लापरवाही

# जान बचाने के लिए काट दिया नवजात का हाथ

### नवजात को हाथ में ऐसा इंजेक्शन लगाया गया था कि कोहनी से नीचे का हिस्सा इंफेक्टेड होने लगा था, परिजनों को नहीं दी थी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के एक निजी अस्पताल में लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां नवजात बच्चे को गलत इंजेक्शन लगाने से रिएक्शन हुआ उसका हाथ जान बचाने के लिए काटना पड़ गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टर्स ने बताया कि अब बच्चा इंजेक्शन से हुए रिएक्शन से बाहर आ चुका और पूरी तरह से सुरक्षित है। इस घटना ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं कि डॉक्टर्स कब तक जान से खिलवाड़ करते रहेंगे और इन पर शासन -प्रशासन कब कार्रवाई करेगा?

घटना अप्रैल 2019 की है, जब राजधानी



के कोटा निवासी अभिनव पाल के घर बच्चे ने जन्म लिया। प्री मिच्यौर डिलीवरी होने के चलते बच्चा कमजोर था। उसे शंकर नगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इस दौरान डॉक्टर्स ने जो इंजेक्शन लगाया, उससे नवजात के दाएं हाथ में रिएक्शन हो गया। कोहनी तक हिस्सा नीला पड़ गया, डॉक्टरों ने उक्त रिएक्शन की परिजनों को जनकारी नहीं दी।

लगातार रिएक्शन बढ़ने पर परिजनों को जानकारी दी। परिजन अभिनय ने बताया कि राजधानी के कई अस्पतालों में रिएक्शन के इलाज के लिए चक्कर काटे, लेकिन बच्चे की केवल एक माह से कम उम्र होने के कारण ऑपरेशन के लिए तैयार नहीं। वहीं एम्स के डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बच्चे को नया जीवन दिया है।

**ऐसे किया ऑपरेशन**

*एम्स के हड्डी रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक अग्रवाल और नियो नेटोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. फाल्गुनी पाणि ने बताया कि बच्चे के हाथ का कोहनी से नीचे का हिस्सा पूरी तरह से खराब हो चुका था। बच्चे का वजन केवल नौ सौ ग्राम था, साथ ही बच्चा सात माह में पैदा हुआ था। ऐसे में ऑपरेशन करना चुनौतीपूर्ण था। साथ ही रिएक्शन लगातार बढ़ता जा रहा था। डॉक्टरों की टीम बनाकर बच्चे का ऑपरेशन किया गया। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ है।*

## चिंतन

# भारत-भूटान के रिश्ते मजबूती के शिखर पर

भारत और भूटान के आपसी रिश्ते प्रगाढ़ता के नए शिखर पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताजा दो दिवसीय भूटान यात्रा से दोनों मुल्कों के बीच संबंधों को और मजबूती मिली। भूटान ने जिस दिलेरी से नरेंद्र मोदी का स्वागत-सम्मान किया, वह भूटान के भारत पर विश्वास को दिखाता है। पीएम की इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच एलपीजी से लेकर अंतरिक्ष तक दस करार हुए। हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट, नॉलेज नेटवर्क, मल्टी स्पेशलिएटी हॉस्पिटल, स्पेस सैटेलाइट, विज्ञान, इंजीनियरिंग, न्यायिक, संचार और रूपे कार्ड के इस्तेमाल को लेकर समझौते हुए। मोदी अपने पहले कार्यकाल में भी पहले भूटान गए थे और इस कार्यकाल में भी पहले वहीं गए। अभी पीएम की यात्रा की टाइमिंग भी अहम है, यह संयोग है कि जब भारत ने धारा-370 में बदलाव किया, उस वक्त पीएम ने भूटान की यात्रा की और भूटान में मोदी का गर्मजोशी से स्वागत हुआ। भारत ने इस हिमालयी पड़ोसी के लिए हर सहयोग का भरोसा दिया। भूटान की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से पनबिजली निर्यात पर निर्भर करती है व भारत ही उसकी बिजली का सबसे बड़ा खरीदार भी है। भूटान का सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी भारत ही रहा है। 1961 में भूटान की पहली पंचवर्षीय योजना के बाद से ही भारत लगातार वहां पर वित्तीय निवेश कर रहा है। भारत 1020 मेगावाट की तला हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट, 336 मेगावाट की चुखा जलविद्युत परियोजना, पेंडन सीमेंट प्लांट, पारो हवाई अड्डे, भूटान प्रसारण स्टेशन सहित अनेक परियोजनाओं में सहयोग कर रहा है। भारत व भूटान के बीच मुक्त व्यापार समझौता साल 1972 में हुआ था। भूटान भारत से करीब 80 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं का आयात करता है। भारत और भूटान का सामाजिक-सांस्कृतिक संबंध प्राचीन काल से रहा है। हालांकि 1910 में पुनाखा संधि के बाद से भारत-भूटान संबंध की विधिवत नींव रखी गई। 1947 में आजादी के बाद से ही भारत व भूटान हर समय में साथ खड़े रहने वाले दोस्त की तरह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में 1971 में भूटान के प्रवेश में भी भारत ने ही मुख्य भूमिका निभाई। वह सार्क का संस्थापक सदस्य है और बिम्सटेक, विश्व बैंक व आईएमएफ का सदस्य भी बन चुका है। अभी भूटान भारत के साथ मजबूत आर्थिक, रणनीतिक और सैन्य संबंध रखता है। भारत व भूटान ने 8 अगस्त 1949 को दार्जिलिंग में शांति और मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किए थे। इस संधि के बाद से भूटान की सैन्य सुरक्षा भारत के जिम्मे ही है। इस संधि को भूटान की विदेश नीति के तौर पर देखा जाता है। जब 1950 में चीन ने तिब्बत पर कब्जा जमाने की कोशिश की थी तो भूटान ने चीन को संभावित खतरे के रूप मे देखा। इससे भूटान भारत के और करीब आया। 2007 में भूटान ने भारत के साथ पूर्व की मैत्री संधि में संशोधन किया। इसके मुताबिक अब सिर्फ भारत के हितों संबंधी मामलों पर ही भूटान नई दिल्ली की राय लेगा। भूटान की सैन्य सुरक्षा भारत ही कर रहा है, इसलिए भारत के लिए भूटान का भू-राजनीतिक महत्व है। वह भौगोलिक रूप से सबसे अधिक भारत से जुड़ा है व दोनों देशों की खुली सीमा है। भारत ने छोटे देश होने के बावजूद हमेशा भूटान की स्वतंत्रता, स्वायतता व संप्रभुता का सम्मान किया। चीन के प्रलोभन के बावजूद भूटान कभी भी उसके जाल में नहीं फंसा, जैसे नेपाल से भूल हुई है। अब तक भूटान के विकास में भारत ने जितना सहयोग दिया है और डोकलाम के वक्त जिस तरह भारत भूटान की रक्षा के लिए खड़ा रहा, वह एक सच्चा मित्र ही कर सकता है। चूंकि भारत-भूटान मैत्री का चीन विरोध करता रहा है व तिब्बत पर कब्जे के बाद चीन की नजर भूटान पर है, इसलिए सामरिक लिहाज से भारत के लिए भूटान की रक्षा अहम है। मोदी के नेतृत्व में भूटान व भारत के बीच में संबंध अधिक मजबूत हुए हैं।

## सारा संसार



हिंदुओं के सबसे बड़े आस्था के केंद्रों में शुमार इस मंदिर में चावल, शक्कर दाने, सूखे सेब और नारियल प्रसाद में रूप में चढ़ाया जाता है। इसके साथ ही प्रसाद का सबसे अनोखा हिस्सा चांदी का सिक्का भी है, जिसे श्राइन बोर्ड जारी करता है। यह प्रसाद बोर्ड की ओर से एक जूट की थैली में दिया जाता है। प्राकृतिक चीज से बनी थैलों की वजह से पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचता। इस पारंपरिक प्रसाद को भेंट कहा जाता है।

## व्यंग्य

निर्मल गुप्त

# अनहोनी की कपास

तमाम अफवाहों के बावजूद राज्य में आजकल हालात एकदम सामान्य लग रहे हैं। कहीं से किसी अप्रिय घटना का कोई समाचार नहीं। वो जुलाहे न जाने कहा चले गए जो रात दिन आशंकाओं के चरखे पर अनहोनी की कपास कातते थे। सांप्रदायिकता के तराजू में तौलकर, स्थान के मिजाज के अनुरूप और पलड़े के झुकाव के अनुसार अपनी कविता और शायरी की दुकान सजाने वाले कविताफरोश अपने धंधे में अचानक आई मंदी से बैठे-ठाले खौफज़दा हो लिए हैं। चिंताओं के घटाटोप में रहने के आदी शंकालु मन, स्वछंद विचारक और आपसी कलह के तंदूर पर अपनी रोटियां सेंकने की कला में निष्णात खानसामे अब यह कहकर आस जगाए हैं कि यह किसी आगत सुनामी के ठीक पूर्व का अजीबोगरीब सन्नाटा है। कुछ न कुछ सनसनीखेज तो बहरहाल होना ही है। सूबे के बंद फोन घनघनाएंगे तो बात उठेगी। बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी। बताया जा रहा है कि संवेदनशील इलाकों में सशस्त्र सैन्य बल की गश्त निरंतर जारी है। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। नवोदित पत्रकारों में अलग प्रकार की बेचैनी व्याप्त है। उन्हें अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का पर्याप्य मौका नहीं मिल रहा। पत्रकारिता का डिप्लोमा या डिग्री लेते हुए जो कुछ उस्तादों ने सिखाया था वो भी काम नहीं आ रहा। शून्य में से समाचार क्रियेट करने का गुरुतर दायित्व उनके कंधे पर किसी जिद्दी उल्लू की तरह बैठ लगभग रोज़ मुंह चिढ़ाता है। मीडियाकर्मियों के लिए वास्तव में यह जटिल वक्त है। अखबार का प्रकाशन प्रतिदिन होना है। उसमें ख़बरों की स्पेस को घटा पाना महामहिम प्रातःस्मरणीय विज्ञापनदाताजी के अतिरिक्त किसी के वश में नहीं और स्पेस उपलब्ध है तो उसे भरने के लिए खबरें तो चाहिए ही। बेचारे क्राइम रिपोर्टर दिनभर ख़बरों की तलाश में पुलिस थाने से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक और अपराधियों के सर्वज्ञात गोपनीय ठिकानों से लेकर उनके संभावित अभयारण्यों तक लगातार चक्कर काटते हैं, लेकिन कहीं कोई खबर हो तो मिले। टेलीविजन चेनलों के मेधावी रिपोर्टर नामचीन या कुख्यात तांत्रिकों से साठगांठ कर टीआरपी बढ़ाने योग्य कुछ न कुछ गढ़ ही लेते हैं। उनकी इस क्षमता का पूरा मुल्क कायल है। वे बात का बतंगड़ बनाने में माहिर हैं, पर चिंतित वे भी हैं कि यदि हालात कुछ ऐसे ही सामान्य बने रहे तो एक-एक 'बाइट' को तरसना पड़ेगा। पुरानी वीडियो क्लिप में कतरब्योंत करके वे कब तक न्यूज़ गढ़ेंगे। न्यूज़ कोई हाइकू तो नहीं कि देखते ही देखते सैकड़ों की तादाद में रच ली जाएं। बताने वाले यह बता-बताकर अवाम को लगातार डरा रहे हैं कि मुल्क की फिजाओं में तीक्ष्ण लंबी चोंच वाले मुर्दाखोर गिद्ध निरंतर मंडरा रहे हैं। तमाशबीन किस्म के लोग बड़ी उम्मीद लगाए हैं कि आज नहीं तो कल युद्ध टाइप कुछ न कुछ घटित होना ही है। कुछेक कहते घूम रहे हैं कि जंग हो जाए तो बाय गॉड लाइफ बन जाए।

# विसंगतियों से बाहर आए पाक



दरकार

डॉ. चंद्र त्रिखा

पाक अपने राजनीतिक, कूटनीतिक व सैनिक फैसले अपने स्तर पर ले, यह उसका हक है, मगर सांस्कृतिक स्तर पर 'भारत को न कहने' का कोई हक आपके पास नहीं है। कारण स्पष्ट है। संस्कृति में साझेदारी की जड़ें इतनी गहरी हैं कि उनसे छेड़छाड़ मुमकिन नहीं है। बाबा फरीद, गुरु नानक देव, मियां मीर, वारिस शाह, बुल्लेशाह और बाद में फैज़, मंटो, कासमी, कतील शिफाई, आबिदा, मेहंदी हसन व गुलाम अली किस-किस की खुशबू को कैद कर पाएंगे वहां के हुक्मरान।

कभी-कभी ऐसा लगता है कि वर्ष 1947 के भारतीय उपमहाद्वीप के तत्कालीन हिन्दू-मुस्लिम नेताओं ने हड़बड़ी में विभाजन का फैसला स्वीकार किया था। ऐसा भी लगता है कि इस महाद्वीप के करोड़ों लोगों के अभिशाप के कारण इन नेताओं को भी आखिरी लम्हे सुकून के साथ बिताने का अवसर कतई नहीं मिला। हालांकि यह रूढ़िवादिता होगी लेकिन यह भी हकीकत तो है ही कि नेहरू के अंतिम लम्हे सुखद नहीं थे। भारत-चीन युद्ध में पराजय का दंश झेल रहे नेहरू हृदयगति रुक जाने से शरीर छोड़ गए थे। लार्ड माउंटबेटन, जो कि भारत का अंतिम वायसराय व प्रथम गवर्नर जनरल था, अपने अंतिम दिनों में एक नौका विहार के मध्य एक साधारण शिकारी की गोली से मारा गया था। जिन्नाह के अंतिम लम्हे बेहद पीड़ादायक रहे। वह उसी वर्ष शरीर छोड़ गया, जिस वर्ष उसके वकालत के दिनों के पुराने मित्र, मुख्य राजनीतिज्ञ व हमारे राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की हत्या हुई थी। जिन्नाह को एक भी सुकून भरी सांस नहीं मिल पाई थी। लियाकत अली खान को रावलपिंडी में अपनी ही पार्टी की जनसभा में गोली मार दी गई थी। इन अभिशप्त नेताओं का अपराध शायद यही था कि उन्होंने साझी विरासत वाले लोगों को उजाड़ा था।

अब जब पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री भारत के साथ सांस्कृतिक संबंधों को भी तोड़ने की घोषणा करते हैं तो डर लगता है कि कहीं वह भी तो अभिशप्तों की कतार में जाने के लिए बेचैन नहीं हैं? दो दिन पूर्व 14-15 अगस्त की रात को अटारी-सीमा पर दोस्ती के चिराग जलाए गए। भारतीय सीमा में भी सैकड़ों लोग दूरदराज से एकत्र हुए थे। सबके हाथों में मोमबत्तियां थीं। जुबान पर दोस्ती के नारे थे। उधर, लाहौर से भी सैकड़ों लोग आए थे। अगले दिन लाहौर के एक मंदिर में राखी मनाई गई। वहां की सईदा दीप ने वहां बचे-खुचे हिन्दू परिवारों की लड़कियों से पाकिस्तान के कुछ यूनिवर्सिटी छात्रों के हाथों पर राखी बंधवाई थी। साझे रिश्तों के लिए ये एक मशक्कत थी, लेकिन नफरत एवं भारत-विरोध का बाजार पाकिस्तान में अब भी चहक रहा है।

दरअसल, पाकिस्तान इस समय पूरी तरह दिशाहीन है। कश्मीर पर भारतीय फैसले उसके ख्वाबों में भी नहीं थे। विश्वपटल पर फिलहाल दुःख बांटने के लिए कोई देश अपना कंधा भी देने को तैयार नहीं। बहरहाल, हमें ऐसी बातों से ज़्यादा खुश भी नहीं होना चाहिए। पड़ोसी की ऐसी बेचारगी से हमें तकलीफ होनी चाहिए। ज्यादा तकलीफदेह यह है कि अब पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 'से नो टू इंडिया' यानी 'भारत को न कहें' के नाम से एक नया अभियान चलाया है जो संस्कृति, सभ्यता व साझी विरासत के किसी भी मानदंड पर उचित नहीं लगता। पाक अपने राजनीतिक, कूटनीतिक व सैनिक फैसले अपने स्तर पर ले, यह उसका हक है,मगर सांस्कृतिक स्तर पर 'भारत को न कहने' का कोई हक आपके पास नहीं है। कारण स्पष्ट है। संस्कृति में साझेदारी की जड़ें इतनी गहरी हैं कि उनसे छेड़छाड़ मुमकिन नहीं है। बाबा फरीद, गुरु नानक देव, मियां मीर, वारिस शाह, बुल्लेशाह और बाद में फैज़, मंटो, कासमी,



कतील शिफाई, हबीब जालिब, अहमद फराज़, आबिदा, मेहंदी हसन, गुलाम अली किस-किस की खुशबू को कैद कर पाएंगे वहां के हुक्मरान।

इमरान खान व उनके सभी साथियों को शायद इस बात का एहसास भी नहीं है कि सांस्कृतिक विरासत न तो विदेश नीति या कूटनीति का हिस्सा है और न ही चुनावी-राजनीति से उसका कोई सरोकार होता है। कल क्या करवट लेता है, मालूम नहीं। लेकिन बाबा फरीद का दर्शन, उनका कलाम, उनका काव्य किसी भी सीमित भौगोलिक इकाई की बौद्धिक सम्पदा नहीं बन सकता। बाबा की दरगाह पर आतंकी हमलों के बावजूद कहीं भी उस फकीर की वाणी पर कोई खरोंच नहीं आई। यदि गुरुनानक वहां अब भी एक बड़े तबके के लिए 'नानक शाह फकीर' हैं या अब भी ननकाना साहब या करतारपुर में नित्य 'वॉक' निकालने की रस्म जारी है तो सिर्फ अंतरराष्ट्रीय सिख समुदाय की तुष्टि के लिए नहीं है। वहां अब भी हज़ारों की संख्या में मुस्लिम जनसमुदाय की भी श्रद्धा है। मियां मीर की दरगाह पर भी आतंकी हमले हुए हैं। मगर मियां के किस्से, किंवदंतियां और स्वर्ण मंदिर की नींव का पत्थर रखने वाली बातें आज भी याद की जाती हैं। जामा मस्जिद मजहब का केंद्र हो सकती हैं मगर मियां मीर की दरगाह सभी इमामबाड़ों से भी बढ़कर मुस्लिम समाज के एक बड़े तबके के लिए अकीदत का केंद्र है।

वारिस शाह पर जितने शोध प्रबंध भारतीय विश्वविद्यालयों में लिखे गए, उतने शायद वर्तमान पाकिस्तान के विश्वविद्यालयों में भी नहीं लिखे गए। बुल्लेशाह अब भी भारतीय गायकों, शोधार्थियों एवं बुद्धिजीवी समाज में प्रासंगिक भी है और पसंदीदा भी। फैज़ की पूरी जिंदगी और उनका पूरा कलाम पूरे उपमहाद्वीप में अब भी पढ़ा, सुना व जिया जाता है। उनकी एक तिहाई उम्र अपने मुल्क की जेलों में कटी और एक तिहाई भारत में।

भारत के लाखों लोग कटासराज, शादानी दरबार हिंगलाज मंदिर, बाबा लालू-जसराय मंदिर-दीपालपुर आदि स्थलों में अपनी आस्था रखते हैं। बहावलपुर और मुल्तान, डेरागाज़ी खान आदि पाकिस्तान की 'सरायकी' भाषा के मुख्य केंद्र हैं। वही सरायकी भारत में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों की मातृभाषा है। भारत में अब भी सरायकी भाषा में साहित्य रचा, पढ़ा और सुना जाता है। जब सीमा पार जाने के रास्ते बंद हुए तो यहां भारत में 'सरायकी' का भाषागत स्वरूप निखरना शुरू हो गया। डॉ. राणा गन्नौरी सरीखे भारतीय अदीबों में न केवल जमकर सरायकी में लिखा, बल्कि 'हिन्दी-मुल्तानी विश्वकोष' का भी संकलन व प्रकाशन कर डाला जो कि अब पाकिस्तान में भी मकबूल है और विश्व के कई अन्य देशों में भी प्रचलित है। संगीत की दुनिया में अब भी राग भैरवी, राग जयजयवंती, राग मल्हार राग यमन कल्याण पाकिस्तानी संगीत की जान हैं। सरगम के सातों स्वर एवं सुर एक जैसे हैं। अब इन सांस्कृतिक रिश्तों पर न तो भारत 'नो टू पाकिस्तान' कह सकता है, न ही पाकिस्तान 'नो टू इंडिया' कह सकता है। आप किन्हीं अधिसूचनाओं के ज़रिए ऐसे ऐलान करेंगे तो भी उन पर अमल मुमकिन नहीं है।

थोड़ा ध्यान मोहनजोदाड़ो, तक्षशिला और हड़प्पा पर ही दे लेते। वर्ष 1981 में तक्षशिला को यूनेस्को ने विश्व धरोहर का दर्जा दिया था। अब भी वहां पर वर्ष 10 लाख पर्यटक आते हैं। इसके खंडहरों की 'डेटिंग' बताती है कि इसकी स्थापना ईसा के लगभग 1000 वर्ष पूर्व हुई थी। यहां चाणक्य के नीति उपदेशों की मौर्य कालीन गूंज अब भी जेहन से टकराती है, बशर्ते कि जेहन को खुला रखें। कभी यह गांधार नरेशों का भी प्रमुख स्थान था। थोड़ा यह भी बता दें कि यह स्थल जिला रावलपिंडी में है और इस्लामाबाद से इसकी दूरी लगभग 32 किलोमीटर ही है। अब इन रिश्तों को आप कौन से पुराने संदूकों में कैद करेंगे?

## तुलसी साथी विपत्ति के विद्या, विनय, विवेक



संकलित

दर्शन

रामचरितमानस में तुलसीदासजी के लिखा है तुलसी साथी विपत्ति के विद्या, विनय, विवेक। साहस सुकृति सुसत्याव्रत राम भरोसे एक। अर्थात- तुलसीदासजी के अनुसार मुसीबत आने पर मनुष्य के ये 7 गुण काम आते हैं। ज्ञान, विनम्रता, विवेक, साहस,अच्छे कर्म, सच्चाई और भगवान में आस्था। ज्ञान- मुसीबत में व्यक्ति ज्ञान ही सबसे बड़ी ताकत होती है जिसका प्रयोग कर बड़ी से बड़ी समस्या का हल प्राप्त किया जा सकता है। विनम्रता- विनम्रता अच्छे मानव का गहना होता है। मुसीबत में हमेशा विनम्र व्यक्ति ही जीतता है। ये गुण आपको किसी भी मुसीबत से बचा सकता है। विवेक- अच्छे विवेक से व्यक्ति कठिन से कठिन समय में भी सही फैसला लेता है। साहस- साहस ऐसा गुण है जो व्यक्ति को मुसीबत से बचाता है। साहसिक व्यक्ति मुश्किल काम को भी आसान बना देता है। अच्छे कर्म- जो व्यक्ति अच्छा कर्म करता है उसके पास मुसीबत ज्यादा देर तक नहीं टिक पाती। सच्चाई- विपरीत और कठिन समय में भी सच का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। आस्था- मुश्किल समय में भगवान पर आस्था रखनी चाहिए। तभी परेशानियों से मुक्ति मिलती है। तुलसीदास जी ने दोहो में जीवन का समस्त सार छिपा हुआ है। दोहे में गोस्वामी तुलसीदास जी बताया है कि जब भी जीवन में कोई संकट आए तो उसका हल किस तरह करना चाहिए।

## कर्मों के अनुसार ही जीवन-मरण



संकलित

प्रेरणा

हर व्यक्ति अपने जन्म के साथ ही मृत्यु की तारीख भी लिखवाकर आता है लेकिन पुराणों के मुताबिक व्यक्ति अपने कर्मों से मृत्यु को टाल सकता है। महाभारत में धृतराष्ट्र महात्मा विदुर से सवाल पूछते हैं कि जब सभी वेदों में मनुष्य को सौ वर्ष की आयु वाला बताया गया है तब वह किस कारण से अपनी पूर्ण आयु को भोग नहीं पाता। 'शतायुरुक्ता पुरूषः सर्ववेदेषु वै यदा। नाप्नोत्यथ च तत सर्वमायुः केनेह हेतुना।। विदुर जी कहते हैं मनुष्य की उम्र को काटने वाला पहला तलवार अभिमान है। अभिमानी मनुष्य अपने को सबसे बड़ा मानकर बड़ों का भी अनादर करने लगता है। अपने अभिमानी स्वभाव के कारण वह भगवान का प्रिय नहीं रह जाता और भगवान उसकी उम्र कम कर देते हैं। अधिक बोलने वाले व्यक्ति झूठ भी बोलने लगते हैं। इस कारण से उनकी आयु कम हो जाती है। त्याग की कमी। रावण और दुर्योधन इस बात के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। क्रोध को उम्र कम करने वाला चौथा कारण माना गया है। उम्र को काटने वाला पांचवा तलवार स्वार्थ है। विदुर जी कहते हैं कि स्वार्थ में मनुष्य बड़े से बड़ा पाप करने में लज्जा का अनुभव नहीं करता है। छठा कारण है मित्रों के साथ धोखा और बेईमानी। शास्त्रों में दोस्तों के साथ धोखा करने वाले को अधम यानी नीच मनुष्य कहा गया है। ऐसे मनुष्य पर यमराज बहुत क्रोधित होते हैं और इन्हें कठोर दंड देते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जल संचय नैतिक जिम्मेदारी

बदलते हुए मौसमी-चक्र में अब सतर्कता और सार्थकता के साथ जल संचय के विभिन्न आयामों और उपायों पर बल देने की हर व्यक्ति को जरूरत है। ऐसा देखा जा रहा है कि कहीं अतिवृष्टि हो रही है, तो कहीं अनावृष्टि। कुछ जगहों में सामान्य से भी कम बारिश हो रही है और घोर जल-संकट से लोग जूझ रहे हैं। अगले कुछ वर्षों में जल-संकट से सभी क्षेत्र के लोग जूझेंगे और इससे बचने के लिए हर व्यक्ति को जल संचय पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके लिए रेन-वाटर हार्वेस्टिंग को कानूनी तौर पर लागू करने की भी आवश्यकता है ताकि लोग इसकी गंभीरता समझें और जल बचाना उनकी नैतिक जिम्मेदारी हो।

-डॉ मनोज 'आजिज'

## करंट अफेयर

### चुनाव से पहले मंदी ने बढ़ाई ट्रंप की मुश्किलें

अमेरिका में आर्थिक मंदी बदलते हालात में आगामी चुनाव से पहले अर्थव्यवस्था की स्थिति शायद अच्छी नहीं देख रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की चिंताएं बढ़ती जा रहीं हैं। ट्रंप ने चेतावनी के लहजे में कहा है कि अगर वह फिर से निर्वाचित नहीं होते हैं तो देश में आर्थिक संकट की स्थिति पैदा हो जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से नापसंद करने वाले लोगों को भी देश की मजबूत वृद्धि और निम्न बेरोजगारी दर के लिए उनके पक्ष में वोट करना चाहिए। इस सप्ताह अमेरिका के वित्तीय बाजारों ने देश में मंदी की संभावनाओं के संकेत दिए हैं। इससे निवेशकों, कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच बेचैनी का माहौल है। चीन से



आयातित वस्तुओं पर दंडात्मक शुल्क लगाने की ट्रंप की योजनाओं और ब्रिटेन और जर्मनी से आर्थिक संकुचन की रिपोर्ट आने से चिंता बढ़ी है। हालांकि, चुनाव से पूर्व मंदी आने को लेकर अभी निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता में लेकिन ऐसा होता है तो राष्ट्रपति को करारा झटका लगेगा क्योंकि उन्होंने दूसरे कार्यकाल के लिए मजबूत अर्थव्यवस्था को जोर-शोर से उछाला है। ट्रंप के सलाहकारों को भय है कि कमजोर अर्थव्यवस्था राष्ट्रपति को नुकसान पहुंचा सकती है।

## ऑफ बीट

### प्रयागराज का घंटाघर 30 साल बाद फिर समय बताएगा

पिछली शताब्दी के शुरू में शहर के व्यस्त चौराहे पर बनाया गया विशाल घंटाघर 30 बरस बाद एक बार फिर समय बताएगा। प्रयागराज स्थित चौक



घंटाघर भारत के सबसे पुराने बाजारों में से एक है और मुगलों की परंपरागत स्थापत्य और निर्माण कला का नमूना है। लगभग 221 फीट ऊंचे लखनऊ के घंटाघर के बाद इसे उत्तर प्रदेश का दूसरा सबसे पुराना घंटाघर कहा जाता है। अब अगर घंटाघर बनाने के औचित्य की बात करें तो 1881 में लखनऊ में बना घंटाघर देश का सबसे ऊंचा घंटाघर है। यह ऐसा समय था जब अंग्रेज अफसरों के अलावा घड़ी किसी के पास नहीं होती थी। कृषि प्रधान देश में सूरज के उगने और छिपने से वक्त का अंदाजा लगाया जाता था, लेकिन अंग्रेज हुकूमत के सरकारी दफ्तरों और फैक्ट्रियों में काम करने वाले लोग समय पर अपने काम पर पहुंचे इसके लिए शहर के बीचोंबीच व्यस्त चौराहे पर विशाल घंटाघर बनवाने का चलन शुरू हुआ। लखनऊ का घंटाघर अवधी और ब्रिटिश स्थापत्यकला का नमूना है। प्रयागराज नगर निगम ने इस ऐतिहासिक घंटाघर की घड़ी और घंटे को चालू हालत में लाने की कोशिश तेज कर दी है। इसके कलपुर्जे मिलने में दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन उम्मीद है कि इस बरस अक्तूबर तक यह चालू हालत में होगा।

## ट्रेंड

### सक्षम होना होगा



धारा 370 और 35A हटने से हमारा एक पड़ोसी बौखला गया है और तमाम देशों का दरवाजा खटखटा रहा है। कुछ लोग कहते है कि पाकिस्तान से बात होनी चाहिए मगर जब तक वह आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं करता कोई बात नहीं होगी। अगर बात भी होगी तो पीओके पर होगी।

-राजनाथ सिंह

### तुष्टिकरण विकास में बाधक



कोई भी कुप्रथा हो, जब उसे निर्मूल किया जाता है तो उसका विरोध नहीं होता, बल्कि उसका स्वागत होता है लेकिन तीन तलाक कुप्रथा को हटाने के खिलाफ इतना विरोध हुआ इसके लिए तुष्टिकरण की राजनीति, उसका भाव जिम्मेदार है। -अमित शाह

### समस्याएं बहुत



चीते की चाल, बाज़ की नज़र और बाजीराव की तलवार पर संदेह नहीं करते। जिस योद्धा ने 43 युद्ध किए और एक भी नहीं हारे,अफगानिस्तान तक राज्य का विस्तार किया। पराक्रमी, मराठा सम्राट, वीर शिरोमणि, महान सेनानी, क्रांतिवीर बाजीरावपेशवा की जयंती पर सादर नमन!

-स्वामी रामदेव

### हर जांच को तैयार



फोन टेपिंग की उन्हें कोई भी जांच कर लेने दीजिए, चाहे वह सीबीआई जांच हो या किसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसी से हो, या उन्हें ट्रंप से बात करने दें, और उनकी ओर से किसी के जरिये पूछताछ करने दें। यह राजनीतिक विद्वेष की भावना है। -एचडी कुमारस्वामी

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## समाज सुधारकों में लिखा जाएगा पीएम मोदी का नाम: शाह

# तुष्टिकरण की राजनीति की वजह से किया गया तीन तलाक बिल का विरोध

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री और बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने रविवार को दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि तीन तलाक के विरोध के पीछे तुष्टीकरण की राजनीति है। शाह ने कहा कि तीन तलाक किसी में हटाने की हिम्मत नहीं थी। यह ऐतिहासिक कदम उठाने के लिए पीएम मोदी का नाम इतिहास के समाज सुधारकों में लिखा जाएगा। अमित शाह ने कहा कि तीन तलाक एक कुप्रथा थी, इसमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा, हमें इस कुप्रथा को खत्म करने में 56 साल लग गए, इसका कारण कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति है। तीन तलाक पर कानून बनने से मुस्लिम महिलाओं को हक मिला है। अमित शाह ने कहा, दुहाई दी जाती है कि तीन तलाक मुस्लिम शरीयत का अंग है, हमारे धर्म के रीति-रिवाजों में दखल न दिया जाए। जबकि बांग्लादेश, अफगानिस्तान, मोरक्को, इंडोनेशिया, श्रीलंका, जॉर्डन समेत 19 देश ऐसे हैं जिन्होंने 1922-1963 तक तीन तलाक खत्म कर दिया। अगर यह इस्लाम के खिलाफ होता तो ये देश गैर इस्लामिक काम क्यों करते।



### आरोपी को तब तक जमानत नहीं मिलेगी जब तक कोर्ट महिला का पक्ष ना सुन लें

उन्होंने कहा कि क़ानून के मुताबिक़ आरोपी को तब तक ज़मानत नहीं मिलेगी, जब तक कोर्ट महिला का पक्ष सुन नहीं लेती। एक एनजीओ के सर्वे में कहा गया था कि 92 प्रतिशत मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक़ से मुक्ति चाहती हैं। लोग कहते हैं कि कानून बना देने से क्या तीन तलाक़ रुक जाएगा? मैं कहता हूं क्या चोरी रोकने का क़ानून बना देने से ही चोरी बंद हो जाती है? यह क़ानून शिक्षणात्मक बनाया गया है, ताकि लोगों में भय पैदा हो। उन्होंने कहा कि मूल आघात करने की जरूरत तुष्टीकरण की राजनीति पर है। 2014 में इस देश की जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को पूर्ण बहुमत देकर तुष्टीकरण की राजनीति के अंत की शुरुआत कर दी। जिनके मन में न मेहनत का भाव है और न ही संवेदना है, वे लोग तुष्टीकरण जैसे शॉर्टकट को अपनाते हैं और वोटबैंक की राजनीति करते हैं।

### मोदी सरकार ने लिए 25 ऐतिहासिक निर्णय

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने साढ़े पांच साल के अपने कार्यकाल के अंदर 25 से ज्यादा ऐतिहासिक निर्णय लेकर देश की दिशा बदलने का काम किया है। यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का कमाल है। ट्रिपल तलाक को खत्म करना केवल और केवल मुस्लिम समाज के फायदे के लिए है। ट्रिपल तलाक की प्रताड़ना 50 फीसदी मुस्लिम आबादी यानी माताओं, बहनों को झेलनी पड़ती है। शाह ने कहा कि आज अगर यह बिल हम लेकर नहीं आते तो यह दुनिया के सामने भारत के लोकतंत्र के लिए एक बड़ा धब्बा होता। इसके लिए मुस्लिम महिलाओं ने काफी लड़ाई लड़ी. शाहबानो को ट्रिपल तलाक दिया गया तो वे अपनी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक गईं। गृह मंत्री ने कहा कि जो राजनीति 60 के दशक के बाद कांग्रेस ने शुरू की और बाकी दलों ने भी उसका अनुसरण किया, उसका असर देश के लोकतंत्र, समाजिक जीवन और गरीबों के उत्थान पर पड़ा है. जो अभाव में जी रहा है, जो गरीब-पिछड़ा है, वो किसी भी धर्म का हो।



### राष्ट्रपति ने मुंबई में लता मंगेशकर से की मुलाकात

**मुंबई।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मशहूर गायिका और भारत रत्न से सम्मानित लता मंगेशकर से रविवार को दक्षिण मुंबई में उनके घर में मुलाकात की और उन्हें अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। कोविंद राज भवन में भूमिगत 'बंकर म्यूजियम' का उद्घाटन करने शहर में आए हुए थे। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि लता मंगेशकर जी से मुंबई में उनके आवास पर मिलकर प्रसन्न हूं। उन्हें अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दीं। भारत का गौरव लता जी ने अपने भावपूर्ण मधुर संगीत से हमारी जिंदगियों में मिठास भर दी। वह अपनी सादगी और इनायत से हमें प्रेरित करती रही हैं। इसके जवाब में 89 वर्षीय गायिका ने ट्वीट किया कि नमस्कार, हमारे देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी जब आत्मीयता से आए और मेरे आवास पर मुझसे मुलाकात की तो मैंने काफी सम्मानित महसूस किया। मैं आभारी हूं। सर, आपने हमें गौरवान्वित किया।

## महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड में भाजपा के अपने मौजूदा मुख्यमंत्रियों के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की संभावना



**नई दिल्ली।** भाजपा शासित महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड विधानसभा चुनाव भगवा पार्टी के अपने मौजूदा मुख्यमंत्रियों के नेतृत्व के तहत लड़ने की संभावना है। पार्टी नेताओं ने यहां यह जानकारी दी। भाजपा के शासन वाले इन तीनों राज्यों में साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने शुक्रवार को हरियाणा में एक रैली में संभवतः यह स्पष्ट कर दिया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर इस पद के लिए एक बार फिर पार्टी की पंसद होंगे। वहीं, सूत्रों के मुताबिक महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस और झारखंड के रघुवर दास अपने-अपने राज्यों में पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। हरियाणा के जींद में एक रैली में शाह ने मनोहर लाल खट्टर सरकार की वापसी के लिए मतदाताओं से 90 सदस्यीय विधानसभा में पार्टी को 75 सीटें देने का अनुरोध किया। पार्टी के एक नेता ने कहा कि सभी तीनों मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में पांच साल शासन किया है। यदि भाजपा सत्ता में लौटी तो सरकार का नेतृत्व करने के लिए वे स्वाभाविक पंसद होंगे।

## खबर संक्षेप

### कानूनी जागरूकता का अभाव अधिकार वंचना का मूलभूत कारण: सीजेआई

**नागपुर।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) रंजन गोगोई ने रविवार को कहा कि कानूनी जागरूकता का अभाव अधिकार वंचना का मूलभूत कारण है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के बारे में जागरूकता और उन्हें हासिल करने के साधन सामाजिक और आर्थिक प्रगति लाने के शक्तिशाली औजार हैं। नागपुर में अखिल भारतीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सत्रहवीं बैठक के समापन समारोह को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा कि न्याय हासिल करने, कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और गरीबों के खिलाफ सामाजिक और ढांचागत भेदभाव के उन्मूलन के लिए विधिक सेवाओं की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में गुणवत्तापूर्ण कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए कानूनी साक्षरता, प्रौद्योगिकी और पहुंच तथा प्रभाव एवं जवाबदेही के महत्व को भी रेखांकित किया।

### तेज गति कार ने सात पैदल श्रद्धालुओं को मारी टक्कर, तीन महिलाओं की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले के सेंदड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक तेज गति कार ने रामदेवरा जा रहे सात पैदल श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी जिनमें से तीन महिला श्रद्धालुओं की उपचार के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। थाना अधिकारी प्रेमाराम ने रविवार को बताया कि ब्यावर- अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर लालपुरा घाटा के पास एक तेज गति से जा रही कार ने रामदेवरा जा रहे सात पैदल श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी जिससे सुगरी मेहरात (40), पूजा रावत (18) और पताशी मेहरात (58) की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि सुल्तान, गन्नी, काजन और पार्वती घायल हो गये। उन्होंने बताया कि टक्कर मारने के बाद घटनास्थल से फरार हुए कार चालक देवकरण (65) को दो किलोमीटर दूर गिरफ्तार किया गया।

### राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों ने पोषण अभियान के संसाधनों का 16 प्रतिशत इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली।** राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पोषण अभियान के लिए आवंटित संसाधनों का फरवरी तक मात्र 16 प्रतिशत इस्तेमाल किया। यह जानकारी एक बैठक के विवरण से मिली है। जून में अभियान की कार्यकारी समिति की आयोजित बैठक के विवरण के अनुसार फरवरी में आयोजित चौथी राष्ट्रीय परिषद बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा पोषण अभियान की राशि के ''काफी कम'' उपयोग पर चिंता जतायी थी। इसमें कहा गया है कि पोषण अभियान का उद्देश्य 0 से 6 वर्ष आयु समूह के बच्चों में कद का विकास अवरूद्ध होने की समस्या को 38.4 प्रतिशत से घटा कर 2022 तक 25 प्रतिशत तक लाना है।

## कोर्ट के न्यायाधीश ने मुकदमे से पहले मध्यस्थता पर दिया जोर

**नागपुर।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश शरद बोबड़े ने मुकदमा दायर करने से पूर्व मध्यस्थता की जरूरत और लोगों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए कानूनी सहायता प्रणाली की भूमिका पर जोर दिया। वह यहां 17वें अखिल भारतीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शनिवार को बोल रहे थे। न्यायाधीश बोबड़े ने कहा कि अप्रैल 2017 से मार्च 2018 के बीच मध्यस्थता के जरिए 1,07,587 मामले निपटाए गए। गुजरात में हाल ही में एक दिन में 24,000 मामले निपटाए गए। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा, ''मध्यस्थता करने पर हमारा जोर है। इसलिए हम 'मुकदमे से पूर्व मध्यस्थता' करने की अनिवार्यता पर विचार कर रहे हैं जो केवल वाणिज्यिक विवादों तक ही सीमित



नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में विधि विश्वविद्यालयों में मध्यस्थता में डिग्री, डिप्लोमा पाठ्यक्रम होने चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के कई वंचित वर्गों को यह तक नहीं पता है कि उनके पास कानून एवं कल्याणकारी योजनाओं के तहत कानूनी अधिकार हैं। आंकड़ों का हवाला देते हुए न्यायाधीश बोबड़े ने कहा कि देश में करीब 80 फीसदी लोगों को कानूनी सहायता लेने का अधिकार है लेकिन यह आबादी के 0.05 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को उपलब्ध नहीं है।

### जघन्य अपराधों के लिये निगरानी इकाई गठित की जायेगी: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य में नृशंस अपराधों के लिये 'जघन्य अपराध निगरानी इकाई' गठित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि जघन्य अपराधों के लिये एक विशेष प्रकोष्ठ की स्थापना की जा रही है। इसमें पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी, उपमहानिरीक्षक स्तर के एक अधिकारी और दो पुलिस अधीक्षकों के साथ- साथ दो विधि अधिकारी होंगे। यह प्रकोष्ठ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) के नेतृत्व में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रकोष्ठ अदालत तक निगरानी करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि पहलू खान जैसे संगीन अपराधों की जांच अब राज्य स्तर के साथ साथ रेंज स्तर पर भी होगी और विधि अधिकारी तफ्तीश के दौरान चालान पेश होने के बाद अदालत में केस पर नजर रखेंगे।

## कर्नाटक में फोन टैपिंग केस की जांच करेगी सीबीआई: येदियुरप्पा

**बेंगलुरू।** जद(एस) के नेतृत्व वाली पूर्व गठबंधन सरकार के दौरान फोन टैपिंग के आरोप सामने के कुछ दिनों बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि वह कांग्रेस के कई नेताओं की मांग पर इन आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश देंगे। येदियुरप्पा ने यहां पत्रकारों से कहा कि टेलीफोन टैपिंग के मुद्दे पर कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्दरमैया समेत कई नेताओं ने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए और सच्चाई सामने आनी चाहिए, इसलिए मैंने सीबीआई जांच का आदेश देने का फैसला किया है। कल ही मैं जांच का आदेश दूंगा। उन्होंने कहा कि यह राज्य के लोगों की अपेक्षा है कि विस्तृत जांच की जाए और दोषियों को सजा दी जाए।



गौरतलब है कि अयोग्य करार दिए गए जद (एस) विधायक ए एच विश्वनाथ ने पिछले सप्ताह एच डी कुमारस्वामी की सरकार पर फोन टैप करने और उनके समेत 300 से अधिक नेताओं की जासूसी कराने के आरोप लगाए। इसके बाद येदियुरप्पा ने यह घोषणा की है। सिद्दरमैया, एम. मल्लिकार्जुन खड़गे और गठबंधन सरकार में गृह मंत्री रहे एम बी पाटिल समेत कांग्रेस नेताओं ने जांच की मांग की है जबकि पार्टी के एक अन्य अहम नेता और पूर्व मंत्री डी के शिवकुमार ने आरोपों को खारिज कर दिया है।

### किसी भी जांच के लिए तैयार हूं: कुमारस्वामी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने कथित फोन टैपिंग मामले की सीबीआई जांच कराने की भाजपा सरकार की घोषणा पर रविवार को कहा कि वह किसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसी तक से जांच के लिए तैयार है। राज्य के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने पिछली जद (एस)- कांग्रेस गठबंधन सरकार के समय के कथित फोन टैपिंग मामले की सीबीआई जांच की घोषणा की है। फोन टैपिंग के आरोपों को पहले ही खारिज कर चुके कुमारस्वामी ने यहां पत्रकारों से कहा कि उन्हें कोई भी जांच कर लेने दीजिए।

### आर्थिक आपातकाल जैसी स्थिति से जूझ रहा है देश: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अर्थव्यवस्था की नरमी पर रविवार को चिंता जताई और कहा कि देश आर्थिक आपातकाल जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। कांग्रेस के प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी ने भाजपा पर लोगों का ध्यान अपनी विफलताओं से हटाने का आरोप लगाया। आर्थिक नरमी पर चिंता जाहिर करते हुए सिंघवी ने कहा कि स्थिति आर्थिक आपातकाल जैसी हो गई है। उन्होंने वाहन क्षेत्र में नरमी का मुद्दा उठाया। सिंघवी ने कहा कि वाहन उद्योग में नरमी का चलन अचानक से नहीं आया है। सिंघवी ने कहा कि वाहनों की बिक्री में 31 प्रतिशत गिरावट आयी है। यह यात्री वाहनों की बिक्री में लगातार नौंवे महीने की गिरावट रही। सिंघवी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जुलाई 2018 के बाद के 13 महीनों में से 12 महीनों में वाहनों की बिक्री गिरी है।

### प्रतियोगिता...



ठाणे में 29वें वार्षिक मानसून मैराथन प्रतियोगिता में हिस्सा लेतीं वरिष्ठ महिलाएं।

## मोदी और शाह भगवान कृष्ण और अर्जुन की तरह: चौहान

**पणजी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने अनुच्छेद-370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को खत्म करने के केंद्र के फैसले के लिए रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की तुलना भगवान कृष्ण और अर्जुन से की। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को 'राणछोड़ दास गांधी' करार दिया, जिन्होंने लोकसभा चुनाव में मिली शिकस्त के बाद पार्टी को 'परित्यक्त' कर दिया है, जब वह सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही है। जम्मू-कश्मीर पर केंद्र के फैसले को लेकर मोदी और शाह की प्रशंसा करते हुए चौहान ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। वे कृष्ण और अर्जुन की तरह देश को



आगे ले जाने में व्यस्त हैं। कांग्रेस के अनुच्छेद-370 पर भ्रमित होने का दावा करते हुए उन्होंने पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से इस मुद्दे पर बयान जारी करने की मांग की। चौहान ने यहां अयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के केंद्र के ऐतिहासिक फैसले पर कांग्रेस नेता अलग-अलग सुर में बोल रहे हैं, जबकि सोनिया गांधी इस मामले पर चुप हैं।

### टीडीपी के विधायक ने लगाया आरोप

## चंद्रबाबू नायडू को मारने की साजिश रच रही है जगन सरकार

**नई दिल्ली।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के विधायक बुद्ध वेंकन्ना ने रविवार को आरोप लगाया कि आंध्र प्रदेश की जगन मोहन रेड्डी सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की हत्या की साजिश रची है। टीडीपी एमएलसी का यह बयान सरकार द्वारा कृष्णा नदी तट पर ड्रोन कैमरे लगाने के निर्णय के दो दिन बाद दिया है। इसे लेकर काफी विवाद चल रहा है। बता दें कि जिस जगह ड्रोन लगाए गए, नायडू वहीं रहते हैं। वेंकन्ना ने आरोप लगाया है कि जगन रेड्डी ने जानबूझकर नायडू की सुरक्षा घटाई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नायडू की सुरक्षा बढ़ाने के आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को लागू नहीं किया। सरकार ने कथित तौर पर लोगों को ड्रोन से नायडू के



घर के वीडियो लेने के लिए भेजा। टीडीपी एमएलसी ने इस मामले में मंगलगिरी के विधायक अल्ला रामकृष्ण रेड्डी की भूमिका पर भी सवाल उठाया। मुख्यमंत्री पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जगन रेड्डी पूरे प्रदेश में छुट्टियां मना रहे हैं जबकि कृष्णा घाटी के लोग बाढ़ से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि अगर अंतिम मिनट में प्रकासम बैराज के गेट नहीं खोले गए होते तो बारिश से हुआ नुकसान कम हो सकता था।

## नेताजी के साथ क्या हुआ हमें जानने का अधिकार है: ममता

**कोलकाता।** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के रहस्यमय रूप से गायब होने की घटना को याद करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि नेताजी के साथ क्या हुआ, लोगों को यह जानने का अधिकार है। ममता बनर्जी ने ट्वीट किया कि 1945 में इसी दिन नेताजी ताइवान के ताइहोकू हवाईअड्डे की एक उड़ान से रवाना हुए और हमेशा के लिए गायब हो गए।

हम अब भी नहीं जानते कि उनके साथ क्या घटित हुआ। धरती के महान सपूत के बारे में जानने का लोगों को अधिकार है। बोस के परिवार के एक वर्ग व कुछ शोधकर्ताओं का मानना है कि नेताजी की ताईहोकू हवाईअड्डे पर एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। हालांकि, परिवार के एक अन्य वर्ग व बड़ी संख्या में शोधकर्ताओं व



### तीन जांच आयोगों का किया गया गठन

भारत सरकार ने नेताजी के लापता होने की सच्चाई का पता लगाने के लिए तीन जांच आयोगों का गठन किया। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एम.के.मुखर्जी की अगुवाई में 1999 में मुखर्जी आयोग ने नेताजी की कथित गुमशुगदी को लेकर छह साल लंबी जांच की।

क्रांतिकारी नेता के प्रशंसकों ने विमान दुर्घटना के सिद्धांत को खारिज कर दिया।

### भारत के 42 धरोहर स्थल यूनेस्को की संभावित सूची में

# सरकार यूनेस्को के मापदंडों सहित इन धरोहरों का तुलनात्मक अध्ययन करायेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के 42 धरोहर स्थल काफी लंबे समय से यूनेस्को की 'धरोहर सूची' में शामिल किए जाने का इंतजार कर रहे हैं । इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अब सरकार यूनेस्को के मापदंडों सहित इन धरोहरों का तुलनात्मक अध्ययन करायेगी ताकि इन्हें जल्द वैश्विक सूची में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो सके । इन धरोहर स्थलों को यूनेस्को की 'संभावित धरोहरों की सूची' में तो शामिल किया गया है लेकिन पूर्ण रूप से वैश्विक धरोहर के रूप में मान्यता अभी तक नहीं




मिली है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को के भारत में संभावित धरोहरों की सूची में पश्चिम बंगाल का विष्णुपुर मंदिर, केरल के कोच्चि स्थित मात्तानचेरी पैलेस, मध्यप्रदेश के मांडू स्थित ग्रुप आफ मॉन्यूमेंट और उत्तर प्रदेश के वाराणसी के सारनाथ स्थित प्रचीन बौद्ध स्थल साल 1998 से यूनेस्को की संभावित विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं हालांकि अब तक पूर्ण रूप से विश्व धरोहर की मान्यता नहीं मिली है। यूनेस्को के विश्व धरोहर की संभावित सूची के बारे में पूछे जाने पर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि यह सही है कि यूनेस्को की संभावित या अस्थायी धरोहरों की सूची में करीब 50 धरोहर हैं ।

### धरोहर स्थलों का विकास होने से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

उन्होंने कहा कि हमें अपने धरोहर स्थलों का विकास करना है ताकि एक तरफ पर्यटन को बढ़ावा मिल सके और दूसरी तरफ दुनिया हमारी समृद्ध संस्कृति से रूबरू हो सके । पटेल ने कहा कि धरोहर स्थल संभावित सूची में शामिल होने के एक साल बाद ही स्थायी सूची में शामिल होने के पात्र बनते हैं और इस दृष्टि से हम अपनी धरोहरों पर काम करने जा रहे हैं । यूनेस्को के संभावित धरोहरों की सूची में भारतीय धरोहरों में पंजाब के अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब और असम में ब्रह्मपुत्र नदी की मुख्यधारा से लगे माजुली द्वीप साल 2004 से ही शामिल है । वहीं, नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान और लिटिल रन आफ कच्छ का वाइल्ड एस सैंचुरी साल 2006 से संभावित सूची में तथा नेउरा वैली नेशनल पार्क और डेजर्ट नेशनल पार्क साल 2009 से यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल है ।



# रजनीकांत को मिल रहीं बधाइयां...

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत ने फिल्म इंडस्ट्री में 44 साल पूरे कर लिए हैं। राजनीति में भी सक्रिय रजनीकांत का जलवा आज भी अपने फैंस में बरकरार है। इंडस्ट्री में 44 साल पूरे होने पर फैंस ने कुछ इस तरह उन्हें बधाई दी है। आज भी लोग उनकी फिल्मों और एक्टिंग के दीवाने हैं। फैंस रजनीकांत की तस्वीर के साथ रजनीज्म के 44 साल लिख कर पोस्ट शेयर कर रहे हैं। फिल्मी करियर की बात करें तो रजनीकांत ने 1975 में तमिल फिल्म अपूर्व रागंगल से एक्टिंग डेब्यू की थी। साउथ की कई सुपरहिट फिल्मों में काम करने के अलावा उन्होंने अंधा कानून, चालबाज, बुलंदी जैसी हिट हिंदी फिल्मों में काम किया है।

लाइफ Style

# श्रद्धा
## प्रभास के साथ दिखी केमिस्ट्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई

घर पर हिंदी नहीं बोलता। हिंदी को बोलना बहुत कठिन था। फिल्म 'साहो' 30 अगस्त को रिलीज होने को तैयार है। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल तेलुगु और मलयालम में भी रिलीज होगी।

एक्टर प्रभास और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म साहो की इस समय चर्चा हो रही है। फिल्म का जब से ट्रेलर और गाने आ चुके हैं। इसके बाद से लोग फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ के सुपरस्टार प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का एक और पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में प्रभास और श्रद्धा के बीच लव सीन दिख रहा है। उन्होंने इस पोस्टर के कैप्शन में लिखा, ऐक्शन, रोमांस और बहुत कुछ! 30 अगस्त को साहो के लिए तैयार हो जाओ।

बताते चलें कि जहां प्रभास और श्रद्धा की केमिस्ट्री को लोगों ने पसंद किया है, वहीं इस पोस्टर ने सभी को फिल्म के लिए और भी ज्यादा उत्सुक बना दिया है। फिल्म के ट्रेलर के लॉन्च के समय फिल्म के बारे में प्रभास ने बात करते हुए कहा था कि वह फिल्म में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि मैं हिंदी में पढ़ और लिख सकता हूं लेकिन घर पर हिंदी नहीं बोलता। हिंदी को बोलना बहुत कठिन था। फिल्म 'साहो' 30 अगस्त को रिलीज होने को तैयार है। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल तेलुगु और मलयालम में भी रिलीज होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# ईजी राइडर.. से छोड़ी छाप

**लॉस एंजलिस।** अमेरिकी एक्टर और फिल्म निर्माता पीटर फोंडा, जो साल 1969 में फिल्म 'ईजी राइडर' से एक अंतरराष्ट्रीय स्टार बन गए, उनका 79 साल की उम्र में लॉस एंजिलिस में अपने घर पर निधन हो गया। बताया जाता है कि उनकी मौत फेफड़ों में कैंसर से हुई। पीटर हेनरी फोंडा के बेटे और एक्ट्रेस जेन फोंडा के छोटे भाई थे। पीटर की मूवी 'ईज़ी राइडर' ब्लॉकबस्टर थी। इस फिल्म में उन्होंने छाप छोड़ी थी। उनकी बहन जेन फोंडा भाई के जाने से बेहद दुखी हैं।



# माइली ने की तस्वीर पोस्ट...

**लॉस एंजलिस।** गायिका-अभिनेत्री माइली सायरस ने अपने जीवन के बारे में बताया है। उन्होंने अपने फैंस से कहा कि विकास से मत लड़िए, क्योंकि आप कभी नहीं जीत पाएंगे। गौरतलब है, हाल में मायली और उनके पति लियाम हेम्सवर्थ शादी के अलग होने की खबर आई थी। पति से अलग होने के बाद माइली ने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए नोट लिखा है। गायिका ने एक व्यक्ति के रूप में अपने विकास पर बात करते हुए लिखा है कि एक इंसान के रूप में विकसित होने से कैसे नहीं बचना चाहिए। बता दें पति से अलग होने की पुष्टि करते हुए माइली के प्रतिनिधि की तरफ से जारी बयान में कहा गया है- माइली और लियाम दोनों खुद पर और अपने करियर पर ज्यादा फोकस करना चाहते हैं।



# जरीन खान का मजेदार जवाब

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को बॉलीवुड का गॉडफादर कहा जाता है। एक्ट्रेस जरीन खान भी उन एक्ट्रेसेज में से हैं जिन्हें सलमान फिल्म वीर के जरिए बॉलीवुड में लाए थे। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कई मजेदार सवालों के जवाब दिए। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक जब जरीन से पूछा गया कि वह अपने बारे में एक ऐसी कौन सी अफवाह है जो उड़ाना चाहती हैं, तो उन्होंने कहा कि वह चाहेंगी कि उनकी सलमान खान के साथ शादी की अफवाह उड़े। बता दें कि जरीन खान सलमान खान की गर्लफ्रेंड हैं, ऐसी अफवाहें कई बार उड़ चुकी हैं। सलमान खान न सिर्फ जरीन को बॉलीवुड में लाए थे बल्कि उनका वेट भी कम कराया था। सलमान खान इन दिनों फिल्म दबंग 3 की शूटिंग में बिजी हैं।



# कलाकारों के रवैये से अक्षय दुखी...

**मुंबई।** एक्टर अक्षय कुमार को एक दुख है जो उन्हें बहुत सालता है और वह यह है कि आजकल के एक्टर्स ऐसी फिल्में साइन करने से कतराते हैं जिनमें दो या दो से ज्यादा हीरो होते हैं। वे ऐसी फिल्मों को तरजीह देते हैं जिनमें एक ही हीरो होता है या फिर फिल्म की कहानी ही सोलो हीरो वाली होती हैं। अक्षय ने कहा, 'मैं बहुत ही ईमानदारी से और बिना किसी का नाम लिए यह कहना चाहता हूं कि मुझे अभी भी समझ नहीं आया कि हमारी इंडस्ट्री के एक्टर्स अभी भी यह बात नहीं समझते कि उन्हें दो या तीन हीरो वाली फिल्में करनी चाहिए। वे ऐसी फिल्में कर ही नहीं रहे हैं। मैंने पता लगाने की कोशिश की कि वे ऐसी फिल्में क्यों नहीं करना चाहते। हर कोई सोलो हीरो वाली फिल्म ही करना चाहता है। मेरी पीढ़ी के स्टार्स ने ऐसी फिल्में कीं।

# रणवीर को लेकर दीपिका का खुलासा

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण फिलहाल लंदन में अपने पति रणवीर सिंह के साथ अपनी अगली स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म '83' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक मैगज़ीन को दिए अपने हालिया इंटरव्यू में दीपिका ने रोचक खुलासा किया कि उन्होंने रणवीर को यह बात नहीं बताई थी कि वह भी उनकी फिल्म '83' का हिस्सा बन रही हैं। उन्होंने कहा कि रणवीर इस फिल्म के एक्टर थे और उन्हें लगा कि रणवीर को यह बात डायरेक्टर के जरिए पता चलनी चाहिए कि फिल्म में उनकी को-स्टार कौन हैं। गौरतलब है, फिल्म '83' कबीर खान के डायरेक्शन में बन रही 1983 में क्रिकेट विश्व कप में हुई भारत की जीत की कहानी पर बेस्ड फिल्म है। इस फिल्म में रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं। रणवीर सिंह फिल्म में पूर्व कप्तान कपिल देव की भूमिका निभाएंगे और उनकी पत्नी रूमी देव की भूमिका में होंगी दीपिका। फिल्म में साकिब सलीम, आर बद्री, हार्डी संधू, चिराग पाटिल, पंकज त्रिपाठी, अम्मी विर्क और साहिल खट्टर भी प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म को अगले साल 10 अप्रैल को रिलीज किया जाना है।



200 किलोग्राम वजन उठाते आ रहे नजर

# 'सुपर ह्यूमन' टाइगर का फिटनेस प्रेम

**मुंबई।** बॉलीवुड के एक्शन हीरो टाइगर श्रॉफ ने रविवार को एक वीडियो शेयर किया. वीडियो में टाइगर डेडलिफ्ट एक्सरसाइज में 200 किलोग्राम वजन उठाते नजर आ रहे हैं। टाइगर ने अपने इस अंदाज से सभी को चौंका दिया है। एक्टर ईशान खट्टर ने भी टाइगर की तारीफ की। साथ ही उन्होंने टाइगर को सुपर ह्यूमन बुलाया। बता दें कि टाइगर फिटनेस के प्रति अपने प्यार के लिए मशहूर हैं। वो अपनी सेहत का पूरा ख्याल रखते हैं। प्रोपर वर्कआउट करते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए टाइगर ने कैप्शन लिखा है, अपने आप को इस हद तक पुश किए काफी वक्त हो गया है। 200 किलोग्राम। हाई स्कूल के दिनों में बहुत हल्का महसूस किया करता था। ओनली ह्यूमन। टाइगर के इस वीडियो को अब तक 9 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। टाइगर के वर्कफ्रंट की बात करें तो, आखिरी बार टाइगर करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 में नजर आए थे। फिल्म में तारा सुतारिया और अनन्या पांडे अहम रोल में थे। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर मूवी



खास कमाल नहीं दिखा पाई। अब टाइगर एक्टर ऋतिक रोशन संग नजर आने वाले हैं. फिल्म का नाम है वॉर। फिल्म का टीजर वीडियो सामने आ चुका है। ये मूवी 2 अक्टूबर को रिलीज होगी। मूवी यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी है। ये फिल्म 3 भाषाओं (हिंदी, तमिल और तेलुगू) में रिलीज होगी। मूवी का डायरेक्शन सिद्धार्थ आनंद ने किया है।

## टीवी मसाला



# एकता और मोना में अनबन ...

**मुंबई।** एकता कपूर का नाम आजकल खबरों के बाजार में गर्म है। दिव्यांका त्रिपाठी से खराब रिश्तों की खबर के खारिज होने के बाद अब एक और एक्ट्रेस के साथ एकता के रिश्तों पर सवाल उठ गया है। खबर है कि प्रोड्यूसर एकता कपूर और उनकी बेस्ट फ्रेंड एक्ट्रेस मोना सिंह के बीच सबकुछ सही नहीं है। मोना ने एकता के कई शोज में काम किया हुआ है और ये दोनों साथ में पार्टियों और फंक्शन्स में भी नजर आती रहती हैं। इतना ही नहीं मोना सिंह का एकता के घर काफी आना जाना है। लेकिन इस नई खबर ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों ने बताया कि ये दोनों दोस्त आजकल आपस में बातचीत नहीं कर रही हैं। शुक्रवार को एकता अपनी दो वेब सीरीज मिशन ओवर मार्स और कोल्ड लस्सी और चिकन मसाला के लांच पर पहुंची थीं। लेकिन इवेंट में मोना सिंह का कोई अता पता नहीं था।

## इंडियन आइटल को होस्ट करेंगे आदित्य

**मुंबई।** सिंगर और एंकर आदित्य नारायण अब 'इंडियन आइडल' के नए सीजन को होस्ट करते हुए नजर आएंगे। सिंगिंग रिएलिटी शो के 11वें सीजन का ऑडिशन प्रोसेस शुरू हो गया है। आदित्य ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी और अपनी एक सेल्फी भी पोस्ट की, जिसके बैकग्राउंड में ढेर सारे कंटेस्टेंट्स नजर आ रहे हैं। आदित्य नारायण ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'एक नई शुरुआत। मुझे आप सबके साथ यह शेयर करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मैं 'इंडियन आइडल 11' को होस्ट करूंगा। मुझे शुभकामनाएं दीजिए।' बता दें कि 'इंडियन आइडल' के पिछले सीजन हुसैन कुवाजरवैला से लेकर मिनी माथुर, करन वाही, मंदिरा बेदी और मनीष पॉल ने होस्ट किए थे। हालांकि इस बार नए सीजन में कौन-कौन जज होगा, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।




# हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष




### ज्योतिष










### ज्योतिष




### आवश्यकता

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं-ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियां (25,500 - 74500) सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-63349

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नही होगी।

### टावर

☞ UNITY TOWER (REGD) कम्पनी द्वारा अपनी खाली जमीन, छत, खेत, प्लॉट पर सभी कम्पनी के 4G डिजिटल टॉवर लगवायें एडवांस 60 लाख, किराया 45000/- + 1 नौकरी, सैलरी 24000/- # 070822-21099

### टावर

☞ अमेरिकन ग्रुप द्वारा निःशुल्क जमीन, खेत, छत पर 4G टॉवर लगवायें एडवांस 60 लाख मासिक किराया 80,000/- + 1 नौकरी + सैलरी 24000/- एग्रीमेंट सहित धोखेबाजों से सावधान 69011-27488, 75184-54138

### टावर

☞ निर्देश किसी भी टावर कम्पनी में कार्य चल रहा है या धोखा हुआ है तो शिकायत दर्ज करवाएं अपना पैसा वापिस पाएं 98171-56847 सभी कंपनियों के 4G टावर लगवाएं 75798-16540

### आवश्यकता

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं-ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियां (25,500 - 74500) सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 74286-36972, 96397-45866

### आवश्यकता

☞ पी कौशल विकास योजना के अंतर्गत SMS JOB आवश्यकता 965 लड़के / लड़कियाँ / ग्रहणियाँ घरबैठे SMS भेजकर कमाऐं- 21500-35500 महीना, मोबाईल + लैपटॉप + प्रिंटर फ्री CALL/ SMS करें - 91351-92891, 73240-50266

### लोन

☞ संत निरंकारी पिता जी के आदेशानुसार सत्यम फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम लोन पर्सनल मार्कशीट मुर्गीपालन महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन करवाये ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित। 94168-93633

### ज्योतिष

☞ 1125 में वशीकरण नाम फोटो से मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, प्रेमी, पड़ोसी/जादू टोना, किया कराया तोड़ना, माता-पिता को मनाना 100% गारटेंड उपाय गुप्त रूप से बाबाजी 70285-57299

### ज्योतिष



## खबर संक्षेप

### श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों का पीछा किया

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** कच्चाथीवु के निकट मछली पकड़ने के दौरान यहां के लगभग दो हजार मछुआरों को श्रीलंका की नौसेना ने कथित रूप से धमकाया और उनका पीछा किया। मछुआरा संघ के एक नेता ने रविवार को यह जानकारी दी। तमिलनाडु तटीय यंत्रीकृत मछुआरा संघ के अध्यक्ष पी सेसुराजा ने बताया कि श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने 200 से अधिक नौकाओं में जीपीएस संचार उपकरण और मछली पकड़ने के जाल को कथित तौर पर नष्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि 700 से अधिक यंत्रीकृत नौकाओं में शनिवार को मछुआरे समुद्र में उतरे थे। वे कच्चाथीवु तथा धनुषकोडी के बीच समुद्र में मछली पकड़ रहे थे।

### एमडीएमके प्रमुख वाइको अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई।** एमडीएमके प्रमुख वाइको के न्यूट्रिनो परियोजना के खिलाफ 20 अगस्त से प्रस्तावित अभियान को उनके अस्पताल में भर्ती होने के बाद टाल दिया गया है। पार्टी ने रविवार को यह जानकारी दी। पार्टी ने बयान में कहा कि राज्यसभा सांसद को जांच के लिये मदुरै के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें कहा गया कि इलाज कर रहे डॉक्टरों की सलाह पर वाइको आराम करेंगे। इसमें कहा गया कि एमडीएमके नेता के अस्पताल में भर्ती होने की वजह से थेनी जिले में 20,21 और 22 अगस्त को न्यूट्रिनो परियोजना के खिलाफ प्रस्तावित प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है।

### मणिपुर-म्यांमार सीमा पर भूकंप के झटके

**इम्फाल।** मणिपुर में भारत-म्यांमार सीमा क्षेत्र में शनिवार देर रात 2.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि इस भूकंप से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि पूर्वी मणिपुर के उखरुल जिले में और म्यांमार सीमा से लगे क्षेत्र के नजदीक शनिवार रात 10.56 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया। अधिकारी ने कहा कि भूकंप 12-15 सेकंड में समाप्त हो गया और वह 58 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। उन्होंने कहा कि मणिपुर और उससे लगे इलाकों में किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार शाम 5.47 बजे अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिले में 3.6 तीव्रता का एक अन्य भूकंप आया था

### बंगाल में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में बदमाशों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के एक पचास वर्षीय कार्यकर्ता पर क्रूड बम फेंक कर उनकी हत्या करने की घटना सामने आई है। लाभपुर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा कि दलू शेख (50) की शनिवार रात को बम से घायल होने की वजह से मौत हो गई। उन्होंने आगे बताया कि व्यक्ति भाजपा का कार्यकर्ता था। आगे की जांच के बाद ही मौत के पीछे कारणों का पता चल पाएगा। अधिकारी ने बताया कि उन्हें अभी तक घटना की औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शेख की हत्या करने वाले बदमाश तृणमूल कांग्रेस के सदस्य थे और उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि घटना के काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

### प्रख्यात पत्रकार रंजीत गुरु का निधन

**भुवनेश्वर।** प्रख्यात पत्रकार एवं स्तंभ लेखक रंजीत गुरु का यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। परिवार के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वह 61 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटी हैं। परिवार के सूत्रों ने बताया कि गुरु को कुछ दिन पहले यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने रविवार देर रात करीब 12:30 बजे अंतिम सांस ली। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान समेत कई अधिकारियों ने गुरु के निधन पर शोक प्रकट किया है।

### छह जिलों में रेड अलर्ट जारी

# हिमाचल में बारिश का कहर, 21 लोगों की मौत, आज बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज

एजेंसी ⏭ धर्मशाला/शिमला/कुल्लू

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश ने खूब तबाही मचाई है। रातभर हुई बारिश के कारण 21 लोगों की मौत हो गई है। प्रदेश में 800 से ज्यादा सड़कें व 13 राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हैं। कुल्लू में दो पुल टूट गए हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के छह जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। मंडी, कांगड़ा, शिमला, सोलन, सिरमौर व बिलासपुर में भारी बारिश हो सकती है। सिरमौर, सोलन, शिमला, बिलासपुर व कुल्लू में आज(सोमवार) को शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। पांच जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिला मंडी में ब्यास अपना रौद्र रूप दिखा रही है। ब्यास में आई बाढ़ में पंचवक्त्र मंदिर डूब गया है व कई वाहन नदी के तेज बहाव में समा गए हैं। बिलासपुर जिला के कठलग गांव में जमीन धंसने से सात घर जमींदोज हो गए हैं। गनीमत रही कि ग्रामीणों को जमीन धंसने का आभास हो गया, अन्यथा भारी जानी नुकसान हो सकता था। सभी लोगों ने आधी रात को भागकर जान बचाई। ऊना जिला के संतोषगढ़ में घरों व अस्पताल में बारिश का पानी भर गया है। चंबा जिला का संपर्क शेष दुनिया से कटा हुआ है। कुल्लू का संपर्क भी आधी रात से कट गया है। चंबा व कुल्लू में किसी भी तरह के जरूरी सामान की सप्लाई नहीं हो पाई है।



#### उत्तराखंड में बादल फटने से आधा दर्जन से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका

उत्तराखंड के ज्यादातर स्थानों पर पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कई जगह बादल फटने तथा भूस्खलन होने से आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है तथा कई अन्य घायल हो गये। उत्तरकाशी जिले के मोरी ब्लॉक में शनिवार की देर रात बादल फटने से कई गांवों में तबाही मची जिसमें आराकोट, माकुडी व टिकोची में कई मकान ढह गये। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) से मिली जानकारी के अनुसार, अभी तक इन घटनाओं में करीब आठ व्यक्तियों के लापता होने की सूचना है।

#### कर्नाटक में भारी बारिश का अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग ने कर्नाटक में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे में कर्नाटक में भारी बारिश की आशंका जताई जा रही है। हसन, कोडगू, बेंगलुरु, चिकबलपुर, रामनगर, मैसूर, मध्य टुमकुर और कोलार इलाके में भारी बारिश होगी।

#### पहाड़ी इलाकों में बारिश और बांधों से छोड़ा गया पानी बना आफत

**लखनऊ।** उत्तराखंड के ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश और बांधों से छोड़ा गया पानी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में मुसीबत बनकर टूटा है। प्रदेश में गंगा, यमुना और घाघरा समेत कई नदियां रौद्र रूप अपना रही हैं। इनकी बाढ़ की चपेट में आने से कई मकान बह गये हैं और फसलों को भी व्यापक नुकसान हो रहा है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक गंगा नदी कछलाब्रिज (बदायूं) में खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रही है। वहीं, चम्बल नदी का जलस्तर धौलपुर में, शारदा नदी का पलियाकलां में और घाघरा नदी का जलस्तर एल्गिनब्रिज में लाल चिह्न से ऊपर बना हुआ है। इसके अलावा गंगा नदी का जलस्तर गढ़मुक्तेश्वर, नरौरा और फर्रुखाबाद में खतरे के निशान से ऊपर है।

#### ऊना जिले में रेल सेवा हुई ठप

पंजाब के शकीरतपुर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब के बीच रेलवे ट्रैक में पानी भरने से ऊना नंगल स्टेशन तक आने जाने वाली सभी रेल सेवाएं ठप हो गई हैं। रेलवे ने आज सभी रेल रूटों को स्थगित कर दिया है। हिमाचल एक्सप्रेस को रोपड़ में रोक लिया गया है, जबकि जनशताब्दी को नंगल में रोका गया है। आगामी आदेश तक यहां रेल सेवाएं बंद रहेंगी।

## 200 पूर्व सांसदों ने अब तक खाली नहीं किए अपने सरकारी बंगले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- लोकसभा चुनाव जीतने वाले नवनिर्वाचित सांसद रह रहे हैं अस्थायी आवास में

सोलहवीं लोकसभा के भंग होने के दो महीने बाद भी 200 से अधिक पूर्व सांसदों ने अब भी लुटियंस दिल्ली में स्थित अपने सरकारी बंगले खाली नहीं किए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। नियमों के अनुसार पूर्व सांसदों को पिछली लोकसभा भंग होने के एक महीने के भीतर अपने-अपने बंगलों को खाली करना होता है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर 16वीं लोकसभा को 25 मई को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया था। एक सूत्र ने बताया कि लोकसभा के 200 से अधिक पूर्व सांसदों ने अब तक अपने सरकारी बंगलों को खाली नहीं किया है। इन सांसदों को 2014 में ये बंगले आवंटित किए गए थे। सूत्रों ने बताया कि इन पूर्व सांसदों ने लुटियंस दिल्ली में स्थित अपने बंगलों को खाली नहीं किया है। लोकसभा चुनाव में जीतने वाले नवनिर्वाचित सांसद अस्थायी आवास में रह रहे हैं। उन्होंने बताया, नवनिर्वाचित सांसदों को वेस्टर्न कोर्ट में अस्थायी आवास उपलब्ध कराए गए हैं और जब तक उन्हें लुटियंस दिल्ली में पूर्णकालिक आवास आवंटित नहीं किया जाता, तब तक कई अतिथि गृह हैं।

#### पहले रुकते थे पांच सितारा होटलों में

ऐसा सांसदों के आवास की लागत को कम करने के लिए किया गया है। इससे पहले, नव-निर्वाचित सांसद पांच-सितारा होटलों में तब तक रुकते थे, जब तक उन्हें एक पूर्णकालिक सरकारी बंगला आवंटित नहीं किया जाता था।

### लद्दाख के प्रमुख नेताओं ने केन्द्र से आदिवासी क्षेत्रों की रक्षा करने की अपील की

**लेह।** लद्दाख के प्रमुख नेताओं ने संविधान की छठी अनुसूची के तहत इस क्षेत्र को एक आदिवासी क्षेत्र घोषित करने की केन्द्र से गुहार लगाते हुए कहा कि यहां के लोगों की सबसे बड़ी चिंता अपनी जमीन और पहचान की रक्षा करना है। स्थानीय लोगों ने हालांकि केन्द्र के अनुच्छेद 370 के प्रावधान हटाने के फैसले का स्वागत किया है, लेकिन उन्हें डर है कि बाहरी लोगों के यहां आने से इस क्षेत्र की जनसांख्यिकी में बदलाव आएगा, जिससे उनकी संस्कृति एवं पहचान को खतरा पैदा होगा।

## नड्डा ने भाजपा नेताओं संग चुनावी रणनीति पर की चर्चा

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने रविवार को पार्टी की तेलंगाना इकाई के नेताओं के साथ राज्य में आगामी शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव में अपनाई जाने वाली रणनीति पर चर्चा की। कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद तेलंगाना के अपने पहले दौरे में उन्होंने अन्य दलों से भाजपा में शामिल होने वालों के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। भाजपा सूत्रों के अनुसार, नड्डा ने राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव से पहले पार्टी नेताओं को संगठन को मजबूत करने के लिए व्यापक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने राज्य भाजपा प्रमुख के.लक्ष्मण व दूसरे नेताओं को सभी स्तरों पर उचित समन्वय सुनिश्चित करने के लिए कहा। बैठक में सभी जिलों में पार्टी को मजबूत करने के लिए जरूरी कदमों को लेकर चर्चा की गई। नड्डा ने रविवार को सदस्यता मुहिम में भी भाग लिया। नड्डा के साथ बैठक में केंद्रीय मंत्री जी.किशन रेड्डी व तीन अन्य पार्टी सांसदों व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। नड्डा का दौरा भाजपा को राज्य में मजबूत करने के प्रयास का हिस्सा है।



- कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद तेलंगाना में किया अपना पहला दौरा
- अन्य दलों से भाजपा में शामिल होने वालों के साथ मिलकर काम करने का किया आह्वान

## 'बिरयानी चेन' के मालिक के बेटे को 12 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने कार दुर्घटना से जुड़े मामले में 'बिरयानी चेन' के मालिक के बेटे अरसलान को 12 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दुर्घटना में दो बांग्लादेशी नागरिकों की मौत हो गई थी। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (प्रभारी) अलकनंदा रॉय ने 21 वर्षीय अरसलान परवेज की जमानत याचिका खारिज कर उसे 29 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।



दरअसल, शनिवार तड़के अरसलान कथित तौर पर जागुआर कार चला रहा था जिसकी मर्सिडीज से टक्कर हुई और मर्सिडीज पास ही में बने पुलिस बूथ में जा घुसी और भारी बारिश से बचने के लिये उसमें खड़े तीन बांग्लादेशी नागरिकों को कुचल दिया। हादसे में घायल तीन में से दो लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अभियोजन पक्ष ने पुलिस हिरासत की मांग करते हुए कहा कि खराब मौसम में तेज रफ्तार में गाड़ी चला रहे परवेज ने दक्षिण कोलकाता में लाउडेन स्ट्रीट-शेक्सपियर सरानी चौराहे पर लालबत्ती को पार किया। मृतकों की पहचान काजी मईनुल आलम (36) और फरहाना इस्लाम तानिया (30) के रूप में हुई है। इसके अलावा मर्सिडीज़ में सवार दो लोगों को भी चोटें आई हैं जिनका फिलहाल शहर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## चुनाव आयोग ने आधार को लेकर सरकार से कानूनी समर्थन मांगा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सरकार से अनुरोध किया है कि वह मतदाता सूची में बहु-प्रविष्टियों की जांच के लिए नए आवेदकों और मौजूदा मतदाताओं की आधार संख्या एकत्रित करने की खातिर उसका कानूनी समर्थन करे। आयोग ने इस महीने की शुरुआत में कानून मंत्रालय को भेजे पत्र में प्रस्ताव रखा है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों में संशोधन किया जाना चाहिये ताकि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी को मतदाता बनने के आवेदकों और पहले से ही





मतदाता सूची में शामिल लोगों की आधार संख्या मांगने की अनुमति मिल सके। अगस्त 2015 में उच्चतम न्यायालय के आधार पर दिये एक आदेश ने मतदाता सूची में बहु-प्रविष्टियों की जांच के लिए आधार को मतदाता के चुनावी डाटा से जोड़ने की चुनाव आयोग की परियोजना पर रोक लगा दी थी। चुनाव आयोग तब अपने राष्ट्रीय निर्वाचक नामावली परिशोधन एवं प्रमाणीकरण कार्यक्रम (एनईआरपीएपी) के हिस्से के रूप में आधार नंबर एकत्रित कर रहा था। चुनाव आयोग के एक पदाधिकारी ने कहा कि चूंकि उच्चतम न्यायालय के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि आधार नंबर लेने के लिए कानून की मंजूरी आवश्यक है लिहाजा आयोग ने चुनावी कानून में बदलाव का प्रस्ताव रखा है।

#### अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर विचार कर रहा है एनआरसी

**गुवाहाटी।** एनआरसी प्राधिकरण असम सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ चमरिया और कामरूप जिले के आसपास के कुछ क्षेत्रों के लोगों के दस्तावेजों की जांच में कथित अनियमितता के लिए कड़ी कार्रवाई की सिफारिश पर विचार कर रहा है। इस बारे में जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि उसके बाद दस्तावेजों का पुनः सत्यापन करना पड़ा। कामरूप के उपायुक्त कमल कुमार वैश्य ने अपने जिले में चमरिया के पूर्व अनुमंडल अधिकारी द्वारा कथित अनियमितता के बारे में एक रिपोर्ट राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के राज्य समन्वयक प्रतीक हजेला को करीब दो महीने पहले भेजी थी। कथित अनियमितता के बारे में पता 2018 में चला था।

### गणपति बप्पा...



मुंबई में रविवार को गणपति उत्सव से पहले एक पंडाल में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करने के लिए ले जाते भक्त।

## पुरी समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सीबीआई ने 354 करोड़ रुपए के बैंक घोटाले मामले में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी और मोजरबेयर के तत्कालीन कार्यकारी निदेशक तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने पुरी के अलावा कंपनी एवं चार अन्य निदेशकों के खिलाफ इस संबंध में मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने कंपनी के कार्यालयों एवं आरोपी निदेशकों के आवास सहित छह स्थानों पर छापे मारे गए। जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है उनमें कंपनी मोजरबेयर, प्रबंध निदेशक दीपक पुरी, निदेशकों - नीता पुरी, संजय जैन और विनीत शर्मा शामिल हैं।



- एजेंसी ने कंपनी के कार्यालयों एवं आरोपी निदेशकों के आवास सहित छह स्थानों पर छापे मारे गए

## ध्वज के पोल पर करंट लगने से पांच छात्रों की मौत

**बेंगलुरु।** कोप्पल में एक सरकारी छात्रावास के पांच छात्रों की करंट से मौत हो गई। स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए लगाए गए पोल को हटाते वक्त वहां से गुजर रहे बिजली के तार से छू जाने से छात्रों को करंट लग गया। पुलिस ने बताया कि छात्र छात्रावास की पहली मंजिल में लगे पोल को हटाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन वहां से गुजर रहे बिजली के तार से छू जाने से उनकी मौत हो गई। तीन अन्य छात्र उन्हें बचाने के लिए दौड़े लेकिन उनकी भी करंट लगने से मौत हो गई। मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। मारे गए बच्चों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपए अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। यह छात्रावास एक निजी इमारत में किराए पर चल रहा था। सभी पांचों छात्र जिला मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालयों में पढ़ते थे। स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए पहली मंजिल में यह पोल लगाया गया था।

#### सीएम ने दिए जांच के आदेश

मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा, कोप्पल में करंट लगने से पांच छात्रों की मौत मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मैंने जिला उपायुक्त को प्रत्येक परिवार को पांच लाख रुपए अनुग्रह राशि के तौर पर देने के निर्देश दिए हैं।

*एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी*

## 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के नजदीक बनेगा विश्वस्तरीय चिड़ियाघर

**वड़ोदरा।** गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के नजदीक ही विश्व स्तरीय चिड़ियाघर अगले वर्ष अक्टूबर तक बनकर तैयार हो जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं प्रबंध निदेशक राजीव गुप्ता ने कहा कि केवड़िया को प्रमुख पर्यटक स्थल बनाने के वास्ते चिड़ियाघर और रिवर राफ्टिंग की सुविधा विकसित करने की योजना है। गुप्ता ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निकट खलवानी में शनिवार को





एक रिवर राफ्टिंग खेल सुविधा का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यह चिड़ियाघर 1300 एकड़ में फैला होगा। इसमें शेर, बाघ, तेंदुए, 12 प्रकार के हिरण और मृग, जिराफ, ज़ेबरा, बाइसन, और अन्य विदेशी जानवर होंगे। गुप्ता ने कहा कि सरदार पटेल प्राणि उद्यान बनाना इस क्षेत्र को प्रमुख पर्यटक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छा के अनुरूप है।

### लगभग 10-12 कारीगर नक्काशीदार स्लैबों की सफाई में लगे

# अयोध्या में तेज हो रहा मंदिर के लिए पत्थर तराशने का काम

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या विवाद पर सुनवाई तेज होने के साथ ही विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने भी कारसेवकपुरम में मंदिर निर्माण के लिए पत्थर तराशने के काम को तेज करना शुरू कर दिया है। विहिप के प्रवक्ता शरद शर्मा ने यहां कहा कि यह फैसला अयोध्या विवाद मामले की दिन-प्रतिदिन सुनवाई के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लिया गया है।

वर्तमान में, कारीगरों की कमी के कारण कार्यशाला में पत्थरों को तराशने का काम नहीं चल रहा है। लगभग 10-12 कारीगर नक्काशीदार स्लैबों की सफाई में लगे हुए हैं जिन पर वर्षों से धूल की परत जमी हुई है।



कार्यशाला में रखे पत्थर के स्लैब और प्रस्तावित मंदिर के लिए रखे गए खंभों को भी साफ किया जा रहा है और चमकाया जा रहा है। शेष पत्थरों को तराशने के लिए जल्द ही राजस्थान से अधिक कारीगरों को लाकर काम पर रखा जाएगा। शर्मा ने कहा कि हम पहले ही लगभग 70 फीसदी काम पूरा कर चुके हैं, जिससे राम मंदिर का ग्राउंड फ्लोर बनेगा। राम जन्मभूमि न्यास के प्रमुख, महंत नृत्य गोपाल दास ने भी पत्थरों को तराशने से संबंधित कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

दास ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि नवंबर तक सुनवाई (सुप्रीम कोर्ट में) समाप्त हो जाएगी और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगी। इसलिए, पत्थरों की तराशी से जुड़े काम में तेजी लाने की जरूरत है। विहिप को भरोसा है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के सेवानिवृत्त होने से पहले नवंबर तक सुप्रीम कोर्ट अयोध्या मामले में अपना फैसला सुना देगी।

#### सुनवाई तेज होने से राम भक्त भी उत्साहित

शर्मा ने कहा कि जब से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई तेज हुई है, राम भक्त भी उत्साहित हैं। कार्यशाला में एक बार फिर से हलचल देखने को मिल रही है। मंदिर के लिए नक्काशीदार पत्थर की शीट्स, और खंभे साफ किए जा रहे हैं। बातचीत जारी है और पत्थरों को तेजी से तराशने का फैसला अयोध्या और अन्य स्थानों के संतों के सुझावों के अनुसार होगा। सूत्रों ने कहा कि राम जन्मभूमि न्यास, विहिप और अयोध्या संत समाज के सदस्य जल्द ही मिलेंगे ताकि पत्थरों को तराशने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

# ऑटो सेक्टर में छंटनी रोकने को सरकार कर सकती है पैकेज की घोषणा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ऑटो सेक्टर में मंदी के चलते छंटनी की खबरों से प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परेशान है। सूत्रों के अनुसार, पीएमओ ने वित्त और भारी उद्योग मंत्रालय से इस बारे में आंकड़े मांगे हैं।

■ नौकरियां बचाने ऑटो सेक्टर को फंड बढ़ाया जाए

साथ ही ऑटो सेक्टर के लिए राहत पैकेज बनाने को भी कहा है, ताकि नौकरियां बच सकें। सेक्टर को फंड बढ़ाने, डीलरों को 60 की जगह 90 दिनों के लिए लोन देने और कुछ समय के लिए टैक्स छूट जैसी राहतों पर विचार किया जा रहा है।

## ऑटो पार्ट्स सेक्टर में जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी हो

### लगातार घट रहा उत्पादन

राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में हुई मुलाकात में सीटीआई के कन्वीनर बृजेश गोयल, शंकरलाल अग्रवाल, राकेश गुप्ता, ए. एस. नैयर, कैलाश सिंगला, सुभाष बजाज समेत कई व्यापारी नेता शामिल हुए। सीटीआई कन्वीनर बृजेश गोयल ने बताया कि मीटिंग में ऑटोमोबाइल सेक्टर में आ रही आर्थिक मंदी पर चर्चा हुई। इस सेक्टर में बड़ी तादाद में नौकरियां छिन रही हैं।

### मांग में कमी से उत्पादन घटा

मांग में कमी आने की वजह से उत्पादन कम हो रहा है। व्यापारियों ने कहा है कि



ऑटोमोबाइल सेक्टर में खत्म हो रही नौकरियों को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ऑटोमोबाइल वेलफेयर बोर्ड का गठन करे, जिसमें शीर्ष ऑटो मोबाइल कंपनी के साथ ऑटो रिप्लेसमेंट पार्ट्स के व्यापारियों को शामिल किया जाए। इससे कारोबारियों की दिक्कतें सरकार तक पहुंच पाएंगी। जीएसटी की तारीख 31 दिसंबर की जाए।

### जीएसटी घटाने की मांग

शनिवार को दिल्ली के व्यापारियों ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर से मिलकर अपनी समस्याएं बताईं। व्यापारियों ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि ऑटो के ज्यादातर पार्ट्स पर 28 फीसदी जीएसटी लगता है और आम आदमी की जरूरत को देखते हुए ऑटो पार्ट्स को लग्जरी स्लैब में नहीं रखा जाना चाहिए। व्यापारियों ने ऑटो पार्ट्स पर जीएसटी की दर घटाकर 18 या 12 फीसदी के स्लैब में लाने की मांग की है। साथ ही पुरानी गाड़ियों के लिए एक स्क्रैप पॉलिसी की मांग भी की गई है।

### 20 हजार लोग निकाले जा चूके नौकरी से

आर्थिक संकट से निपटने के लिए बैठकों का दौर भी चल रहा है। मंदी के असर से बाहर निकलने के लिए वित्त मंत्रालय ऑटो, रिऐलिटी समेत कई क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से बात कर रहा है। बता दें, ऑटो मैन्युफैक्चरर्स संगठन सियाम ने कहा है कि स्लोडाउन के कारण ऑटो कंपनियां अब तक करीब 20 हजार लोगों को नौकरी से निकाल चुकी हैं। वहीं, 13 लाख लोगों की नौकरियों पर तलवार लटकी हुई है।

## खबर संक्षेप

### अमेरिकी सरकारी बांड में भारत का निवेश बढ़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सरकारी प्रतिभूतियों में भारत का निवेश जून महीने के अंत में करीब छह अरब डॉलर बढ़कर 162.70 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह कम से कम एक



साल का उच्चतम स्तर है। अमेरिका के वित्त विभाग की ताजा रपट के अनुसार अमेरिका की सरकारी प्रतिभूतियों का सबसे बड़ा स्टाक जापान के पास है। जापान के पास जून के अंत में 1,122 अरब डॉलर मूल्य की अमेरिकी सरकारी प्रतिभूतियां थी। इसके बाद चीन का नंबर है। उसके पास 1,112 अरब डॉलर की अमेरिकी सरकारी प्रतिभूतियां थी। भारत इस मामले में 13वें स्थान पर है।

### चीन के सामानों के बहिष्कार का आह्वान : कैट

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों के संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रविवार को चीन के सामानों का बहिष्कार करने का आह्वान किया। संगठन ने चीन के सामानों पर 500 प्रतिशत तक सीमा शुल्क लगाने की सरकार से मांग भी की। कैट ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन के द्वारा पाकिस्तान का समर्थन किए जाने को लेकर यह अपील की। उसने कहा कि चीन ने ऐसा कर बताया है कि वह हमारे देश का संभावित दुश्मन है। उसने कहा कि चीन के इस कदम से देश के लोगों तथा कारोबारियों में आक्रोश है।

### ईईएसएल का चार्जिंग स्टेशन के लिए समझौता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लि. (ईईएसएल) ने अपोलो हास्पिटल्स एंटरप्राइजेज में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए शुरूआती समझौता किया है। यह एमओयू 10 साल के लिए है। इसके तहत ईईएसएल देश में अस्पताल परिसरों में चार्जिंग स्टेशन लगाएगी। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचा लगाने को लेकर यह ईईएसएल का किसी निजी भागीदार के साथ पहला एमओयू है।'

### एटीएफ को युक्तिसंगत बनाने समिति गठित

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्रालय ने देश भर में हवाईअड्डों पर विमानों में ईंधन भरवाने पर लगने वाले अतिरिक्त करों को युक्तिसंगत बनाने के लिए एक समिति गठित की है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। अभी किसी भी हवाईअड्डे पर विमानों में ईंधन भरवाने के लिये 'थ्रोपुट चार्जेज', 'इनटु प्लेन चार्जेज' और 'फ्यूएल इंफ्रास्ट्रक्चर चार्जेज' जैसे शुल्क देने होते हैं। एक अधिकारी ने कहा, 'ये शुल्क कई बार लग जाते हैं क्योंकि इनका बिल कई बार बनाया जाता है।'

## प्रो. भानुमूर्ति का मानना अर्थव्यवस्था में नरमी काफी पहले शुरू हो चुकी थी

# आर्थिक सुस्ती दूर करने को प्रोजेक्टों पर काम तेज करने की सख्त जरूरत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश दुनिया में आर्थिक क्षेत्र में सुस्ती गहराने की चर्चा जोर पकड़ने लगी है। इसके साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था में भी आर्थिक नरमी बढ़ने के संकेत दिखने लगे हैं। विशेष रूप से वाहन क्षेत्र का जुलाई महीने में कमजोर प्रदर्शन रहा और वाहनों की बिक्री एक साल पहले के मुकाबले 19 प्रतिशत गिर गई। यह 19 साल की सबसे बड़ी गिरावट है।

■ जीडीपी की वृद्धि दर कई साल के न्यूनतम स्तर पर

आर्थिक क्षेत्र में गहराती सुस्ती को लेकर नेशनल इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक फाइनेंस एण्ड पालिसी (एनआईपीएफपी) के प्रोफेसर एनआर भानुमूर्ति ने कहा, वास्तव में अर्थव्यवस्था में यह नरमी काफी पहले शुरू हो गई थी। हम तो इसे 2018 के मध्य से ही महसूस कर रहे हैं। पिछले वित वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्ध दर 6.8 प्रतिशत रही जो कि पिछले कई साल का न्यूनतम स्तर है।

### वित्तीय प्रोत्साहन बढ़ाने होंगे

वाहन उद्योग समेत अर्थव्यवस्था को फिर से तेजी के रास्ते पर लाने के लिए प्रो. भानुमूर्ति ने कहा, मेरे साथ ही कई दूसरे अर्थशास्त्री चालू वित्त वर्ष की शुरुआत से ही यह बोल रहे हैं कि सरकार को अर्थव्यवस्था की चाल बढ़ाने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन देने होंगे। घरेलू बचत दर को बढ़ाने के वास्ते वित्तीय प्रोत्साहनों की जरूरत है।

*सरकार ने शुरूआत से सुस्ती मानने से इंकार किया : सबसे गंभीर बात यह है कि सरकार ने आर्थिक क्षेत्र में आ रही सुस्ती की आहट को शुरुआत में मानने से इनकार कर दिया। वित्त मंत्रालय आठ प्रतिशत आर्थिक वृद्धि मानकर चल रहा है जबकि रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के दौरान वृद्धि दर सात प्रतिशत से कम रहने का अनुमान लगाया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही की वृद्धि दर के आंकड़े आने वाले हैं मेरा अनुमान है कि यह छह प्रतिशत के आसपास रह सकता है।*

**खास बातें**

- ऑटो सेक्टर में 19 साल की बड़ी गिरावट देखी गई
- वित्त मंत्रालय आठ फीसदी की वृद्धि दर मान कर चल रहा
- आरबीआई ने भी वृद्धि दर सात फीसदी से कम आंकी




### निवेश बढ़ाने दिए जाए प्रोत्साहन

प्रधानमंत्री ने वित्त मंत्री के साथ आर्थिक हालात पर विचार विमर्श किया है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि उपायों को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ बातचीत जारी है पर प्रोफेसर ने कहा, यह देखने की बात है कि रिजर्व बैंक के स्तर पर मौद्रिक नीति में लगातार नरमी लाई जा रही है। लेकिन इसके वांछित परिणाम फिलहाल नहीं दिखाई दिए हैं। इस समय जरूरत वित्तीय प्रोत्साहनों की है। ऐसे प्रोत्साहन जिनसे निवेश बढ़े।

### जीएसटी के बाद गतिविधियां सामान्य नहीं हो पाई

जर्मनी, ब्रिटेन, मेक्सिको, अमेरिका और चीन की अर्थव्यवस्थाओं की चाल धीमी हुई है। भारत पर भी इसका असर पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ घरेलू कारण भी रहे हैं जिनकी वजह से गतिविधियां बाधित हुई हैं। देश में माल एवं सेवाकर (जीएसटी) लागू होने के बाद से व्यावसायिक गतिविधियां अभी तक सामान्य नहीं हो पाई हैं। कर्ज के बोझ तले दबी कंपनियों से निपटने के लिए बनाई गई ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) से भी कारोबारी फूंक-फूंक कर कदम बढ़ा रहे हैं।

### दुनिया की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ी

प्रोफेसर भानुमूर्ति से पूछा गया, आर्थिक क्षेत्र की यह सुस्ती चक्रीय है अथवा मौजूदा वैश्विक एवं घरेलू परस्थितियों के कारण है? उनका मानना है कि इस आर्थिक सुस्ती की दोनों वजह हैं। इसमें कुछ योगदान तो चक्रीय सुस्ती का रहा है और कुछ संरचनात्मक कारणों से है। दुनिया के देशों में आर्थिक गतिविधियां सुस्त पड़ रही हैं।

### मुद्दों को ठीक करना होगा

यदि हमें 5,000 अरब डालर की अर्थव्यवस्था बनना है तो संरचनात्मक स्तर पर कई मुद्दों को ठीक करने की आवश्यकता है। ढांचागत क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के प्रस्तावों का अनुकूल असर होगा। ग्रामीण क्षेत्र की योजनाओं को आगे बढ़ाने से मांग बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### मौद्रिक प्रोत्साहनों की जरूरत

हमें घरेलू क्षेत्र पर ध्यान देना होगा। ऐसे कदम उठाने होंगे जिससे कि बाहरी दुनिया से हमारे समक्ष जो जोखिम खड़े हो रहें हैं, उनको कम किया जा सके। जब आर्थिक वृद्धि की चाल धीमी पड़ती है तो वित्तीय प्रोत्साहन दिए जाने चाहिए। मुद्रास्फीति बढ़ने की स्थिति में मौद्रिक प्रोत्साहनों की जरूरत होती है। मुद्रास्फीति इस समय काबू में है इसलिये मौद्रिक स्तर पर ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं है।

### कई परियोजनाएं अटकी पड़ी

इन परियोजनाओं के लिए धन की, वर्ष की शुरुआत में ही व्यवस्था होनी चाहिए। वित्त वर्ष के अंतिम महीनों में नहीं बल्कि शुरुआती महीनों में ही पैसा लगाकर इन्हें जल्द पूरा किया जाना चाहिए ताकि रोजगार के अवसर तो बढ़े हीं साथ इनसे कमाई भी जल्द शुरू हो सके। सड़क, रेलवे, बिजली, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते आवास की परियोजनाएं, पानी, सिंचाई सहित तमाम परियोजनाएं हैं जो कि लटकी पड़ी हैं अथवा समय से पीछे चल रही हैं।

# सरकार ने तेल, गैस बोली चक्र बढ़ाकर किया तीन साल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने तेल एवं गैस क्षेत्र ब्लाकों की नीलामी के लिए रूचि पत्र अब साल में तीन बार आमंत्रित करेगी। अभी इसके दो दौर ही चलाए जाते थे। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) ने यह घोषणा की है।

भारत ने जुलाई में 2017 में कंपनियों को अपनी रूचि के मुताबिक खोज-ब्लाक की सीमा तय करने की अनुमति दी है। इस पहल का मकसद निवेशकों को प्रोत्साहित कर तेल/गैस उत्पादन संभावना वाले 28 लाख वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को खोज और उत्पादन के दायरे में लाना है।



■ रूचि पत्र पहले दो बार ही आमंत्रित किए जाते थे

इस खुला क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) के तहत कंपनियों को तेल एवं गैस संभावना वाले किसी भी वैसे क्षेत्र में रूचि पत्र (ईओआई) जमा करने की अनुमति दी गई जहां अभी किसी को उत्पादन या खोज का कोई लाइसेंस नहीं दिया गया है। रूचि पत्र साल में कभी दिया जा सकता था। कुल मिलाकर साल में इसके दो चक्र होते थे लेकिन अब इसे बढ़ाकर तीन कर दिया गया है।

### पहला चक्र 1 अप्रैल से 31 जुलाई

अबतक साल रूचि पत्रों के जमा कराने चक्र 15 मई और 15 नवंबर को पूरा होते थे। 15 मई तक जमा ईओआई को 30 जून तक नीलामी के लिए रखे जाने की संभावना थी जबकि दूसरे चक्र के प्रस्ताव पर नीलामी 31 दिसंबर तक की जाती थी। डीजीएच के अनुसार ईओआई जमा करने के संशोधित चक्र के तहत पहला चक्र एक अप्रैल से 31 जुलाई, दूसरा एक अगस्त से 30 नवंबर और तीसरा एक दिसंबर से 31 मार्च होगा।

# मारुति सुजुकी की हाइब्रिड पर कर छूट की मांग

**नई दिल्ली।** कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने देश में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की तरह ही हाइब्रिड और सीएनजी कारों पर भी टैक्स में कटौती की मांग की है। कंपनी के चेयरमैन आरसी भार्गव ने कहा कि देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल को बड़े स्तर पर अपनाने में वक्त लगेगा, क्योंकि इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी काफी महंगी है। हालांकि इसके मुकाबले हाइब्रिड और सीएनजी कारों को बढ़ावा दिया जाएं, तो कम वक्त में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर जीएसटी दर में कटौती की गई है। ऐसा ही हाइब्रिड और सीएनजी कारों के संबंध में किया जाना चाहिए। भार्गव के मुताबिक हाइब्रिड कारें 25-30 फीसदी ज्यादा कारगर हैं। हाईब्रिड और सीएनजी कारों को टैक्स में छूट मिलने पर भारत की तेल आयात पर निर्भरता को कम रहेगी। साथ ही इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के लिए ऑयल इंपोर्ट की लागत घटाने में मदद मिलेगी। जीएसटी काउंसिल ने पिछले माह इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर जीएसटी दर को 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया था, जो कि 1 अगस्त से लागू हो गया। इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जर पर भी जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया। हालांकि पेट्रोल-डीजल कार समेत हाइब्रिड व्हीकल्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी वसूला जाता है। इसके अलावा सेस भी लगाया जाता है।



- इलेक्ट्रिक की तुलना में हाइब्रिड और सीएनजी व्हीकल ज्यादा कारगर, इलेक्ट्रिक वाहनों में लगेगा वक्त : भार्गव
- हाइब्रिड व्हीकल्स पर 28 प्रतिशत के हिसाब से जीएसटी, इसके अलावा सेस भी

### जोमैटो का रेस्तरां के मालिकों से गतिरोध समाप्त करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** कंपनी एवं उसके नेटवर्क से जुड़े रेस्तरां के मध्य गतिरोध के बीच ऑनलाइन खाने की डिलिवरी करने वाले मंच जोमैटो ने कहा है कि वह टेबल बुकिंग पर डिस्काउंट की पेशकश को लेकर अपनी 'गलतियों' में सुधार को तैयार है। कंपनी ने रेस्तरां मालिकों से उसके मंच से हटने के अभियान को बंद करने की अपील की है। विभिन्न शहरों में करीब 1,200 रेस्तरां ने विभिन्न ऑनलाइन मंचों के टेबल बुकिंग से जुड़े ऑफरों के बाद खुद को इन मंचों से अलग कर लिया है। उनका कहना है कि इन एप आधारित रेस्त्रां आर्डर बुकिंग कंपनियों की ओर से दी जाने वाली भारी छूट से उनके कारोबार को नुकसान हो रहा है। जोमैटो के 65 साझीदार रेस्तरां ने खुद को इस मंच से अलग किया है। जोमैटो के संस्थापक दीपेंदर गोयल ने सिलसिलेवार ट्वीट कर गतिरोध को समाप्त करने का आह्वान किया है।

# निवेशकों के डूबे 84,000 करोड़

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

शेयर बाजार में निवेशक अच्छे रिटर्न की उम्मीद में पैसा लगाता है, लेकिन बीते हफ्ते उसे भारी नुकसान उठाना पड़ा। संसेक्स की टॉप 10 कंपनियों में से 9 का मार्केट कैप में बीते 1 हफ्ते में करीब 84,354.1 करोड़ रुपए कम हो गया है। सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में निवेश करने वालों को उठाना पड़ा है।

■ सबसे ज्यादा नुकसान टीसीएस में निवेश करने वालों को हुआ

वहीं सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज अकेली कंपनी है, जिसका मार्केट कैप बढ़ा है। आरआईएल का मार्केट कैप शुक्रवार को समाप्त सप्ताह में 72,153.08 करोड़ रुपए बढ़कर 8,09,755.16 करोड़ रुपए हो गया है।

### बदल गई टॉप कंपनियों की रैंकिंग

मार्केट कैप में भारी गिरावट के बाद भी टॉप 10 कंपनियों में अभी भी टीसीएस सबसे ऊपर है। इसके बाद रिलायंस, एचचडीएफसी बैंक, एचयूएल, एचडीएफसी, इनफोसिस, आईटीसी, कोटक महिन्द्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के अलावा एसबीआई शामिल हैं।




### कोटक महिंद्रा का भी मार्केट कैप घटा

वहीं कोटक महिंद्रा बैंक का मार्केट कैप 6,525.48 करोड़ रुपए घटकर 2,86,340.99 करोड़ रुपए रह गया। इसके अलावा एचयूएल का मार्केट कैप 2,954.95 करोड़ रुपए घटकर 3,95,335.97 करोड़ रुपए रह गया। इसके अलावा आईटीसी का मार्केट कैप 1,657.41 करोड़ रुपए घटकर 3,10,488.97 करोड़ रुपए रह गया।

### निवेशकों का पैसा डुबाने वाली कंपनियां

टीसीएस का मार्केट कैप 30,807.1 करोड़ रुपए घटकर 8,11,828.43 करोड़ रुपए पर आ गया। वहीं एचडीएफसी का मार्केट कैप 19,495.4 करोड़ रुपए घटकर 3,62,123.92 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 15,065.8 करोड़ रुपए घटकर 6,08,826.25 करोड़ रुपए पर आ गया। इनफोसिस का मार्केट कैप 6,700.27 करोड़ रुपए घटकर 3,32,672.51 करोड़ रुपए पर आ गया।

### पाक में दवाओं की कमी का खतरा

**इस्लामाबाद।** भारत के साथ व्यापार संबंध तोड़ने के निर्णय से पाकिस्तान में जीवनरक्षक दवाओं तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का जोखिम पैदा हो गया है और पाकिस्तान के एक उद्योग संगठन ने इसे देखते हुए सरकार से फिलहाल आयात नियमों को आसान करने की अपील की है। एक स्थानीय अखबार ने इसकी खबर दी है। पाक के अखबार डॉन के अनुसार, उद्योग संगठन एम्पलायर्स फेडरेशन ऑफ पाकिस्तान (ईएफपी) ने कहा कि भारत से कच्चा माल या तैयार उत्पाद के रूप में आयातित जीवनरक्षक दवाएं बाजार से समाप्त हो सकती हैं। इसे देखते हुए वैकल्पिक स्रोत की व्यवस्था नहीं हो जाने तक आयात में कुछ ढील दी जानी चाहिये। उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त किये जाने के बाद पाक ने भारत के साथ व्यापार संबंधों को पूरी तरह तोड़ लिया।

*इंसोल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के फ्रेश स्टार्ट प्रावधानों के तहत दी जाए*

# छोटे कर्ज से परेशान लोगों के लोन माफ होंगे!

**नई दिल्ली।** छोटे कर्ज के तले दबे लोगों को केंद्र की मोदी सरकार बड़ा तोहफा दे सकती है। इसके तहत इन लोगों को नए सिरे से शुरुआत करने का अवसर प्रदान करने के लिए सरकार इनके लोन माफ कर सकती है। यह सब इंसोल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) के फ्रेश स्टार्ट प्रावधानों के तहत किया जा सकता है। इसको लेकर योजना तैयार हो रही है। सामाचार एजेंसी पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कारपोरेट मामलों के सचिव इंजेती श्रीनिवास ने कहा कि आर्थिक रूप से गरीब वर्ग के लोगों को कर्ज से मुक्ति दिलाने के लिए लोन माफी की योजना बनाई जा रही है। इसके स्वरूप को लेकर माइक्रो फाइनेंस इंडस्ट्री से बातचीत चल रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह लोन माफी व्यक्तिगत दिवालियापन से जुड़े मामलों में दी जाएगी जोकि आर्थिक रूप से गरीब लोगों को सबसे ज्यादा व्यथित करती है।

### 5 साल में एक बार मिलेगा लोन माफी का लाभ

उन्होंने बताया नए सिरे से शुरुआत के लिए एक बार लोन माफी योजना का लाभ ले लिया तो अगले पांच साल तक इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि हम माइक्रो फाइनेंस इंडस्ट्री संतुष्टि और सुरक्षा के सभी उपायों पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस योजना को लागू करने के लिए तीन से चार साल में सरकार पर 10000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा।

### यह कहता है आईबीसी

आईबीसी के फ्रेश स्टार्ट के तहत कई प्रकार के प्रावधान हैं। इसके तहत लोन माफी योजना के लाभार्थी की वार्षिक औसत आय 60000 रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। कर्जदार के एसेट्स की सकल वैल्यू 20 हजार रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा लाभार्थी पर कर्ज की कुल राशि 35 हजार रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा लाभार्थी के पास अपना खुद का आवास भी नहीं होना चाहिए, चाहे आईबीसी के तहत उसके खिलाफ याचिका लगाई गई हो या नहीं।

## दोनों की कमाई बढ़ेगी, ग्राहक घर से ही आर्डर बुक कर पाएंगे

# रिलायंस की अब दाल-चावल बेचने की तैयारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी की नई योजना देश के किराना कारोबारियों को अपने से जोड़ने की है। इसका फायदा दोनों को होगा और दोनों को कमाई बढ़ेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश के करीब 3 करोड़ किराना कारोबारियों का डिजिटल बनाने की योजना पर काम कर रही है। इसके बाद ये किराना स्टोर डिजिटाइज्ड स्टोर बन जाएंगे। इन किराना स्टोर को जियो प्राइम पार्टनर पीओएस यानी प्वाइंट ऑफ सेल की सुविधा दी जाएगी।

■ देश के किराना कारोबारियों को अपने से जोड़ने की कंपनी की योजना



**ऐसे होगी दोनों को कमाई** : जियो प्राइम पार्टनर पीओएस यानी प्वाइंट ऑफ सेल के माध्यम से किराना स्टोर में रखे सामान और लोगों को सीधे जोड़ा जा सकेगा। इसके बाद ग्राहक घर से ही किसी भी किराना स्टोर पर अपना आर्डर बुक करा सकेगा। इसकी मदद से छोटे किराना स्टोर का मार्जिन बढ़ेगा।

### दूसरे सेट-टॉप बॉक्स से काफी आगे

जियो के सेट-टॉप बॉक्स में कई ऐसे फीचर हैं जो इसे दूसरों से काफी अलग करते हैं। एयरटेल इंटरनेट टीवी इसके थोड़ा आसपास जरूर है, लेकिन जियो के साथ आने वाले एंटरमेंट के अडवांस फीचर के कारण यह पीछे छूट जाता है। जियो ने ऐलान किया है कि वह लोकल केबल ऑपरेटर्स के साथ भी मिलकर काम करेगा जिससे यूजर चैनल्स को अपने टीवी पर भी देख सकेंगे।

### गीगा फाइबर के साथ फ्री मिलेगा सेट-टॉप बॉक्स

कंपनी 5 सितंबर को इसका व्यापसायिक लॉन्च करेगी। कमर्शल लॉन्च के साथ ही यह ग्राहकों तक पहुंचना शुरू हो जाएगा। जियो गीगाफाइबर के साथ रिलायंस ग्राहकों को कई शानदार सर्विस देने वाला है। इन्हीं में से एक है जियो गीगाफाइबर के साथ फ्री मिलने वाला जियो का 4के सेट-टॉप बॉक्स। अपने फीचर और सर्विस के मामले में यह बाजार में मौजूद दूसरे सेट-टॉप बॉक्स से काफी अडवांस है।

### 1500 रु. में इंटरनेट देने की घोषणा

*रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने 42वीं एजीएस में कहा कि अभी एमएसएमई को ऑटोमेशन से लेकर डाटा के इस्तेमाल, वीडियो कांफ्रेंसिंग जैसी चीजों के लिए हर महीने में कम से कम 15 से 20 हजार रुपए की लागत उठानी पड़ती है। अब जियो सभी को 1500 रुपए महीने पर उन्हें यह सुविधा देगी। इसका फायदा 20 से 50 लाख छोटे उद्यमियों को मिलेगा। ऐसा होने से यह छोटे कारोबारी अपनी लागत में काफी कमी ला सकेंगे। इसके अलावा वह सस्ते इंटरनेट की सुविधा से नई प्लानिंग कर सकेंगे।*

## खबर संक्षेप



### कोटला में जल्द होगा विराट कोहली स्टैंड

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विराट कोहली की शानदार उपलब्धियों को देखते हुए दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने फिरोजशाह कोटला मैदान का एक स्टैंड का नाम भारतीय कप्तान के नाम पर रखने का फैसला किया है। दिल्ली के दो अन्य पूर्व खिलाड़ियों बिशन सिंह बेदी और मोहिंदर अमरनाथ के भी कोटला में स्टैंड हैं लेकिन उन्हें यह सम्मान संन्यास लेने के बाद मिला। कोहली सबसे युवा सक्रिय क्रिकेटर हैं जिनके नाम पर स्टैंड का नाम रखकर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

### भारतीय गोल्फर लाहिड़ी संयुक्त छठे स्थान पर

**कोलंबस।** अनिर्बान लाहिड़ी नेशनवाइड चिल्ड्रन्स हास्पिटल गोल्फ चैंपियनशिप के तीसरे दौर के बाद संयुक्त छठे स्थान पर चल रहे हैं। अमेरिकी सरजमीं पर पहली जीत की तलाश में जुटे लाहिड़ी ने तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर सात अंडर 209 है। जोस डि जीजस रोड्रिगेज और ब्रेनडन हेगी 54 होल के बाद नौ अंडर 204 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। बेन मार्टिन, स्काटी शेफलर और स्काट हैरिंगटन आठ अंडर 205 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।



### 1-0 से जीती अंडर-19 भारतीय फुटबाल टीम

**नई दिल्ली।** सुमित राठी के 78वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत भारत की अंडर-19 राष्ट्रीय टीम ने रविवार को ओएफसी डेवलपमेंटल टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में वनुआतू को 1-0 से शिकस्त दी। कोच फ्लायड पिंटो की रणनीति अंत में कारगर हुई। पहले हाफ के बाद भारत ने लगातार कार्नर हासिल किए लेकिन टीम उनका फायदा नहीं उठा सकी। गिवसन ने 73वें मिनट में 40 गज की दूरी से गोल करने का प्रयास किया लेकिन यह क्रासबार के ऊपर से निकल गया। लेकिन भारत को चौथे कार्नर पर सफलता मिली।



### एसीयू ने की चोटिल स्मिथ की हूटिंग की आलोचना

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई क्रिकेट संघ (एसीयू) ने जोफ्रा आर्चर के बाउंसर से पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ के गर्दन पर चोट लगने के बाद हुई हूटिंग की आलोचना करते हुए कहा कि खेल में अच्छे आचरण की जरूरत है। स्मिथ को दिन के दूसरे सत्र में आर्चर की गेंद पर चोटिल होने के कारण क्रीज छोड़नी पड़ी थी। उन्होंने हालांकि मैदान पर वापसी की और आखिर में 92 रन बनाकर पगबाधा आउट हुए। इसके बाद वह उठ गए और उन्होंने आस्ट्रेलियाई टीम चिकित्सक रिचर्ड सॉ के साथ लंबी बातचीत के बाद रिटायर्ड हर्ट होने का फैसला किया। जब वह मैदान पर वापस लौट रहे थे तब कुछ दर्शकों ने उनकी हूटिंग की।



### भारतीय पुरुष हाकी टीम न्यूजीलैंड से हारी

**टोक्यो।** भारतीय पुरुष हाकी टीम को बढ़त बनाने के बावजूद रविवार को यहां ओलंपिक टेस्ट प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिलाई। न्यूजीलैंड ने हालांकि अंतिम क्वार्टर में जेकब स्मिथ (47वें मिनट) और सैम लेन (60वें मिनट) के मैदानी गोल की मदद से जीत दर्ज की। भारत ने टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत करते हुए पहले मैच में मलेशिया को 6-0 से हराया था। भारत मंगलवार को मेजबान जापान से भिड़ेगा।

# हिमा ने 48 दिन में जीता छठा स्वर्ण पदक, अनस भी शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के शीर्ष फर्राटा धावकों हिमा दास और मोहम्मद अनस ने चेक गणराज्य में एथलेटिकी मिटिनेक रीटर स्पर्धा में क्रमशः पुरुष और महिला 300 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। दो जुलाई से यूरोपीय स्पर्धाओं में यह हिमा का छठा स्वर्ण पदक है। इस स्पर्धा में हालांकि अधिकांश बड़े नामों ने हिस्सा नहीं लिया।

हिमा ने शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने के बाद ट्वीट किया, 'चेक गणराज्य में आज एथलेटिकी मिटिनेक रीटर 2019 में 300 मीटर स्पर्धा में शीर्ष पर रही।' दूसरी तरफ अनस ने पुरुष 300 मीटर दौड़ 32.41 सेकेंड के समय के साथ स्पर्धा जीती। उन्होंने ट्वीट किया, 'चेक गणराज्य में एथलेटिकी मिटिनेक रीटर 2019 में पुरुष 300 मीटर का स्वर्ण पदक 32.41 सेकेंड के समय के साथ जीतने की खुशी है।' राष्ट्रीय रिकार्ड धारक अनस सितंबर-अक्टूबर में दोहा में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की 400 मीटर स्पर्धा के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं जबकि हिमा ने अब तक ऐसा नहीं किया है।

# हॉकी: महिलाओं ने आस्ट्रेलिया से 2-2 से खेला ड्रा

एजेंसी ▶▶| टोक्यो

भारतीय महिला हाकी टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रविवार को यहां ओलंपिक परीक्षण प्रतियोगिता के राउंड रोबिन लीग मैच में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम आस्ट्रेलिया को 2-2 से ड्रा पर रोका।

टूर्नामेंट के दूसरे मैच में भारत के लिए वंदना कटारिया (36वें मिनट) और गुरजीत कौर (59वें मिनट) ने गोल किए। आस्ट्रेलिया की तरफ से कैटलिन नोब्स ने 14वें और ग्रेस स्टीवर्ट ने 43वें मिनट में गोल दागे। भारत ने शनिवार को पहले मैच में मेजबान जापान को 2-1 से शिकस्त दी थी। दुनिया की 10वें नंबर की भारतीय टीम ने आक्रामक तरीके से मैच की शुरुआत की। उसने आस्ट्रेलिया की आक्रामक हाकी जैसा ही खेल दिखाया जिससे दोनों टीमों ने पेनल्टी कार्नर हासिल किए। हालांकि दोनों ही गोल नहीं कर सकीं। लेकिन 14 वें मिनट में भारतीय डिफेंडर ने गोल पर एक शाट रोक दिया जिसके बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी स्ट्रोक दिया गया। नोब्स ने गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिलाने में कोई गलती नहीं की।

हाफ टाइम तक आस्ट्रेलिया 1-0 से आगे रही। तीसरे क्वार्टर में वंदना कटारिया ने 36 वें मिनट में बराबरी गोल दागा। पर यह बढ़त ज्यादा समय तक नहीं रही।

आस्ट्रेलिया ने 43 वें मिनट में ग्रेस स्टीवर्ट की बदौलत स्कोर 2-1 से कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने मजबूत वापसी करने की कोशिश की। टीम ने 59 वें मिनट में पेनल्टी कार्नर हासिल किया। ड्रैग-फ्लिकर गुरजीत कौर ने गोल कर मैच ड्रा कराया।



## क्रिकेट : भारत ने पहले दिन पांच विकेट पर बनाए 297 रन

# अभ्यास मैच : कप्तान रहाणे छह रन पर आउट, पुजारा का शानदार शतक

एजेंसी ▶▶| कूलिज

चेतेश्वर पुजारा के शानदार शतक और रोहित शर्मा के 68 रन से भारत ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए वेस्टइंडीज ए के खिलाफ तीन दिवसीय अभ्यास मैच के शुरुआती दिन यहां पांच विकेट पर 297 रन बनाए। पुजारा और रोहित ने चौथे विकेट के लिए मिलकर 132 रन की भागीदारी निभाई जिससे भारतीय टीम शनिवार को लंच तक 89 रन तक तीन विकेट गंवाने के बावजूद मजबूत स्थिति में पहुंची। टेस्ट विशेषज्ञ पुजारा 187 गेंद में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 100 रन बनाकर रिटायर्ड हो गए। रोहित 115 गेंद में 68 रन बनाने के बाद आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान आठ चौके और एक छक्का लगाया।

■ टीम इंडिया ने लंच तक गंवा दिए थे 89 रन पर पांच विकेट

पुजारा के अंतिम सत्र में रिटायर होने के बाद ऋषभ पंत और हनुमा विहारी ने स्कोर को 300 रन के पार पहुंचाया। स्टंप उखड़ने तक पंत 53 गेंद खेलकर चार चौके और एक छक्के की मदद से 33 रन बानाकर आउट हो गए। दिन का खेल 88.5 ओवर में समाप्त हुआ, तब हनुमा विहारी 101 गेंद पर 37 रन बनाकर जबकि रविंद्र जडेजा एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।



### कप्तान रहाणे फिर फेल

भारत ने टास जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन उसकी शुरुआत अच्छा नहीं रहा। अभ्यास मैच के लिए कप्तान बनाए गए अजिंक्य रहाणे फिर विफल रहे जिससे भारत ने लंच तक 89 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। रहाणे केवल छह गेंद तक ही क्रीज पर टिक सके। केएल राहुल अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। राहुल ने 46 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाए और मयंक अग्रवाल (12) के साथ पहले विकेट के लिए 36 रन जोड़े। भारत ने हालांकि 16 रन के अंदर इन दोनों के अलावा रहाणे (एक) का भी विकेट गंवाया।



### रहाणे के पिछले 12 मैचों में केवल पांच अर्धशतक

रहाणे पिछले दो वर्षों में शतक नहीं बना सके हैं, उन्होंने अगस्त 2017 में श्रीलंका टीम के खिलाफ सैकड़ा जड़ा था। पिछले 12 टेस्ट मैचों में वह 20 पारियों में केवल पांच बार ही अर्धशतक तक पहुंच पाए हैं। इस दो टेस्ट की श्रृंखला के लिए अंतिम एकादश में हालांकि उनके स्थान को खतरा नहीं है लेकिन अगर वह इस सीरीज में विफल रहते हैं तो दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए यह नहीं कहा जा सकता है। हनुमा विहारी और श्रेयस अय्यर ऐसे मौके के इंतजार में हैं।

## शीर्ष वरीय बार्टी बाहर कुज्नेत्सोवा फाइनल में



**सिनसिनाटी।** रूस की अनुभवी स्वेतलाना कुज्नेत्सोवा ने डब्ल्यूटीए सिनसिनाटी मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एशले बार्टी को हराकर उलटफेर किया। दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन कुज्नेत्सोवा पिछले कुछ समय से चोटों से जूझ रही हैं लेकिन उन्होंने बार्टी को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। फाइनल में उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीज से होगा और वह अपने 19वें डब्लूटीए खिताब को जीतने की कोशिश करेंगी। वर्ष 2017 अमेरिकी ओपन की उप विजेता कीज ने हमवतन सोफिया केनिन को 7-5, 6-4 से शिकस्त दी। इस तरह कुज्नेत्सोवा ने बार्टी को रैंकिंग में नंबर एक बनने से रोक दिया।

## दलीप ट्राफी मैचों में खिलाड़ियों का परीक्षण शुरू करेगा नाडा

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) बेंगलुरु में दलीप ट्राफी के अगले मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड से पंजीकृत खिलाड़ियों का परीक्षण शुरू कर देगा। नाडा ने प्रमुख डोप नियंत्रण अधिकारियों (डीसीओ) के रूप में योग्य चिकित्सकों को रखने की बीसीसीआई की मांग स्वीकार कर ली है। हाल में बीसीसीआई के महाप्रबंधक (क्रिकेट परिचालन) सबा करीम और डोपिंग रोधी इकाई के प्रमुख डॉ. अभिजीत साल्वी ने नाडा के वरिष्ठ अधिकारियों से आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए मुलाकात की जिसमें महानिदेशक नवीन अग्रवाल शामिल थे। नाडा ने बैठक के बाद कहा, 'हम यह भागीदारी जल्द से जल्द दलीप ट्राफी से ही शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं।' नाडा हालांकि बेंगलुरु में इंडिया ब्लू और इंडिया ग्रीन टीमों के बीच चल रहे शुरुआती मैच में किसी खिलाड़ी की जांच नहीं करेगी। हालांकि ऐसी संभावना है कि कुछ परीक्षण 23 अगस्त से शुरू होने वाले अगले मैच में किए जाएं।



## वर्ल्ड नंबर-1 जोकोविच उलटफेर का शिकार

**सिनसिनाटी।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सिनसिनाटी मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में उलटफेर का शिकार हुए, उन्हें रूस के नौंवी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने 3-6, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी।मेदवेदेव इस तरह फाइनल में पहुंच गए जहां उनका सामना बेल्जियम के 16वें वरीय डेविड गोफिन से होगा जिन्होंने फ्रांस के रिचर्ड गास्केट को 6-3, 6-4 से शिकस्त देकर पहले एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने अप्रैल में मोंटे कार्लो में जोकोविच के खिलाफ पिछली भिड़ंत में भी जीत हासिल की थी।



# तेलुगु टाइटंस ने हरियाणा स्टीलर्स को हराया

**चेन्नई।** प्रो कबड्डी 2019 के 47वें मुकाबले में तेलुगु टाइटंस ने हरियाणा स्टीलर्स को 40-29 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टाइटंस की यह सिर्फ दूसरी ही जीत है और अब वो 18 अंकों के साथ नौ स्थान पर आ गए हैं। दूसरी तरफ हरियाणा स्टीलर्स की टीम अभी भी 21 अंकों के साथ छठे स्थान पर बने हुए हैं। तेलुगु टाइटंस के लिए सिद्धार्थ देसाई ने सुपर 10 लगाया और उन्होंने 18 अंक हासिल किए। उन्हें सूरज देसाई (6) और विशाल भारद्वाज (3) का भी अच्छा साथ मिला। हरियाणा स्टीलर्स के लिए उनके रेडर्स ने फिर भी जज्बा दिखाया, लेकिन उनका डिफेंस पूरा से फेल रहा। पहले हाफ के बाद तेलुगु टाइटंस ने 21-13 से बढ़त बनाई। शुरुआत में यह मुकाबला दोनों टीमों के रेडर्स के बीच की जंगके रूप में चल रहा था, लेकिन जल्द ही तेलुगु के डिफेंस ने उनको बढ़त दिलाई, जिससे हरियाणा के ऊपर दबाव बनाया। जहां मैच एक समय 9-9 से बराबरी पर था, लेकिन तेलुगु ने बढ़त बनाई और 17वें मिनट में हरियाणा को ऑलआउट किया। तेलुगु के दिग्गज रेडर सिद्धार्थ देसाई पूरी तरह से फॉर्म में दिखाई दिए।



### तमिल और पुनेरी के बीच रोमांचक मैच टाई

प्रो कबड्डी 2019 का 48वां मुकाबला तमिल थलाइवाज और पुनेरी पलटन के बीच मुकाबला 31-31 से टाई हुआ। यह मैच आखिरी रेड में टाई हुआ, लेकिन निश्चित ही तमिल इस नतीजे से खुश होंगे। तमिल की टीम 23 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं। दूसरी तरफ पुनेरी पलटन 14 अंकों के साथ आखिरी स्थान पर ही हैं। तमिल के लिए राहुल चौधरी और अजीत ने 8 अंक हासिल किए, तो पुणे के लिए उनके कप्तान सुरजीत सिंह ने हाई 5 लगाया। पहले हाफ के बाद पुनेरी पलटन 15-13 से आगे थी। तमिल ने अच्छी शुरुआत की जिसके बाद उनके पास उन्हें ऑलआउट करने का मौका था, लेकिन पुनेरी पलटन ने जबरदस्त वापसी की और मैच के 10वें मिनट में तमिल थलाइवाज को ऑलआउट किया।

## सिंधू का दो रजत और दो कांस्य के साथ प्रदर्शन में निरंतरता

# विश्व चैंपियनशिप में सिंधू की स्वर्ण पर नजर

एजेंसी ▶▶| बासेल

भारत के लिए दो रजत हासिल कर चुकी पी वी सिंधू सोमवार को यहां शुरू होने वाली बीडब्लूएफ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के लिए एक और शानदार प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगी।

■ अपनी फिटनेस और डिफेंस पर काम कर रही हैं सिंधू

सिंधू पिछले कुछ वर्षों में विश्व चैंपियनशिप में लगातार दो रजत और इतने ही कांस्य पदक जीतकर निरंतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी रही हैं, लेकिन अब तक स्वर्ण पदक अपने नाम नहीं कर पाई हैं। भारत की 24 साल की शीर्ष खिलाड़ी हमेशा विश्व चैंपियनशिप में अपनी सर्वश्रेष्ठ फार्म हासिल करने में कामयाब रही हैं लेकिन दो बार फाइनल में चूक गईं। वह 2017 चरण में 110 मिनट तक चले मैच में जापान की नोजोमी ओकुहारा से पराजित हो गई और 2018 फाइनल में स्पेन की ओलंपिक चैंपियन कैरोलिना मारिन ने उन्हें हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन में उप विजेता रहीं और अपने प्रतिद्वंद्वियों को पस्त करने के लिए अपनी फिटनेस और डिफेंस पर काम कर रही हैं।



### साइना और श्रीकांत भी देंगे चुनौती

विश्व चैंपियनशिप में रजत और कांस्य पदक जीतने वाली आठवीं वरीयता प्राप्त साइना की भिड़ंत स्विट्जरलैंड की सबरीना जाकेट और नीदरलैंड की सोराय डे विच एजबर्गन के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगी। पुरुष एकल में पूर्व विश्व नंबर एक किदाम्बी श्रीकांत घुटने की समस्या से उबरने के बाद अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। कंधे की चोट से परेशान समीर वर्मा भी ड्रा में उसी हाफ में हैं जिसमें श्रीकांत हैं और वह अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर के लोह कीन ययू के खिलाफ करेंगे। स्विस ओपन के फाइनल तक पहुंचने वाले बी साई प्रणीत का सामना पहले दौर में कनाडा के जेसन एंथनी हो-श्यू से होगा जबकि एच एस प्रणय शुरूआती दौर में फिनलैंड के ईटू हीनो से भिड़ेंगे।

# अर्जुन पुरस्कार: सोनिया के परिवार में जश्न का माहौल

एजेंसी ▶▶| जींद

महिला मुक्केबाज सोनिया लाठर को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किए जाने पर उनके गांव जुलाना में जश्न का माहौल है। सोनिया ने 12वीं तक की पढ़ाई जुलाना के राजकीय स्कूल से की है। अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित होने के बाद से 24 लोगों के उनके परिवार और गांव में जश्न का माहौल है।

रेलवे में कार्यरत सोनिया इन दिनों दिल्ली में अपने कोच अनूप की देख-रेख में मुकेबाजी का अभ्यास कर रही है और उनका लक्ष्य ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतना है। सोनिया ने 2012 में 54 किग्रा भार वर्ग में एशियाई महिला मुक्केबाजी में रजत पदक जीता था जिसके बाद उन्होंने मुड़ कर नहीं देखा और लगातार सफलता हासिल करती रही। सोनिया के पिता प्रेम सिंह खेतीबाड़ी करते हैं, मां निर्मला गृहणी हैं। प्रेम सिंह और निर्मला ने बताया कि सोनिया को बचपन से ही खेलकूद का शौक था, उन्होंने अपनी बेटी को खेलने से कभी मना नहीं किया।



## खबर संक्षेप

### झुग्गी में आग लगने से दस हजार लोग बेघर

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी में स्थित एक भीड़-भाड़ वाली झुग्गी में आग लगने की घटना में हजारों झोपड़ियां जल कर खाक हो गईं जिससे कम से कम दस हजार लोग बेघर हो गए। दमकल विभाग के अधिकारी इरशाद हुसैन ने बताया कि ढाका के मीरपुर इलाके में शुक्रवार की देर रात यह आग लगी। हुसैन ने बताया कि आग की घटना के बाद दस हजार लोग बेघर हो गए हैं और उन्होंने पास के स्कूलों में शरण ली है जो छुट्टियों के कारण एक हफ्ते के लिए बंद हैं। उन्होंने बताया कि उन लोगों को खाना, पानी, मोबाइल शौचालय मुहैया कराया जा रहा है और बिजली आपूर्ति भी करायी जा रही है।

### पीओके में जमीन धंसने से सात की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भारी बारिश के कारण जमीन धंसने से एक ही परिवार के सात लोगों की जान चली गई। मरने वालों में पांच बच्चे हैं। पुलिस अधिकारी राजा जुल्करनैन ने रविवार को बताया कि अजीरा गांव स्थित उनका (परिवार का) मकान शनिवार को ढह गया था। दो अन्य मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। यह गांव रावल कोट जिले में नियंत्रण रेखा के पास स्थित है। जुल्करनैन ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से बचाव दल ने शव बरामद किए। मानसून के दौरान भूस्खलन और अचानक बाढ़ के दौरान पाकिस्तान में ऐसे हादसे आम हैं।

### हांगकांग में लाखों लोग प्रदर्शन रैली में हुए शामिल

**हांगकांग।** हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं के आह्वान पर रविवार को लाखों लोगों ने एक पार्क से मार्च निकाला और प्रमुख सड़क को जाम कर दिया। इस पार्क में बड़े पैमाने पर लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारी हर सप्ताहांत में अपनी नियमित गतिविधियों को अंजाम देते हैं। आयोजकों ने बताया कि उन्हें मार्च के शांतिपूर्ण होने की उम्मीद है। आयोजक बोनी लेउंग ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि आज कोई अराजक स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। हम उम्मीद करते हैं कि हम दुनिया को दिखा देंगे कि हांगकांग के लोग पूरी तरह शांतिपूर्ण भी हो सकते हैं। मार्च में शामिल हुई 28 वर्षीय अकाउंटेंट किकी मा ने कहा कि शांति आज की प्राथमिकता है।

रॉयल विश्वविद्यालय में छात्रों से बोले प्रधानमंत्री मोदी

# भूटान के छात्रों में असाधारण चीजें करने की शक्ति एवं क्षमता

एजेंसी ⏭ थिम्पू

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भूटान के छात्रों में असाधारण चीजें करने की शक्ति एवं क्षमता है, जो कि भावी पीढ़ी को प्रभावित करेगा। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अंतरिक्ष और डिजिटल भुगतान जैसे नए क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग का प्रस्ताव भी रखा। भूटान के 'रॉयल विश्वविद्यालय' में छात्रों को संबोधित करते हुए मोदी ने उनसे लगन से काम करने और हिमालयी देश को ऊंचाइयों पर ले जाने को कहा। मोदी ने कहा, विश्व आज पहले से कई अधिक अवसर मुहैया कराता है। आप में असाधारण चीजें करने की शक्ति एवं क्षमता है, जो भावी पीढ़ी को प्रभावित करेगी। अपनी रुचि को पहचानें और पूरे जुनून के साथ उसपर काम करें। इस दौरान कई मंत्री, सांसद और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

**खास बातें**

- नए क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग का रखा प्रस्ताव
- अपनी रुचि को पहचानें और पूरे जुनून के साथ उसपर काम करें



### भूटान ने समझा प्रसन्नता का सार

पीएम मोदी ने कहा भूटान ने प्रसन्नता के सार को समझ लिया है और इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि यह हिमालयी देश 'ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस' की अपनी अवधारणा के चलते दुनिया में इसका पर्याय बन गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया को भूटान से बहुत कुछ सीखना है जहां विकास, पर्यावरण और संस्कृति एक दूसरे के विपरीत नहीं बल्कि तालमेल में हैं।

### भूटान के पीएम बोले- डोकलाम विवाद पर सिर्फ बातचीत से ही निकल सकता है हल

भूटान के पीएम लोटे शेरिंग ने कहा कि इस बार हमारे बीच डोकलाम विवाद को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई क्योंकि हमें उस मुद्दे को लेकर अब कोई दिक्कत नहीं है। वहां सबकुछ सामान्य है। उन्होंने कहा कि हमारा हमेशा से मानना है कि डोकलाम विवाद पर तीनों देश (भारत, भूटान, चीन) सकारात्मक बातचीत से किसी नतीजे पर पहुंच सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से उत्साहित लोटे शेरिंग ने कहा कि हम इस बात को बताते हुए बेहद खुश हैं कि पीएम मोदी ने दो दिनों का भूटान दौरा किया। उनका यह दौरा काफी सफल और उत्साहजनक रहा।

### भारत बड़े पैमाने पर सहयोग करने का इच्छुक

प्रधानमंत्री ने भारत के कई क्षेत्रों में ऐतिहासिक परिवर्तनों का सामना करने का जिक्र करते हुए कहा कि भारत स्कूलों, अंतरिक्ष से लेकर डिजिटल भुगतान, आपदा प्रबंधन तक नए मोर्चे पर बड़े पैमाने पर सहयोग करने को इच्छुक है। उन्होंने कहा, हमने दक्षिण एशिया उपग्रह के थिम्पू ग्राउंड स्टेशन का उद्घाटन किया और अपने अंतरिक्ष सहयोग का विस्तार किया। उपग्रहों के माध्यम से, टेली मेडिसिन, दूरस्थ शिक्षा, संसाधन मानचित्रण, मौसम पूर्वानुमान और यहां तक कि प्राकृतिक आपदाओं की चेतावनी के लाभ भी कई दूरदराज क्षेत्रों तक पहुंचेंगे। भारत के चंद्रयान-2 मिशन और अंतरिक्ष कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि भूटान भी अपना उपग्रह हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा है।

### स्वदेश लौटे मोदी

भूटान का दो दिवसीय आधिकारिक दौरा समाप्त करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को स्वदेश लौट आए। इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की।

# काबुल में शादी समारोह में धमाका, 63 की मौत



- हमले में 182 लोग हुए घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक शादी समारोह में बम हमले में 60 से अधिक लोग मारे गए ओर सैकड़ों लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह हाल के महीनों में काबुल में सबसे घातक हमले में से एक है। यह धमाका शहर के पश्चिमी इलाके में शनिवार देर रात हुआ। यह धमाका ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और तालिबान अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना की मौजूदगी कम करने पर एक समझौता करने के अंतिम चरण में हैं। तालिबान ने हमले में संलिप्तता से इनकार किया है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नसरत रहीमी ने बताया कि कम से कम 63 लोगों की मौत हो गई और 182 लोग घायल हैं। रहीमी ने बताया कि घायलों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। दशकों से युद्ध से जूझ रहे शहर में बड़े और भव्य वेडिंग हॉल सामुदायिक जीवन के आकर्षण का केंद्र है। शादियों में सैकड़ों या अक्सर हजारों मेहमान घंटों तक जश्न मनाते हैं। यहां आम तौर पर शादियों में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग जगह होती है। शनिवार के हमले के बाद तस्वीरों में हॉल में लाशें, कपड़ों के चिथड़ें, टोपियां, सैंडल और मिनरल वाटर की बोतलें पड़ी हुई दिखाई दी। ऐसा माना जा रहा है कि यह एक शिया शादी थी। सुन्नी बहुसंख्यक अफगानिस्तान में शिया मुसलमानों को आए दिन निशाना बनाया जाता है खासतौर से इस्लामिक स्टेट समूह द्वारा। इस्लामिक स्टेट काबुल में सक्रिय है।

### आईएस ने ली धमाकों की जिम्मेदारी

बेरूत। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक विवाह समारोह में हुए आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी रविवार को इस्लामिक स्टेट समूह ने ली है। अफगानिस्तान के अधिकारियों के अनुसार इस विस्फोट में 63 लोग मारे गए हैं। इस्लामिक स्टेट ने सोशल मीडिया के माध्यम से दावा किया है कि उसके लड़ाके ने काबुल में इस 'बड़े समारोह' में खुद को उड़ा लिया जबकि अन्य ने सुरक्षा बलों के पहुंचने पर 'विस्फोटकों से भरे वाहन' में धमाका किया।

सुप्रीम कोर्ट में आज होगी मामले की सुनवाई

# उन्नाव सड़क हादसे की सीबीआई ने सौंपी स्टेटस रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** उन्नाव रेप पीड़िता के रोड एक्सीडेंट मामले की जांच कर रही सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट सौंप दी है। इसके साथ ही केंद्रीय जांच एजेंसी ने कोर्ट से जांच के लिए अतिरिक्त समय की मांग की है। दरअसल, बीते 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से 14 दिन के भीतर जांच पूरी करने का आदेश दिया था। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीबीआई को दी गई समयसीमा खत्म हो चुकी है। अब इस मामले की सुनवाई सोमवार को होगी। इस हादसे की जांच के लिए सीबीआई ने 20 सदस्यीय विशेष टीम गठित की थी। इस टीम में एसपी, एएसपी, सीओ, इंस्पेक्टर और उपनिरीक्षक शामिल हैं। इस मामले में मुख्य आरोपी भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर है। बीते 28 जुलाई को उन्नाव रेप पीड़िता अपनी चाची, मौसी और अपने वकील के साथ कार में यात्रा कर रही थी। उसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उस कार में जोरदार टक्कर मार दी। रायबरेली में हुए इस हादसे में पीड़िता की चाची और मौसी की मौके पर मौत हो गई थी,जबकि वह खुद और उसके वकील महेंद्र सिंह चौहान गंभीर रूप से घायल हैं। पीड़िता की मौसी मामले की गवाह थी।



### क्यों हुआ संदेह

अहम बात यह है कि ट्रक का नंबर ग्रीस से मिटाया गया था, इसलिए यह हादसा संदेहास्पद बना हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि गवाह और वकील सहित पीड़िता को खत्म करने की साजिश के तहत कार में टक्कर मारी गई होगी। बहरहाल, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ट्रॉमा सेंटर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम की निगरानी में पीड़िता का इलाज चल रहा है। उन्नाव रेप मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर मुख्य आरोपी है।

# श्रीनगर लौटा हज यात्रियों का पहला जत्था, अधिकारियों ने किया स्वागत

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर से हज यात्रा के लिए गए यात्रियों का पहता जत्था रविवार को श्रीनगर लौट आया। यात्रियों का जत्था दो विमानों में सवार होकर वापस लौट आया। पुलिस और प्रशासन के सीनियर अधिकारियों ने यात्रियों का स्वागत किया। 304 हज यात्रियों का पहला बैच अपनी यात्रा पूरी करके रविवार को श्रीनगर एयरपोर्ट पर पहुंचा। राज्यपाल सत्यपाल मलिक के सलाहकार फारूक खान और डिविजनल कमिश्नर बशीर खान के अलावा पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर क्षेत्र) स्वयं प्रकाश पाणि ने यात्रियों का स्वागत किया। यात्रियों को लेने आए रिश्तेदारों के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए थे और उन्हें सुरक्षाबलों की तरफ से पाबंदियों वाले क्षेत्र से गुजरने का निर्देश भी मिला था। सलाहकार खान ने जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा वापस लेने के बाद राज्य में लगाए गए कुछ प्रतिबंधों के कारण हवाई अड्डे से उनके अपने गंतव्य तक जायरीनों की वापसी के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा भी की। हज यात्रा पूरी करने के लिए खान ने यात्रियों को बधाई दी।



अपने ही बुने जाल में फंसा पाकिस्तान

# फर्जी एफआईआर से खुली आतंकियों पर एक्शन के झूठ की पोल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर से दबाव झेलने के बाद पाकिस्तान अपने यहां पल रहे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर दिखावा कर रहा है। आतंकियों पर नकली एफआईआर दर्ज करने की उसकी पोल खुल गई है। पाकिस्तान या तो आतंकी और या फिर आतंकी संगठनों के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कर रहा है या फिर तहरीर इतनी कमजोर है कि मामले अदालतों में सुनवाई के दौरान टिक नहीं सकते।

आतंकियों पर झूठी कार्रवाई की पोल पाकिस्तान के एक थाने में दर्ज हुई एफआईआर ने खोल दी है। दरअसल, आतंकियों को आर्थिक सहायता पर रोक लगाने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्थान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की अक्टूबर में बैठक होनी है जिसमें फैसला लिया जाना है कि आतंकियों के शरणदाता पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट में रखा जाए या नहीं।



ब्लैक लिस्ट होने पर संबंधित देश को कड़े आर्थिक प्रतिबंध झेलने पड़ते हैं। इस बैठक से पहले ही पाकिस्तान अपने बचाव में जुट गया है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के गुजरवालां में एक जुलाई को लश्कर ए तैयबा और जमात उद दावा से जुड़े आतंकियों पर एफआईआर दर्ज हुई। इसमें आतंकी के दावात-वल इरशद नामक संगठन से जुड़े होने की बात कही गई। मामला एक जमीन के सौदे का था। कानूनी जानकार बताते हैं कि यह केस अदालत में टिक नहीं पाएगा क्योंकि एफआईआर में जिस दावात वल इरशद को प्रतिबंधित संगठन बताया गया है, उसका नाम बदलकर अब जमात उद दावा हो चुका है।

- पाक आतंकी व आतंकी संगठनों के खिलाफ झूठी एफआईआर कर रहा दर्ज

## रोबोट रेस्तरां...



बेंगलुरु। रोबोट रेस्टोरेंट्स ने यहां अपना पहला रेस्तरां शुरू करने की घोषणा की है। इस रेस्तरां में रोबोट ही खाना सर्व करेंगे। कंपनी ने चेन्नई और कोयम्बटूर के बाद यहां रेस्तरां की शुरुआत की है।

जिले के मेंढर सब डिवीजन में तोड़ा संघर्षविराम

# पाक ने दागे गोले, 10 साल की बच्ची घायल

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने रविवार को पुंछ जिले के मेंढर सब डिवीजन में संघर्षविराम का उल्लंघन किया। इस दौरान ग्रामीणों को निशाना बनाते हुए सीमा पर बसे गांवों पर गोले दागे। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था। इसी दौरान मनकोट तहसील के एक गांव निवासी 10 साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारतीय सेना इसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए जवाबी कार्रवाई कर रही है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में पाकिस्तान ने शनिवार सुबह सीजफायर का उल्लंघन किया था। इस दौरान पाकिस्तानी सेना की तरफ से भारी गोलाबारी और मोर्टार शेलिंग की गई। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। वहीं, भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया था। शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे पाकिस्तान की ओर से नौशेरा सेक्टर मैं मौजूद सेना की चौकियों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान आतंकियों को घुसपैठ कराने के लिए सीमा पर लगातार फायरिंग कर रहा है साथ ही आतंकियों को कवर फायर भी दे रहा है।




भारतीय कंपनियों को 5 पीएसएलवी तैयार करने के लिए किया आमंत्रित

# इसरो ने अपने 50वें साल में किया बड़ा नीतिगत परिवर्तन

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन (इसरो) ने 'मेक इन इंडिया' मिशन से जुड़ते हुए भारतीय कंपनियों को 5 पीएसएलवी तैयार करने के लिए आमंत्रित किया है। पीएसएलवी, यानी उपग्रह प्रमोशन वाहन (लॉन्च व्हीकल) रॉकेट्स के जरिए सैटलाइट्स की अंतरिक्ष में लॉन्चिंग की जाती है। पीएम नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' मिशन से इसरो के जुड़ने की पुष्टि खुद चेयरमैन के सिवन ने भी की है। के. सिवन ने बातचीत में कहा, 'हमने एक्सप्रेस ऑफ इंटरेस्ट की मांग की है और कोई भी विदेशी कंपनी इसके लिए आवेदन नहीं कर सकती। इस कदम से सरकार के मेक इन इंडिया के प्रयास को मजबूती मिलेगी।'



दशकों से अंतरिक्ष विज्ञान की दिशा में काम कर रहे इसरो ने अपने 50वें साल में यह बड़ा नीतिगत परिवर्तन किया है। विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर से एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि एक पीएसएलवी को पूरी तरह से तैयार करने में 200 करोड़ रुपये तक की लागत आती है। इसका साफ अर्थ है कि 5 पीएसएलवी तैयार करने के लिए इसरो कंपनियों को कम से कम 1,000 करोड़ रुपये की डील देने जा रहा है।

- पीएसएलवी को तैयार करने में आती है 200 करोड़ रुपये की लागत

### हॉल और एलएंडटी पर है भरोसा

यह पूछे जाने पर कि क्या भारतीय इंडस्ट्री इन प्रॉजेक्ट्स पर काम करने के लिए तैयार है। के. सिवन ने कहा, 'मुझे लगता है कि वे तैयार हैं। हिंदुस्तान एरोनॉटिकल्स लिमिटेड और लार्सन ऐंड टुबो जैसी कई बड़ी कंपनियां हैं, जो पहले से ही हमारे साथ पीएसएलवी पर काम कर रही हैं। हमें उम्मीद है कि वे अब कंसोर्टियम के तौर पर काम करते हुए प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे और बेहतर परिणाम देंगे।'

### कमर्शल यूनिट को जिम्मेदारी

स्पेस एजेंसी की नई कमर्शल यूनिट न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड को इंडस्ट्री को टेक्नॉलजी ट्रांसफर की जिम्मेदारी दी गई है। छह महीने से काम कर रही इस यूनिट को कई अन्य जिम्मेदारियों के साथ ही भारतीय इंडस्ट्री के सहयोग से पीएसएलवी तैयार कराने की भी जिम्मेदारी दी गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109